राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार 17 .मार्च 2026
वर्ष 07,अंक 164, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट में गंभीर चार घायल जिला अस्पताल रेफर दो की हालत नाजुक...03

बलिया में किराना दुकान में भीषण आग, दम घुटने से मां-बेटे की मौत...12

# अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर महमूदाबाद पर हरियाणा सरकार ने दिखाई उदारता, विवादित पोस्ट पर नहीं चलाया मुकदमा

**● अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर की गई विवादित पोस्ट के मामले में बड़ी राहत मिली है. हरियाणा सरकार ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है, जिससे यह मामला बंद हो गया है**



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित पोस्ट करने के मामले में अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को राहत मिली है. अली खान महमूदाबाद के खिलाफ मामला बंद कर दिया जाएगा. हरियाणा सरकार ने महमूदबाद पर मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं देने का फैसला किया. ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ देश की जवाबी कार्रवाई थी. हरियाणा सरकार की ओर से ए एस जी एसवी राजू ने आज सुप्रीम कोर्ट में कहा कि एक बार की उदारता दिखाते हुए अनुमति देने से इनकार किया जाता है

यह मामला यहीं समाप्त होता है, साथ ही उन्हें चेतावनी दी जा सकती है कि वे इसे दोबारा न दोहराएं. मना करने का आदेश 3 मार्च 2026 का है. वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि हम आभारी हैं. सी जे आई सूर्यकांत ने कहा कि कभी-कभी बातों के बीच में छिपे अर्थ को लिखने से और ज्यादा समस्याएं पैदा हो जाती हैं. कभी-कभी स्थिति इतनी संवेदनशील होती है कि हम सभी को सतर्क रहना पड़ता है. सी जे आई ने कहा कि याचिकाकर्ता एक उच्च विद्वान व्यक्ति होने के नाते भविष्य में विवेकपूर्ण तरीके से कार्य करेंगे. इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने अली खान को दी थी अंतरिम जमानत।

**पासपोर्ट वापस करने की अपील**

बेंच ने कहा कि उसे इस बात पर शक करने की कोई वजह नहीं है कि महमूदबाद, जो एक बहुत ही विद्वान प्रोफेसर और अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं, समझदारी से काम करेंगे. कोर्ट ने कहा कि हम सभी जिम्मेदार नागरिक हैं, लेकिन कभी-कभी हालात इतने संवेदनशील हो जाते हैं।

हम खुली अदालत में कोई चर्चा नहीं चाहते, क्योंकि बातों के छिपे हुए मतलब निकाले जा सकते हैं. महमूदबाद की तरफ से पेश हुए सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि याचिकाकर्ता के लिए यह काफी इशारा है. उन्होंने कोर्ट से गुजारिश की कि महमूदबाद का पासपोर्ट, जो ट्रायल कोर्ट में जमा है उन्हें वापस कर दिया जाए।

SIT ने जनवरी में अदालत को बताया कि उसने 22 अगस्त, 2025 को राज्य सरकार से अभियोजन की मंजूरी के लिए आवेदन किया था. भारतीय न्याय संहिता के तहत, दुश्मनी को बढ़ावा देने (धारा 196), राष्ट्रीय अखंडता के लिए हानिकारक बातें कहने (धारा 197)और सार्वजनिक उपद्रव से जुड़े बयान देने (धारा 353) जैसे अपराधों के मुकदमों के लिए केंद्र या राज्य सरकार में से किसी एक की पहले से मंजूरी जरूरी होती है।

# शराब नीति मामले में केजरीवाल पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, सीबीआई की अपील दूसरी बेंच में भेजने की मांग





**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली की रद्द की गई आबकारी नीति मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने अदालत से मांग की है कि उनके खिलाफ सीबीआई की अपील को दिल्ली हाई कोर्ट की मौजूदा बेंच से हटाकर किसी दूसरी बेंच में स्थानांतरित किया जाए। इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी अलग याचिका दायर की है। दोनों नेताओं ने हाई कोर्ट की ओर से जारी समन को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

यह मामला उस समय फिर चर्चा में आया जब 27 फरवरी को ट्रायल कोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और 21 अन्य आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया था। अदालत ने सीबीआई की चार्जशीट पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि यह न्यायिक जांच में टिक नहीं सकी। इसके बाद सीबीआई ने इस फैसले को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में अपील दायर कर दी। यह मामला फिलहाल जस्टिस स्वरना कांत शर्मा की बेंच के सामने सूचीबद्ध है।

अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि सीबीआई की अपील की सुनवाई किसी दूसरी बेंच के सामने कराई जाए। उनका कहना है कि उन्हें यह आशंका है कि मौजूदा बेंच में मामले की सुनवाई पूरी तरह निष्पक्ष तरीके से नहीं हो पाएगी। केजरीवाल ने कहा कि यह मांग किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए की गई है।

याचिका में कहा गया है कि जब सीबीआई की याचिका पर सुनवाई शुरू हुई, तब जस्टिस स्वरना कांत शर्मा ने शुरुआती चरण में ही ट्रायल कोर्ट के फैसले को पहली नजर में गलत बताया था। केजरीवाल का कहना है कि यह टिप्पणी उस समय की गई जब दूसरी पक्ष की दलीलें अभी सुनी नहीं गई थीं। इससे उन्हें निष्पक्ष सुनवाई को लेकर गंभीर आशंका हुई।

याचिका में यह भी कहा गया है कि जस्टिस शर्मा पहले भी इस मामले से जुड़े कई मामलों की सुनवाई कर चुकी हैं। इनमें अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका, आम आदमी पार्टी के नेताओं की जमानत याचिकाएं और अन्य आरोपियों से जुड़े मामले शामिल हैं। इनमें तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के कविता से जुड़ा मामला भी रहा है। नौ मार्च को जस्टिस शर्मा की बेंच ने ट्रायल कोर्ट की उस सिफारिश पर रोक लगा दी थी, जिसमें जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की बात कही गई थी। साथ ही बेंच ने सीबीआई की अपील पर सभी 23 आरोपियों को नोटिस जारी किया था। अदालत ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट के कुछ निष्कर्ष पहली नजर में गलत प्रतीत होते हैं और उनकी आगे जांच जरूरी है।

राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला

27 फरवरी को फैसला सुनाते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट ने पाया था कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप सह-आरोपी या गवाहों के बयानों पर आधारित थे, लेकिन उन्हें किसी भी आपराधिक साजिश से जोड़ने वाला कोई स्वतंत्र सबूत नहीं था. इसके अलावा, ट्रायल कोर्ट ने यह भी देखा कि CBI ने लंबे समय तक सरकारी गवाह के बयानों को बार-बार दोबारा रिकॉर्ड किया, जाहिर तौर पर कमियों को भरने, सरकारी वकील की कहानी को बेहतर बनाने, और आरोपियों को फंसाने, या हालात की चेन में गायब कड़ियों को बनावटी ढंग से जोड़ने के लिए।

## फ्लावर वैली पीपुल्स स्कूल का आठवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न



नैनी प्रयागराज। रविवार को फ्लावर वैली पीपुल्स स्कूल में आठवें वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रबोध गौड़, प्रोफेसर प्रतिमा गौड़ तथा रंजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में जूनियर और सीनियर ग्रुप के विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समारोह को यादगार बना दिया। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, कविता पाठ तथा नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों ने सभी प्रस्तुतियों की खूब सराहना की।कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के सभी शिक्षकों के परिश्रम की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक श्री अमरदीप यादव के नेतृत्व में किया गया, जबकि प्रस्तुतीकरण एवं कार्यक्रमों का परिचय श्रीमती सोनिया शर्मा ने अत्यंत कुशलतापूर्वक प्रस्तुत किया।कार्यक्रमों की तैयारी में विद्यालय की शिक्षिकाओं और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा, जिनमें श्रीमती शिल्पा कुशवाहा, इशिका गौर, वैष्णवी वैश्य, प्रीति तिवारी, तनीषा अग्रहरी, आरती यादव, नितेश यादव, अनुराग मिश्रा एवं शिवानी जायसवाल शामिल रहे। समारोह के अंत में प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा चौबे ने सभी अतिथियों एवं दर्शकों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## संक्षिप्त ख़बरें

### श्रमिक की 16 वर्षीय पुत्री का पेड़ से लटकता हुआ मिला शव क्षेत्र में मचा हड़कंप


**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में निर्माणाधीन एक पेट्रोल पंप के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां काम करने वाले एक श्रमिक की 16 वर्षीय पुत्री का शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखीमपुर खीरी जिले के थाना गोला गोकर्णनाथ के अंतर्गत मोड़ा सवारन गांव के रहने वाले रामविलास महराजगंज के पाली गांव में बन रहे 'हिंदुस्तान पेट्रोलियम' के पंप पर मजदूरी का काम करते हैं। रामविलास अपनी 16 वर्षीय पुत्री आरती के साथ यहीं रहकर काम कर रहे थे। सोमवार सुबह आरती 16 वर्ष का शव पेट्रोल पंप के बगल में स्थित एक शीशम के पेड़ से फंदे पर लटका हुआ मिला। जैसे ही श्रमिकों और ग्रामीणों ने शव को देखा, मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर महराजगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना की सही वजह सामने आ सके। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्म हत्या प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### 6 राज्यों की आठ सीटों पर उपचुनाव का भी ऐलान, जानें कब पड़ेंगे वोट और कब होगी मतगणना

**ब्यूरो प्रयागराज।** गोवा, कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव नौ अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात और महाराष्ट्र की तीन अन्य विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि उपचुनाव के लिए सभी आठ निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना चार मई को होगी। सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव मौजूदा विधायकों के निधन के कारण आवश्यक हो गए थे। जिन आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं, उनमें गोवा में पोंडा, कर्नाटक में बागलकोट और दक्षिण दावणगेरे, नगालैंड में कोरिडांग, त्रिपुरा में धर्मनगर, गुजरात में उमरेठ और महाराष्ट्र में राहुरी और बारामती शामिल हैं।

# नोएडा स्पोर्ट्स सिटी परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- देरी स्वीकार नहीं; दिया आखिरी मौका

**● अमेरिका के टैरिफ वार से उबरे भी नहीं थे यूपी के कारोबारी, अब मिडिल ईस्ट वार ने एक्सपोर्ट्स का निकाला दम**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

मिडिल ईस्ट में बढ़ता ईरान संकट अब सिर्फ क्षेत्रीय युद्ध नहीं रह गया है, बल्कि उसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ने लगा है. जिससे आयात-निर्यात व्यवस्था भी बुरी तरह गड़बड़ाती नजर आ रही है, जिससे लगभग हर देश को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। पिछले कुछ समय से भारतीय निर्यातकों के लिए जो दूसरे देशों संग कारोबार की स्थितियां हैं, वह बहुत चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं. जुलाई 2025 से भारतीय निर्यातकों के सामने जहां अमेरिकी टैरिफ की 50 प्रतिशत दरों ने कारोबार को ठप करने जैसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया, तो वहीं 6 फरवरी 2026 को जब अमेरिका ने दरों को 18 प्रतिशत किया तो निर्यातकों ने राहत की सांस जरूर ली थी।

अपने उत्पादन को जैसे ही निर्यातकों ने गति दी, तो 28 फरवरी से अचानक ही मिडिल ईस्ट वार ने एक बार फिर उनका संकट बढ़ा दिया. मौजूदा स्थिति ये है कि जिस अमेरिका ने भारतीय निर्यातकों के लिए दरें कम की थीं. कहीं न कहीं उसी अमेरिका की वजह से मिडिल ईस्ट देशों के साथ ही गल्फ कार्पोरेशन काउंसिल के सदस्य देशों संग भारतीय कारोबार ठंडा पड़ चुका है। निर्यातकों के हजारों करोड़ रुपये के ऑर्डर होल्ड पर हैं. उनके सामने असमंजस की स्थितियां हैं. जिससे वह उबर नहीं पा रहें. दूसरे देशों के बायर्स भी निर्यातकों से बात नहीं कर रहे हैं, जिससे भारत समेत सूबे के निर्यातकों के सामने आर्थिक संकट बढ़ता जा रहा है।

वहीं, इस पूरे मामले को लेकर फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन (फियो) के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने कहा, साल 2026 में भारत और उत्तर प्रदेश के निर्यातकों को अच्छे कारोबार की आस थी. क्योंकि जुलाई 2025 से लेकर दिसंबर 2025 तक निर्यातकों को कारोबार में तगड़ा झटका लगा। जबकि साल 2024-25 में जब उत्तर प्रदेश का कुल निर्यात 1 लाख 86 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचा, तो उसमें 19 प्रतिशत कारोबार केवल अमेरिका से हुआ। वहीं, साल 2026 की शुरुआत में जब निर्यातक कारोबार के लिए तैयार हुए, तो मिडिल ईस्ट वॉर संबंधी गतिविधियों से उनका कारोबार ठहर गया. जिसकी उन्हें कोई उम्मीद नहीं थी. फियो के सहायक निदेशक ने कहा कि अब इस सत् में निर्यात कारोबार संबंधी आंकड़ों का ग्राफ गिर सकता है।

### गैर इरादतन हत्या के प्रयास व अंग भंग करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लालगंज, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र से पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास व अंग भंग करने वाले तीन वांछित अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय से जेल भेज दिया। इस संबंध में 3-2-2026 को किशोरी लाल पुत्र स्वर्गीय मेवालाल निवासी बोकरियां, गुलालपुर थाना लालगंज ने नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध तहरीर देकर पुत्र के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने तथा अंग भंग करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ किया। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने क्षेत्राधिकारी लालगंज अमर बहादुर के नेतृत्व में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक लालगंज अभय कुमार सिंह को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में उप निरीक्षक सुजीत कुमार सेठ मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त शनी कोल पुत्र लालचंद्र, गोलू पुत्र राजेंद्र व करण पुत्र लालचंद्र निवासी टांडा फाल तुरकहां को गिरफ्तार कर अग्रिम विधि कार्रवाई करते हुए न्यायालय से जेल भेज दिया है।

# बलरामपुर में हेल्थ वेलनेस सेंटर जर्जर, सेवाएं स्कूल में:टीकाकरण



**● स्वास्थ्य परीक्षण प्रभावित; मरम्मत के लिए CMO को सूचना।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** के हरैया सतघरवा स्थित लमुइया गांव का हेल्थ वेलनेस सेंटर पूरी तरह जर्जर हो गया है। भवन की खराब स्थिति के कारण यहां संचालित होने वाली टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं अब प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरित कर दी गई हैं।सेंटर का भवन खंडहर में तब्दील हो चुका है। इसका प्लास्टर टूटकर गिर रहा है और दरवाजे-खिड़कियां भी खराब हो गई हैं। भवन के भीतर बिच्छू और सांप जैसे जहरीले जीव देखे जाने के कारण यह स्थान पूरी तरह असुरक्षित हो गया है।जर्जर भवन के कारण बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण तथा स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य प्राथमिक विद्यालय से संचालित हो रहा है। इसके अलावा, ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लगभग तीन किलोमीटर दूर सिंहपुर स्थित साधन सहकारी समिति के पास संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र तक भी जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी असुविधा हो रही है।

ग्राम प्रधान बिट्टा यादव ने बताया कि भवन की मरम्मत के लिए विभाग द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि पटवारी यादव ने यह भी जानकारी दी कि सेंटर की पूर्व सीएचओ पूजा का हाल ही में स्थानांतरण हो गया है। इस संबंध में, अधीक्षक डॉ. रजत शुक्ला ने बताया कि भवन की मरम्मत के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) को सूचित कर दिया गया है।

## कुएं की सफाई के दौरान कर्मचारी की मौत, बेटी की शादी से पहले परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** करैलाबाग स्थित नगर निगम वर्कशॉप कार्यालय परिसर में कुएं की सफाई के दौरान एक कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान औरंगज़ेब के रूप में हुई है। इस घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार औरंगज़ेब सरकारी विभाग में कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि नगर निगम वर्कशॉप परिसर में स्थित पुराने कुएं की सफाई का काम चल रहा था। ठेकेदार के कहने पर औरंगज़ेब कुएं के अंदर सफाई करने के लिए उतरे थे। इसी दौरान अचानक हादसा हो गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी, पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद ठेकेदार मौके से फरार हो गया, जिससे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

परिवार के लोगों ने बताया कि औरंगज़ेब की बेटी की शादी आगामी 7 अप्रैल को तय थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे समय में हुई इस घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि कुएं की सफाई जैसे जोखिम भरे कार्य में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए थे। यदि सुरक्षा उपकरण और सावधानियां होतीं तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और फरार ठेकेदार की तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कोर्ट के फैसले के बाद भी भू माफियाओं के द्वारा किया जा रहा है जमीन पर जबरन कब्जा पीड़ित ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन



**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बरबसा राजा गांव निवासी त्रिवेणी प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर बताया कि ग्राम बरबसा राजा मे हमारी आवादी की जमीन में रहन-सहन दीवाल बाउंड्री सब बना है। मेरे नाम से सब कागजात भी है और दिनांक 23/0 2/ 2026 को राजस्व परिषद प्रयागराज से हमारे पक्ष में फैसला भी हुआ पर विपक्षी रामायण व ननकू प्रसाद पुत्रगण गंगोत्री व श्रीवाश्रय पुत्र रामायण प्रसाद व मंगल प्रसाद व सोनू यह लोग सरहंग गुंडा किस्म के आदमी है हथियार लेकर दौड़ा लेते हैं पुलिस व हल्का लेखपाल भी मौके की जांच कर चुके हैं लेकिन दबंगों के द्वारा कब्जा नहीं छोड़ा जा रहा है जिससे पीड़ित ने परेशान होकर मुख्यमंत्री व ग्राम विकास व समग्र ग्राम विकास विभाग को पत्रक देकर कार्रवाई का किया है मांग।

# पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, मुख्य सचिव और गृह सचिव हटाये गये

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद भारत निर्वाचन आयोग ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया। आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को उनके पद से हटा दिया। नंदिनी चक्रवर्ती की जगह दुष्यंत नारियाला को नया मुख्य सचिव बनाया गया है, जबकि संगमित्रा घोष को राज्य का नया गृह सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही आयोग ने सीधे तौर पर 7 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया है।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पत्र के अनुसार 1993 बैच के आईएएस अधिकारी दुष्यंत नारियाला को पश्चिम बंगाल का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं 1997 बैच की आईएएस अधिकारी संगमित्रा घोष को राज्य के गृह और पहाड़ी मामलों के प्रधान सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं और नए अधिकारियों के कार्यभार संभालने की रिपोर्ट 16 मार्च, सोमवार को दोपहर तीन बजे तक भेजी जाए। साथ ही यह भी कहा गया है कि जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उन्हें चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक चुनाव से जुड़े किसी भी पद पर तैनात नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में आयोग ने पीयूष पांडे को हटाते हुए सिद्ध नाथ गुप्ता को पश्चिम बंगाल का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है। इसके अलावा, सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है।




मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में आश्वासन दिया था कि पश्चिम बंगाल में चुनाव हिंसा-मुक्त और शांतिपूर्ण होंगे। इसके अगले ही दिन पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, जिनमें पश्चिम बंगाल के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर भी शामिल हैं, की नियुक्ति और तबादला किया है।

## संक्षिप्त खबरें


### अपने पद का दुरपयोग कर व्यक्तिगत दुश्मनी निकाल रहे प्रधान राम सुभाव



**बी0डी0ओ0 साऊँघाट ग्राम प्रधान राम सुभाव को दे रहे प्रत्यक्ष संरक्षणबीडीओ की मिलीभगत से सहन को बर्बाद कर बिना जरूरत नाली निर्माण करना चाह रहे ग्राम प्रधान**

**बस्ती।** बस्ती जिले के सल्टौवा गोपालपुर ग्राम पंचायत तरेता , साऊँघाट के प्रधान राम सुभाव जो कि एक रिटायर्ड दरोगा हैं , खण्ड विकास अधिकारी साऊँघाट से मिलीभगत करके ग्राम निवासी रामवृक्ष के सहन को बर्बाद कर नाली निर्माण की आड़ में अपनी व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने में लगे हैं । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकास खण्ड साऊँघाट के अन्तर्गत स्थित ग्राम पंचायत तरेता में नाली निर्माण का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है जहाँ पर ग्राम प्रधान चुनाव में सपोर्ट न करने वालों को अपने पद का दुरपयोग करते हुए मुकदमें में फंसाने की मंशा से व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने में लगे हैं और ग्राम निवासी रामवृक्ष के सहन को बर्बाद कर बिना जरूरत नाली निर्माण कर क्षति पहुंचाने का कुचक्र रच रहे हैं । मामले की गंभीरता को भांपकर राम वृक्ष ने 112 नम्बर पर काल करके पुलिस को सूचना देकर निर्माण कार्य रुकवा दिया है मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है ।

### पीडब्ल्यूडी सुल्तानपुर में वित्तीय अनियमितता उजागर




**विभागीय स्टोर के अवैध संचालन से सरकारी धन का दुरुपयोग**

**सुल्तानपुर** - लोक निर्माण विभाग (PWD) के प्रांतीय खंड में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी आदेशों के उल्लंघन का मामला सामने आया है। यह खुलासा विभाग के एक जिम्मेदार कर्मचारी द्वारा अधीक्षण अभियंता को लिखे गए पत्र से हुआ है, जिसमें स्टोर संचालन में हो रही ‘अवैध’ गतिविधियों का जिक्र है। पत्र में बताया गया है कि PWD में निविदाएं ‘वर्टिकल’ आधार पर दी जाती हैं। इसका अर्थ है कि कार्य पूरा करने के लिए सभी सामग्री और सेवाओं की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं करनी होती है। हालांकि, सुल्तानपुर के प्रांतीय खंड में नियमों के विपरीत विभागीय स्टोर का संचालन किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्यों के खाते में स्टोर से सामग्री की खरीद और उसके परिवहन का खर्च सीधे डाला जा रहा है। मंडल स्तर पर न तो कोई MAS (मासिक लेखा सारांश) खाता है और न ही स्टॉक तथा T&P (उपकरण एवं संयंत्र) का कोई उचित हिसाब-किताब रखा जा रहा है। संबंधित जूनियर इंजीनियर (JE) और असिस्टेंट इंजीनियर (A E) ने इन लेनदेन को मुख्य लेखा बहियों से बाहर रखा है। वित्त विभाग के वर्ष 2022 के शासनादेश के अनुसार, सीधी बुकिंग के माध्यम से बिटुमेन या इमल्शन जैसी सामग्री खरीदना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद, यहां धड़ल्ले से विभागीय खरीद जारी है।

### ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में ‘ऑपरेशन चक्रव्यूह’ अभियान एवं अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त महेश कुमार पुत्र झिंगुरी निवासी ग्राम सरैया तालुके दादरा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# बस्ती में दवा के बहाने कराई जमीन की रजिस्ट्री! पीड़िता ने DM से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले केहरैंया तहसील क्षेत्र की उभाई निवासिनी ज्ञानमती पत्नी स्वर्गीय सियाराम ने जिलाधिकारी को पत्र देकर न्यायालय नायब तहसीलदार सदर हरैया द्वारा वाद सं0-07671/2018 सुखराम बनाम सियाराम का मुकदमा पैरवी के अभाव में खारिज हो जाने के मामले में न्याय की गुहार लगाया

डीएम को दिये पत्र में ज्ञानमती ने कहा है कि आराजी गाटा संख्या-657 रकबा 0.3290 हे0 स्थित मौजा उभाई, तप्पा रामगढ़, परगना अमोढ़ा, तहसील हरैया, जिला बस्ती में सहखातेदार संक्रमणीय भूमिधर है. गाँव के ही सुखराम पुत्र जिलाजीत द्वारा उनके पति सियाराम से उनको दवा कराने के बहाने रजिस्ट्री दफ्तर हरैया में लाकर 26.11.2018 को एक



बैनामा करा लिया गया. इसके विरूद्ध उसने ने न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) की अदालत में मूलवाद सं0-612/2025 ज्ञानमती बनाम सुखराम (दस्तावेज मंसूखी) का दाखिल किया है जो विचाराधीन है और तहसील हरैया में न्यायालय नायब तहसीलदार सदर हरैया में दाखिल खारिज वाद सं0-07671ध्2018 सुखराम बनाम सियाराम ने आपत्ति दाखिल किया था जिस पर न्यायालय नायब तहसीलदार हरैया सदर द्वारा पैरवी के आभाव में दिनांक 22.06.2023 को वाद खारिज कर दिया गया. और पत्रावली दाखिल दफ्तर हो गई पुनः वादी द्वारा कायमी प्रार्थना पत्र देकर बिना आपत्तिकर्ता को नोटिस समन दिये नायब तहसीलदार सदर हरैया को नाजायज लाभ देकर 27.02. 2026 को आदेश पारित कर दिया गया. उसके पास कुल 6 बच्चे है जिनमें 5 लड़किया है और 1 लड़का है उक्त आराजी गाटा संख्या-657 रकबा 0.3290 हे0 ही उसके बच्चो के जीविको पार्जन का साधन है यदि उक्त आराजी पर विपक्षी सुखराम पुत्र जिलाजीत द्वारा कब्जा कर लिया गया तो उसके बच्चे सड़क पर आ जायेगें और जीवन जीने की उम्मीद समाप्त हो जायेगी. उसने नायब तहसीलदार हरैया शौकत अली के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए उक्त आदेश निरस्त किया जाने की मांग डीएम से किया है.

## दुबहरा में कटे सागौन के बाग मामले में अभी तक नहीं हुई कोई कार्यवाही

**●मामूली जुर्माने की धनराशि जमा कराकर दुबहरा में कटे सागौन के पेड़ मामले को खत्म करने की चल रही तैयारी - सूत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती सदर वन रेंज बस्ती सदर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबहरा में नाम मात्र के परमिट पर बड़े पैमाने पर होली की छुट्टी में सागौन की बाग व शीशम के कुछ पेड़ों की कटान हुई थी जिसमें वन विभाग बस्ती सदर के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई थी और फुटहिया चौकी प्रभारी भी लकड़ी ठेकेदार से लेन-देन करके अंजान बने हुए थे । वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही से नाम मात्र के परमिट पर बड़ी संख्या में सागौन व शीशम के पेड़ों की कटान होना जांच का विषय बना हुआ है । वन विभाग बस्ती सदर के कर्मचारियों ने पहले नाम मात्र



के परमिट पर बड़ी संख्या में प्रतिबंधित पेड़ों की कटान करवाया था और अब मामूली जुमाने की धनराशि सरकारी खाते में जमा करा के मामले को रफा दफा करने का प्रयास जुटा है । सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत दुबहरा में कटे सागौन व शीशम की बाग की बिक्री 24 लाख रुपए में हुई थी जिसमें 05 ट्रक से अधिक कटी मोटी लकड़ी जिले के बाहर बिक्री के लिए गई थी और कुछ पतली लकड़ियों की बिक्री जिले में हुई थी । लकड़ी ठेकेदार रामपुर जिला का बताया जा रहा है जो बस्ती जिले में रहकर वन विभाग और पुलिसकर्मियों से दुरंभि संधि करके हरे पेड़ों / प्रतिबंध पेड़ों की कटान करवा कर लकड़ियों को जिले से बाहर ले जाकर बिक्री करता है इस प्रकार स्पष्ट है कि वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं पुलिस कर्मियों की मनमानी हरे भरे पेड़ों पर भारी पड़ रही है । सरकारी शासनादेश के अनुसार 01 प्रतिबंधित पेड़ की कटान पर 10 हजार रुपए जुर्माना की धनराशि सरकारी खजाने में जमा करना होता है यदि निष्पक्ष रूप से दुबहरा में कटे सागौन व शीशम के पेड़ों की जांच हो जाएं तो कई लाख रुपए सरकारी खजाने में जमा हो सकता है ।

सूत्रों से यह भी पता चल रहा है कि वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा सागौन के कटे हुए जड़ ( सोर ) को उखड़ने की सलाह दे रहे हैं ताकि साक्ष्य मिट जाएं और कटे पेड़ों की संख्या कम दिखाकर जुर्माने की धनराशि सरकारी खजाने में कम और अपने जेब में अधिक रखा जा सके अर्थात वन विभाग की मिलीभगत करके लकड़ी ठेकेदार मामले को रफा-दफा करने के फिराक में जुटा है । अब देखना यह है कि तेज तर्रार डीएफओ बस्ती डा0 शिरीन द्वारा उक्त प्रकरण में क्या कार्यवाही की जाती है ? उक्त प्रकरण में फोन के माध्यम से डीएफओ ने बताया कि मामले की जांच कराई गई है जांच रिपोर्ट आ गई हैं जिसमें कुछ पेड़ों का परमिट था । जांच टीम के जांच के दौरान यह पता चला है कि परमिट से अधिक पेड़ों की कटान हुई है । परमिट से अधिक कटे पेड़ों के हिसाब से जुर्माने की धनराशि जमा कराई जायेगी ।

## इजराइल में यूपी के श्रमिक सुरक्षित - अनिल राजभर

**●कलान में आयोजित रोजगार मेले में पहुंचे थे मंत्री**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर सोमवार को सुल्तानपुर के अखंड नगर स्थित कलान में आयोजित एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले में भाग लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने युवाओं को संबोधित किया और मीडिया से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। मंत्री राजभर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों को साकार करते हुए युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 14,000 से अधिक रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। कलान में




आयोजित इस विशेष मेले में 100 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने लगभग 6,000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। मंत्री ने कहा कि इस मेले के माध्यम से सेवायोजन और श्रम विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को एक मंच प्रदान किया है।

अनिल राजभर ने यह भी बताया कि भारत सरकार से रिक्रूटिंग एजेंट (क्र) का लाइसेंस मिलने के बाद अब उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को विदेश में भी रोजगार दिलाने के लिए स्वतंत्र है। यह कदम प्रदेश के युवाओं के लिए वैश्विक रोजगार के द्वार खोलेगा। वर्तमान में जर्मनी से लगभग 1 लाख लोगों की मांग है, जबकि अन्य यूरोपीय और खाड़ी देशों से भी लगातार मांग आ रही है। पिछले एक साल में करीब 8-9 हजार युवाओं को अच्छे पैकेज पर विदेश में रोजगार मिला है। इजराइल-ईरान क्षेत्र में चल रहे तनाव पर मंत्री अनिल राजभर ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश के जो भी श्रमिक इजराइल में हैं, वे सभी सुरक्षित क्षेत्रों में हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर बेहद संवेदनशील है और यदि कोई श्रमिक वापस आना चाहता है, तो उसे सुरक्षित लाने की पूरी व्यवस्था की गई है। मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि रोजगार मेलों का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। आगामी 18 तारीख को देवरिया में और 23 तारीख को गोरखपुर में भी इसी तरह के वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।

## घटिया सड़क निर्माण को लेकर अधिकारी हरकत में आए

**●बलरामपुर में विधायक के साथ किया स्थलीय निरीक्षण, गुणवत्ता की जांच**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** – जिले में दुर्गापुर-सिसई मार्ग के निर्माण को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। सदर विकासखंड के अंतर्गत बन रही इस सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे। वीडियो सामने आने के बाद मंडी समिति के डीडीसी ने मामले का संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस




दौरान सदर विधायक पल्टूराम भी मौजूद रहे।यह सड़क विधायक पल्टूराम की पहल पर बनवाई जा रही है। वायरल वीडियो में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए गए थे, जिसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्य की जांच की। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया गया।जांच के बाद डीडीसी ने बताया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। हालांकि, गुणवत्ता को और बेहतर बनाए रखने के लिए संबंधित जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने यह भी बताया कि सड़क निर्माण कार्य पर पांच साल की गारंटी होती है। यदि इस अवधि में सड़क कहीं खराब होती है, तो संबंधित कार्यदायी संस्था को उसकी मरम्मत करानी होगी।इधर, ग्रामीणों का कहना है कि अक्सर सड़कों के निर्माण में गारंटी की बात तो कही जाती है, लेकिन खराब होने के बाद समय पर मरम्मत नहीं हो पाती। ऐसे में अब लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि यह सड़क भविष्य में कितनी टिकाऊ साबित होती है और यदि कहीं अनियमितता सामने आती है, तो जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

## बलरामपुर में युवक ने किराए के कमरे में की आत्महत्या

**●तीन माह के बेटे को छोड़कर दी जान, पुलिस जांच जारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर के सादुल्ला नगर थाना क्षेत्र में एक 21 वर्षीय युवक ने रविवार रात किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।मृतक की पहचान ग्राम ऐदहा निवासी बृजेश कुमार विश्वकर्मा (21) पुत्र सालिक राम विश्वकर्मा के रूप में हुई है। वह सादुल्ला नगर कस्बे में मोहम्मद शरीफ के मकान में



किराए पर रहता था और पिकअप वाहन चलाने का काम करता था। रविवार सुबह वह सब्जी लोड करने बीकापुर (फैजाबाद) गया था। शाम को सब्जी लेकर लौटने के बाद वह अपने कमरे में चला गया, जिसके बाद देर रात तक दरवाजा नहीं खुला।होली के कारण मायके गई बृजेश की पत्नी सोनम ने रात में कई बार फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। आशंका होने पर सोनम ने एक पड़ोसी को फोन कर कमरे की जानकारी लेने को कहा। पड़ोसी ने घर के पीछे जाकर देखा तो बृजेश फंदे से लटका हुआ मिला। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।बृजेश अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसके बड़े भाई महेश कुमार (29), मंझले भाई उमेश कुमार (25) और छोटे भाई गोविंदा (19) हैं। उसकी तीन बहनें भी हैं। बृजेश का एक तीन माह का पुत्र भी है। सादुल्ला नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। थाना प्रभारी सतेंद्र वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**अमेठी।** जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

## विश्व हिन्दू महासंघ की मांग, अवैध खनन पर रोक लगाये प्रशासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में सोमवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर मानक के विपरीत अवैध रूप से हो रही खुदाई और अवैध खनन को रोका जाय और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

पत्र देने के बाद विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि जानकारी मिली है कि खनन अधिकारी औरं खनन माफिया की मिली भगत से जनपद में विभिन्न स्थानों पर मानक के विपरीत अवैध रूप से धड़ल्ले से बालू, मिट्टी आदि का अवैध खनन किया जा रहा है। इससे भू-क्षरण की प्रबल आशंका है। इससे जन धन का काफी नुकसान हो सकता है। समय रहते अवैध खनन पर रोक लगाया जाय। उद्योग व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि जनपद में सरयू नदी की कोख को चीरकर बालू निकालने वाले अवैध खनन माफियाओं के साथ जिला प्रशासन की जुगलबंदी जारी है। अवैध बालू खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने



से उनका मनोबल बढ गया है।

प्रशासन और बालू माफिया की मिली भगत से सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध बालू खनन के कारण किसानो का फसल भी बर्बाद हो रही है.साथ ही किसानो के खेतो पर भी आने वाले समय में बहुत बड़ा प्रभाव पड़ने वाला है। यह स्थितियां गभीर है। पत्र देने के दौरान अखिलेश सिंह के साथ विवेक श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष सनातन रक्षा वाहिनी, पंकज सिंह राजेश गुप्ता उपेन्द्र सिंह, अर्पण श्रीवास्तव, नागेंद्र सिंह, ऋषभ तिवारी, राजू राजभर, विकास सोनी, आलोक सोनकर, सौरभ त्रिपाठी राकेश सिंह, विपिन सिंह, अभिषेक आर्य, शिवम मिश्रा, सतीश गुप्ता, महिपाल, विवेक चौधरी, रजनीश चौधरी, प्रमोद चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नदी, तालाब और प्रकृति की हत्याः बस्ती मंडल में प्रशासन, जनता, समाज और कथित बुद्धिजीवी कटघरे में नहीं हो रही नदियों की सुरक्षा

**●मरती नदियाँ, मौन सत्ताः बस्ती मंडल में पर्यावरण की हत्या का सच**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती मंडल आज एक ऐसे पर्यावरणीय संकट से गुजर रहा है, जिसे देखने के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या विकास के नाम पर प्रकृति का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। बस्ती डिस्ट्रिक्ट , संत कबीर नगर व डिस्ट्रिक्ट और सिद्धार्थनगर डिस्ट्रिक्ट – इन तीनों जिलों की पहचान कभी उनकी जीवनदायिनी नदियों और जलस्रोतों से होती थी, लेकिन आज वही नदियाँ और तालाब प्लास्टिक, कूड़े और प्रशासनिक उदासीनता की कब्रगाह बन चुके हैं।कभी आस्था और संस्कृति की धारा रही सरयु नदी रात्ति , कुंवानो और आमी (लगभग मृत प्राय )आज अपनी दुर्दशा पर मानो स्वयं विलाप कर रही हैं। नदी के तटों पर फैला प्लास्टिक कचरा, नालों से बहता जहरीला पानी और अवैध अतिक्रमण इस बात का प्रमाण है कि पर्यावरण संरक्षण की योजनाएँ केवल सरकारी फाइलों तक सीमित रह गई हैं।

तालाबों का गायब होता अस्तित्वबस्ती मंडल में कभी हर गाँव की पहचान उसका तालाब होता था। यह तालाब केवल जलस्रोत नहीं बल्कि ग्रामीण जीवन का केंद्र हुआ करते थे। लेकिन पिछले दो दशकों में सैकड़ों तालाब या तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए या कूड़ाघर में बदल गए। कहीं उन पर



अवैध निर्माण हो गया, तो कहीं उन्हें कचरा फेंकने का स्थायी स्थान बना दिया गया।ग्राम पंचायतों और नगर निकायों की जिम्मेदारी थी कि इन जलस्रोतों को बचाया जाए, लेकिन स्थानीय स्तर पर लापरवाही और मिलीभगत ने स्थिति को भयावह बना दिया। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो आने वाले वर्षों में जल संकट इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बन सकता है।

प्लास्टिक का जहर=नदियों और तालाबों की इस दुर्दशा के पीछे सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक कचरे का अनियंत्रित फैलाव है। बाजारों से लेकर गाँवों तक हर जगह प्लास्टिक का ढेर दिखाई देता है। यही कचरा अंततः नालों और नदियों में पहुँच जाता है।स्थिति इतनी गंभीर है कि कई जगह नदियों के किनारे प्लास्टिक की मोटी परत जम गई है। इससे न केवल जलप्रवाह बाधित होता है बल्कि जलचर जीवों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। प्लास्टिक जलाने से निकलने वाला जहरीला धुआँ हवा को भी प्रदूषित कर रहा है। प्रशासनिक उदासीनता=सबसे बड़ा प्रश्न प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर उठता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कई योजनाएँ चलाई जाती हैं, लेकिन बस्ती मंडल में इन योजनाओं का असर जमीन पर दिखाई नहीं देता।स्थानीय लोग बताते हैं कि कई बार शिकायतों के बावजूद नदियों और तालाबों की सफाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। उल्टा, कई जगह अतिक्रमण को राजनीतिक संरक्षण मिलने की भी चर्चा होती है।समाज की भी जिम्मेदारीयह सच है कि प्रशासन की जिम्मेदारी सबसे बड़ी है, लेकिन समाज भी इस संकट से पूरी तरह निर्दोष नहीं है। प्लास्टिक का अंधाधुंध उपयोग, कचरे का खुले में फेंकना और जलस्रोतों की अनदेखी इस समस्या को और बढ़ा रही है।जब तक समाज और प्रशासन दोनों मिलकर जिम्मेदारी नहीं निभाएँगे, तब तक पर्यावरण संरक्षण केवल नारे और अभियानों तक सीमित रहेगा।

आने वाली पीढ़ियों के लिए खतरा=पर्यावरण विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यदि नदियों और तालाबों की स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो इसका सीधा असर जलस्तर, खेती और जनस्वास्थ्य पर पड़ेगा। बस्ती मंडल का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में पड़ सकता है। अब भी समय है=यह समय केवल चिंता व्यक्त करने का नहीं बल्कि ठोस कदम उठाने का है। नदियों और तालाबों से अतिक्रमण हटाना, प्लास्टिक पर सख्त नियंत्रण और स्थानीय स्तर पर पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है।अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब बस्ती मंडल की नदियाँ केवल किताबों और लोकगीतों में रह जाएँगी और आने वाली पीढ़ियाँ नदी और तालाब की यादें भूल जाएंगे प्रशासन शासन को इस पर विचार करना चाहिए।

## नोडल अधिकारी ने विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**●जिला कारागार व पुलिस लाइन का किया स्थलीय निरीक्षण, संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं महानिदेशक आयुष विभाग उत्तर प्रदेश चैत्रा वी. की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों तथा रैंकिंग की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अर्पित गुप्ता सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय से पहुंच सके। उन्होंने विशेष रूप से उन विभागों पर ध्यान देने के निर्देश दिए जिनकी योजनाओं की रैंकिंग सी और डी श्रेणी में है। नोडल अधिकारी ने कहा कि




ऐसे विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाकर योजनाओं के क्रियान्वयन की गति तेज करें और आगामी समीक्षा में बेहतर परिणाम प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की प्रगति केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका वास्तविक लाभ आम जनता तक पहुंचे। समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने यूपी नेडा के अंतर्गत सोलर रूफटॉप योजना, उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली, विद्युत आपूर्ति की स्थिति, खराब ट्रांसफार्मरों के प्रतिस्थापन, लाइन लॉस से जुड़े प्रकरणों तथा विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना, कृषि विभाग, दुग्ध विकास, स्वास्थ्य विभाग, जल निगम, पंचायतीराज, प्रधानमंत्री आवास योजना, पर्यटन, बेसिक शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण, पशुपालन, मत्स्य विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति का भी गहन मूल्यांकन किया। नोडल अधिकारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ पारदर्शी और प्रभावी तरीके से आमजन तक पहुंचे। इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कार्य करते हुए योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए और जमीनी स्तर पर कार्यों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। साथ ही कहा कि आगामी जनपद भ्रमण के दौरान योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा, इसलिए सभी विभाग अपने कार्यों को तय मानकों के अनुरूप पूरा करें। बैठक के उपरांत नोडल अधिकारी ने जिला कारागार और पुलिस लाइन का स्थलीय निरीक्षण भी किया। पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सीवरेज व्यवस्था, विद्युतीकरण, ड्रेनेज सिस्टम आदि की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था को शेष कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद नोडल अधिकारी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागार के मॉडल का अवलोकन किया तथा बैरक, रेजिडेंशियल परिसर, हाई सिक्योरिटी टावर, किचन, पाठशाला, वाच टावर और गोदाम सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## शाखा प्रबंधक बदलते ही यूनियन बैंक ऑफ इंडिया हारौनी की तस्वीर

**खातेदारों की संख्या बढ़ने के साथ ही बढ़ा बैंक का राजस्व**

**लखनऊ।** बंथरा के हरौनी बाजार स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जहां पूर्व में ग्राहकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था लेकिन नवनियुक्त शाखा प्रबंधक प्रशांत त्रिवेदी के आने से अब ग्राहकों में संतुष्टि दिखाई दे रही है। यूनियन बैंक में सोमवार को आये ग्राहकों से बैंक जाकर बात की गई तो उन्होंने कहा कि पहले से अब बैंक में काम ठीक हो रहा है हमें लेने देन में भी कोई दिक्कत नहीं होती है। ग्राहकों में तमाम हरौनी बाजार के व्यापारी भी बैंक में मौजूद थे। वहीं नवनियुक्त शाखा प्रबंधक द्वारा ग्राहकों को बैठने के लिए अब बेंचें भी बैंक लगाई गई है और पानी के लिए बैंक में नल की व्यवस्था भी की गई है। यही नहीं बैंक आने वाले लोगों को धूप से बचाव के लिए टीनशेड लगवाया गया है। बैंक का नये सिरे मरम्मत व नये फर्नीचर बनवाने का भी कार्य भी जल्द शुरू होने वाला है। वहीं शाखा प्रबंधक ने बैंक में चार्ज सम्भालने के बाद से बैंक के सबसे बड़े व काफी दिनों से कर्ज अदा न करने वालों से भी एक बेहतर व्यवहार के साथ राजस्व की वसूली की गई जिससे बैंक के राजस्व में वृद्धि हुई।

## चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना में बच्चों ने सीखा योगा



**सीतापुर** चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन योग गुरु आनंद अवस्थी के द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा राखी निगम द्वारा आर्ट एवं क्राफ्ट डिजाइन पर भी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी धनेंद्र कुमार सिंह, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ उपमा त्रिपाठी एवं डॉ सुधीर सिंह रघुवंशी, डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ पी के सिंह, डॉ दीपक पांडे, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ विवेक कुमार वर्मा, डॉ अखिलेश शर्मा, डॉ इबाद, डॉ श्वेता मिश्रा, डॉ सुधाकर सिंह, डॉ रश्मि पांडे, डॉ रजनी शुक्ला, डॉ कमलाकांत, डॉ गुरप्रीत भाटिया, डॉ जसकरन सिंह, जितेंद्र कुमार बाजपेई, प्रशासनिक अधिकारी शिव मंगल चौरसिया, समन्वयक अधिकारी अजय सिंह भदोरिया, सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को शिविर का अंतिम दिन है छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे और एन एस एस के विभिन्न प्रभावी बिंदुओं पर चर्चा होगी।

# पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट में गंभीर चार घायल जिला अस्पताल रेफर दो की हालत नाजुक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** थुलवासा चौकी क्षेत्र के पूरे महतो मजरे थुलवासा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से जमकर पिटाई कर दी। घटना मे गंभीर रूप से घायल पति-पत्नी जिला अस्पताल में ज़िन्दगी व मौत से जूझ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पूरे महतो गांव निवासी बाबूलाल और पप्पू के परिवार के बीच लंबे समय से पुरानी रंजिश है । जिसको लेकर सोमवार सुबह सात बजे पप्पू के परिवार ने बाबूलाल के परिवार पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना में बाबूलाल व उनकी पत्नी कलावती, बेटा इंद्रेश व प्रदीप समेत चार गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने आए ग्रामीणों द्वारा एम्बुलेंस की मदद से चारों घायलों को सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाबूलाल के बेटे प्रदीप कुमार ने गांव के ही पप्पू पुत्र किरसन, सत्येंद्र कुमार पुत्र पप्पू, गीता पत्नी पप्पू और रोशनी पुत्री पप्पू के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि पप्पू के परिवार ने घर में घुसकर उनकी माता पिता व भाई की लाठी-डंडों व



कुल्हाड़ी से जमकर पिटाई कर दी। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों का उपचार चल रहा है। चौकी इंचार्ज थुलवासा को जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## श्री गया धाम व भगवान जगन्नाथ दर्शन उपलक्ष्य में ब्रह्म भोज, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के ऐहार गांव में सोमवार को श्री गया धाम और भगवान जगन्नाथ के दर्शन के उपलक्ष्य में ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत आयोजकों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए ब्रह्म भोज की व्यवस्था की गई, जिसमें ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गांव में आयोजित कुदुआ भोज को देखने और उसमें शामिल होने के लिए भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे आयोजन के दौरान



भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। श्रद्धालु देर तक कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान गांव के कई लोग व्यवस्थाओं में जुटे रहे। इस अवसर पर श्रीराम धवल मास्टर, रामखेलावन, राजू, सज्जन, चंदन, शुभम, हर्षित, राहुल, समीर, कुनाल, सक्षम, साहिल और सार्थक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत, पहचान कराने में जुटी पुलिस

**उन्नाव-ऊंचाहार रेलखंड पर कोइली का पुरवा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला शव**

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के उन्नाव-ऊंचाहार रेलखंड पर कोइली का पुरवा गांव के पास सोमवार सुबह ट्रेन से कटकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू कर दिया। गांव के निकट किलोमीटर संख्या 115/5 के पास बुजुर्ग का शव रेलवे ट्रैक पर धड़ से अलग हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद रेलवे पुलिस की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान होने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक ने सड़क पार कर रही महिला को मारी टक्कर, दोनों घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बाईपास रोड पर बरदाही मोहल्ले के पास सोमवार को सड़क पार कर रही एक महिला को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला और बाइक सवार दोनों घायल हो गए। बहाई गांव निवासी विपिन बाइक से डलमऊ रोड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बरदाही मोहल्ला निवासिनी संगीता कुछ महिलाओं के साथ पास के एक क्लीनिक में इलाज कराने जा रही थीं। सड़क पार करते समय बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। घटना के समय सड़क पर भारी वाहन भी गुजर रहे थे। हालांकि आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को फौरन सड़क से हटाया। इससे बड़ा हादसा टल गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की रफ्तार काफी तेज थी जिसके कारण चालक संतुलन नहीं संभाल सका।

# रजक भवन पुराना किला में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जिला रजक कंपू पंचायत के तत्वाधान में रजक भवन, 8/68 पुराना किला, लखनऊ में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रजक समाज के अनेक गणमान्य एवं वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार कनौजिया ने सभी वरिष्ठ साथियों के साथ होली मिलन किया।

उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ होली पर्व की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कनौजिया ने कहा कि लखनऊ में रजक समाज के जितने भी संगठन हैं, यदि वे सभी एक मंच पर एकजुट होकर कार्य करें, तो समाज की प्रगति और कल्याण के लिए और भी प्रभावी



प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने समाज के लोगों से एकता और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ साथी मोहन चौधरी, राधे चौधरी, एस.के. कनौजिया, मनोज चौधरी, राकेश चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, सौहार्द और सामाजिक एकता के भाव से परिपूर्ण रहा।

# सांसद राकेश राठौर ने बिसवां तहसील से मनरेगा बचाओ यात्रा वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां/सीतापुर** सीतापुर के सांसद राकेश राठौर ने बिसवां तहसील से मनरेगा बचाओ यात्रा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व तहसील परिसर स्थित शहीद पार्क में मनरेगा बचाओ रथ यात्रा के आयोजक डॉ. आर.पी. वर्मा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री राठौर ने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि गरीबों को काम देने का एक संवैधानिक अधिकार था। लेकिन वर्तमान सरकार किसान, मजदूर और व्यापारी किसी के भी हित में काम नहीं कर रही है और मात्र पूंजीपतियों की सरकार बनकर रह गई है। उन्होंने नगर में गैस की भारी किल्लत को भी सरकार की विफलता करार दिया।

इस अवसर पर मनरेगा बचाओ रथ यात्रा के आयोजक तथा कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. आर.पी. वर्मा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में मनरेगा लगातार कमजोर हुई है, जिसके कारण गांव खाली हो रहे हैं और गरीबों के सामने रोजगार का संकट बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरत इस बात की है कि कांग्रेस को मजबूत कर प्रदेश और केंद्र में जनहितैषी सरकार बनाई जाए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बृज बिहारी ने किया। उन्होंने कहा कि बिसवां विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1 लाख 20 हजार मनरेगा मजदूर हैं, जिनमें करीब 82 हजार दलित मजदूर शामिल हैं। यदि मनरेगा कमजोर होती है तो उनके सामने



रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। इस मौके पर सुनीला रावत, शिव प्रकाश सिंह, काशीराम भार्गव, अब्दुल करीम अंसारी, हसीना खातून, अशोक पुष्प, रोशनी गुप्ता, समीर गुप्ता, विजय अवस्थी, शिवकुमार कठेरिया, निर्मल यादव, रामदास यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी के 86वें जन्म दिवस पर

**● अनोखी साहित्यिक प्रतिभा के धनी थे शायर अफसर बिसवानी।**

**शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी ने अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर बिसवां का नाम किया रोशन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी अनोखी साहित्यिक प्रतिभा के धनी रहे हैं। वह हिंदी उर्दू साहित्य के लिए एक मिसाल थे। हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक सूफी संत शैखुल औलिया हज़रत गुलजार शाह और बाबा विश्वनाथ की पवित्र नगरी बिसवां ने 16 मार्च 1940 को सैय्यद खुर्शीद अफसर बिसवानी जैसे मशहूर अन्तर्राष्ट्रीय शायर को जन्म दिया। उन्होंने अपने बचपन में कानपुर में रहकर मशहूर शायर एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना हसन मोहानी के घर जाकर शिक्षा ग्रहण की उसके बाद अपने गृह नगर बिसवां आकर उस समय के मशहूर शायर जिगर बिसवानी के शागिर्द हो गये।कौमी यकजहती का शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी तंग हालातों से लड़ने और मुश्किलों का सामना करने का संदेश अवाम को देता रहा। उनकी शायरी में भारतीय सभ्यता एवं इंसानियत की तस्वीर नजर आती है। उन्होंने 21 वर्ष की कम उम्र से ही साहित्यिक लेखन का कार्य शुरू कर दिया था। उन्होंने अपने नाम के साथ साथ बिसवां का भी नाम रोशन किया। दर्जनों काव्य संग्रहों, गीत व ग़ज़ल संग्रहों के अलावा दर्जनों साहित्यिक ग्रंथों की रचनाएं की तथा तमाम पत्र पत्रिकाओं के लिए नियमित रूप से लेखन का कार्य भी किया।पेशे से वह एक अच्छे वकील भी थे। उन्हें साहित्य लेखन के लिए दर्जनों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार भी मिले। उनके 86वें जन्मदिन पर जहांगीराबाद कस्बे में बज़्म ए सुखनो अदब एण्ड वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन डा0 वकील अहमद खान 'अजहर खैराबादी' के आवास पर एक संगोष्ठी कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर हाफिज शफकत अली खान 'फूल मियां ',खबीर अहमद खान उर्फ हसीर खान, खिजिर खान, महद खान, परवीन बेगम, अमन श्रीवास्तव, कमर खान, मनाल खान, अशोक कुमार व सबाहुद्दीन, सैफ अली उर्फ आलम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। उन्होंने समाज को आगाह करते हुए कहा था कि- 'ऐसा न हो चराग कहीं घर ही फूंक दे,



यह देखकर जलाओ कि रुख क्या हवा का है।' उनकी शायरी बड़े तजर्बे व होशो हवास शायरी की थी। ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर उन्होंने कलम न उठाई हो। खुर्शीद अफसर बिसवानी ने मोहब्बत के पैगाम को आम करते हुए कहा कि- 'हमने दुश्मन को भी दुश्मन नहीं समझा अफसर, हम तो कातिल को भी जीने की दुआ देते हैं।' उनके जज़्बात का अंदाजा इस शेर से लगाया जा सकता है कि- ' बढ़ते हैं, भटकते हैं, गिरते हैं, समझते हैं। मंजिल के तमन्नाई हर हाल में चलते हैं। '

मोहब्बत व भाई चारा का पैगाम देते हुए 17 जून 2001 को वह हम सभी को छोड़कर इस फानी दुनिया से रुखसत हो गये।फिर भी जब तक यह दुनिया रहेगी उनका नाम अदब की दुनिया में एहतराम से लिया जाता रहेगा। आज वह मेरे बीच नहीं है लेकिन उनका नाम हमेशा अमर रहेगा।

## भागवत कथा के चौथे दिन राम अवतार. कृष्ण अवतार. वामन अवतार को सुनकर श्रोता हुए तृप्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के ओथी ग्राम सभा में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन यजमान आशीष मौर्य के यहां आनंद मिश्रा के द्वारा संकल्पित छठवीं श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन। आपको बता दें कि, ग्राम सभा ओथी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को सिधौना अमांवा से पधारी कथा व्यास संध्या साध्वी ने वामन अवतार कृष्ण अवतार एवं श्री राम अवतार की कथाओ का विस्तार रूप से व्याख्यान किया। कथा व्यास ने बताया कि, वामन अवतार में भगवान नारायण राजाबली से भगवान वामन ने तीन पग भूमि मांगी अपने गुरु शुक्राचार्य के माना करने पर भी राजाबली वामन भगवान को तीन पग भूमि दान कर दी। वामन भगवान ने तीन पग में ही पूरे ब्रह्मांड को नाप लिया। और राजाबली भगवान वामन को अपने द्वार पर खड़े रहने के लिए वरदान मांगा। कथा व्यास ने बताया कि, माता देवकी के गर्भ में आठवें पुत्र के रूप में भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया और कंस का वध कर दिया। कथा व्यास ने कृष्ण जन्म, वामन अवतार, राम



अवतार, जैसे विभिन्न कथाओं का वर्णन करते हुए पांडाल में बैठे समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा के विराम पश्चात आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा के रहने वाले आनंद मिश्रा ने बताया कि, उनके द्वारा श्रीमद् भागवत कथाओं के भव्य अनुष्ठान पूरे जीवन काल भर चलते रहेंगे जिसमें आयोजित यह छठवीं श्रीमद् भागवत कथा है। इस मौके पर यज्ञशाला के मुख्य यज्ञाचार्य पंडित योगेंद्र तिवारी, उपयज्ञाचार्य पंडित अमरेश शुक्ला, पंडित अरूण त्रिपाठी, व्यवस्थापक सोनू मौर्य, अवधेश मौर्य, संत प्रसाद, बबलू प्रजापति, संकठा प्रसाद, बाबा जयजयराम, दिनेश कोटेदार, शिवकुमार, कन्हैया मौर्य, शिव प्रसाद, संकर मौर्य, महेंद्र, धुन्नू, जगप्रसाद, पल्लू सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस टीम ने सोमवार को एक युवक को अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। एसआई अमरनाथ व राजेश सिंह की टीम ने तलाशी अभियान के दौरान सरेनी रोड पर शाहपुर पुल के निकट संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास 315 बोर का एक अवैध तमंचा व 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा में केस दर्ज करते हुए कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि सरेनी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी आशु सिंह पुत्र राजू सिंह को अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उसे जेल भेज दिया गया है।

# ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है: उमानन्द शर्मा

**● गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान, आर्यकुल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में हुई 459वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत आर्यकुल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, नटकूर, निकट सीआरपीएफ बेस कैम्प के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 459वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री सुनील कुमार वैश्य एवं सीमा वैश्य ने अपने ससुर गुरू प्रसाद वैश्य की स्मृति में उपरोक्त संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में युगऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया तथा संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट किया।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। इस अवसर पर वी0के0



श्रीवास्तव एवं सीमा वैश्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

हेड पत्रकारिता आर्य टीवी/आर्य प्रवाह डॉ0 अजय शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया। वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, वी0के0 श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह, निर्मला पाण्डेय, सीमा वैश्य, सुनील कुमार वैश्य, ममता वैश्य एवं अशोक कुमार वैश्य और संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ0 सशक्त सिंह, डीन एकेडमिक रूचि सिंह, रजिस्ट्रार सुदेश तिवारी, प्रधानाचार्या डॉ0 अंकिता अग्रवाल, एचओडी अब्दुल रब खान, हेड पत्रकारिता आर्य टीवी/आर्य प्रवाह डॉ0 अजय शुक्ला सहित अन्य संकाय सदस्य तथा छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

## शक्ति अभियान के अंतर्गत बिसवां ब्लॉक सभागार में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां** सीतापुर शक्ति अभियान के अंतर्गत बिसवां ब्लाक सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बनाया गया। सम्मेलन में' शक्ति सम्मान' पत्र देकर महिलाओ को सम्मानित किया गया। महिला दिवस की आयोजक विभा सिंह ने कहा कि महिलाएं शक्ति का स्रोत है, दुनिया की, देश की आधी आबादी हैं।महिलाओं के भारत के साथ - साथ पूरी दुनिया में संघर्ष का एक इतिहास रहा है।उन्होंने अमेरिका में 1908 में भेदभाव और काम के घंटों को कम कराने को लेकर अपने देश की तत्कालीन सरकार और फैक्ट्री मालिकों के विरोध में बड़ा संघर्ष किया , जीत भी हासिल की और नए आयाम कायम किए। उनके संघर्ष की बदौलत ही आज महिला कुछ स्वतंत्र हुई है लेकिन पूरी तरह से आज भी महिलाओं पर बंदिशे खत्म नहीं हुई है।देश की आजादी की लड़ाई लड़ने में रानी लक्ष्मी बाई, बेगम हजरतमहल, ऊदा देवी , लक्ष्मी सहगल जैसी महिलाओ का शानदार इतिहास रहा है, देश का संविधान बनाने वाली संविधान सभा में 15 महिलाये सरोजिनी नायडू, सुचेता कृपलानी, विजयलक्ष्मी पंडित,जैसी महिलाओं की भागीदारी थी। वही समाज को सुधार लाने, शिक्षा को बढ़ावा देने में सावित्रीबाई फुले, फातिमा शेख जैसी महिलाएं आज भी लाखों महिलाओं को प्रेरणा देती है। दुनिया मे जिस तरह युद्धोंन्माद



बढ़ रहा है उसका सबसे अधिक असर महिलाओ पर पड़ेगा। अंतराष्ट्रीय स्तर पर महिलाएं कही भी नीति निर्णायक नहीं होती है। देश में महिलाओं को देश के सर्वोच्च पदों पर बराबरी का मौका और भागीदारी नहीं मिल पा रही है। कार्यक्रम को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल अतीक खान, कमरुन निशा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बिसवां ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, नागरिक अधिकर संगठन हरिशंकर गुप्ता, वादा फाउंडेशन श्रीराम यादव, वामा संस्था की ज्योति भारती, शर्मावती, ने संबोधित किया। अंत में महिलाओ को शक्ति सम्मान पत्र हरियाली का प्रतीक गमले देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाली महिलाओ मे सरिता भारती, सुषमा भार्गव, रीना, राधा, अनुप्रास मिश्रा, रूबी, कमरुननिशा अंसारी, फूलजहां, माया देवी, मीना, गीता, बालजती, शाहजहाँ, मायावती, शिवदेवी, रामकोरी, संध्या, रहमतजहां, रूपरानी, सावित्री, सम्मानित किया गया।

# बिसवां के पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा की अलख, स्कूल से दूर बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ रहा पहल फाउंडेशन

**● 'शिक्षा संकल्प' अभियान को मिली गति, ड्रॉपआउट बच्चों के पुनः प्रवेश का संकल्प**

**डॉ. सुधाकर का यह सपना! शिक्षित हो हर बच्चा अपना!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** आज दिनांक 16 मार्च 2026 को ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के प्रति चेतना जाग्रत करने और विद्यालय से दूर हो चुके बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से पहल फाउंडेशन द्वारा संचालित 'शिक्षा संकल्प' अभियान को व्यापक रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में बिसवां तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत भूरकुड़ी के भुरकुंडा गांव के बाजार में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ड्रॉपआउट तथा स्कूल से बाहर रह रहे बच्चों को पुनः विद्यालयों में प्रवेश दिलाना था। यह कार्यक्रम प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सुधाकर वर्मा के प्रेरक स्वप्न 'शिक्षित हो हर बच्चा अपना' को साकार करने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों,



अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को शिक्षा के बहुआयामी महत्व से अवगत कराया गया। विशेष रूप से बालिका शिक्षा, विद्यालयी अनुशासन तथा निरंतर अध्ययन की आवश्यकता पर बल देते हुए वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। यदि समाज का प्रत्येक बच्चा शिक्षित होगा, तभी एक सशक्त, जागरूक और प्रगतिशील समाज का निर्माण संभव हो सकेगा। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यशाला के माध्यम से अभिभावकों को अपने बच्चों का शीघ्र विद्यालयों में प्रवेश कराने के लिए प्रेरित किया गया तथा यह भी बताया गया कि जो बच्चे किसी कारणवश पढ़ाई से दूर हो गए हैं, उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें।

कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकत्री पूजा वर्मा ने विभिन्न प्रेरक गतिविधियों, संवाद सत्रों एवं सहभागितापूर्ण कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त नागरिक बनाती है। इस अवसर पर डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति, सतीश वर्मा, प्रेम यादव, पुष्पेंद्र वर्मा, लवकुश यादव, विकास निगम सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो समाज के पिछड़े वर्गों को प्रगति, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान के मार्ग पर अग्रसर कर सकती है।

# प्री-मानसून माह: निकास मार्गों को प्रवाहमान बनाने का समय

हर वर्ष मानसून के आगमन के साथ ही देश के छोटे-बड़े अनेक शहरों-कस्बों में एक दृश्य समान दिखाई देता है।वह है थोड़ी सी तेज वर्षा होते ही सड़कें जलमग्न हो जाती हैं, नालियां उफनने लगती हैं, नदियों के किनारे बसे क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन जाती है और मलजल निकास व्यवस्था ठप पड़ जाती है। डामर सड़कों पर पता ही नहीं चलता है कि कहां गड्ढे हैं, कहां सड़क है और कहां सड़क नहीं है।कई बार तो दो पहिए वाहनों के गिरने से पता चलता है कि आगे गड्ढा है।यह समस्या केवल अत्यधिक वर्षा का परिणाम नहीं होती, बल्कि अधिकांश मामलों में इसके पीछे वर्ष भर उपेक्षित पड़े निकास मार्गों का अवरुद्ध होना, नालों का संकरा हो जाना और जलागम (कैचमेंट) क्षेत्रों में अतिक्रमण जैसे कारण प्रमुख होते हैं। इसलिए मानसून से पहले के महीनों को प्री-मानसून तैयारी का समय माना जाना चाहिए, जब नदी, नाले और जलनिकासी तंत्र को पुनः प्रवाहमान बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जाए।

वास्तव में शहरों और कस्बों की जलनिकासी व्यवस्था तीन प्रमुख माध्यमों पर आधारित होती है,प्राकृतिक नदियां और नाले, वर्षाजल निकास नालियां तथा मलजल (सीवरेज) प्रणाली। समय के साथ इन सभी में गाद, कचरा, प्लास्टिक, निर्माण मलबा जमा हो जाते हैं और अतिक्रमण का बोलबाला रहता है। परिणामस्वरूप पानी का स्वाभाविक प्रवाह बाधित हो जाता है। जब मानसून की तेज वर्षा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता और वह सड़कों, घरों और सार्वजनिक स्थानों में भरने लगता है। वैसे भी शहरों-कस्बों के मुख्य मार्ग के साथ गलियों में सीमेंट सड़कों ने अपना अधिपत्य जमा लिया है और जमीन में पानी पहुंच को अवरूद्ध कर भूजल स्तर को बढ़ाने में बाधा पहुचाई है।

जानकार लोगों का मानना है कि जलभराव समस्या का एक महत्वपूर्ण और अक्सर अनदेखा किया जाने वाला कारण कैचमेंट एरिया अर्थात जलागम क्षेत्रों में बढ़ता अतिक्रमण भी है। किसी भी नदी, नाले या तालाब का जल केवल उसी स्थान पर नहीं बनता, बल्कि उसके आसपास के विस्तृत भू-भाग से वर्षाजल बहकर उसमें पहुंचता है। यही क्षेत्र उसका कैचमेंट एरिया कहलाता है। जब इन क्षेत्रों में अवैज्ञानिक निर्माण, कॉलोनियां, सड़कों का अत्यधिक कंक्रीटीकरण या भू-अतिक्रमण हो जाता है, तब वर्षाजल का स्वाभाविक मार्ग बाधित हो जाता है। परिणामस्वरूप पानी या तो अनियंत्रित रूप से शहरों की ओर बहता है या फिर कहीं जमा होकर जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर देता है।

प्री-मानसून माह में यदि नदी, नालों और सीवर तंत्र की सफाई, गहरीकरण और चौड़ीकरण के साथ-साथ उनके कैचमेंट क्षेत्रों की भी पहचान कर वहां से अवैध अतिक्रमण हटाए जाएं, आवश्यक मरम्मत कराई जाए तो वर्षा का अतिरिक्त जल बिना रुकावट के बह सकता है। विशेष रूप से शहरों के नालों और सीवर लाइनों से प्लास्टिक और ठोस कचरे को हटाना अत्यंत आवश्यक है। आज प्लास्टिक कचरा जलनिकासी तंत्र के अवरुद्ध होने का सबसे बड़ा कारण बन चुका है। नगरी निकायों द्वारा नियमित सफाई के साथ-साथ नागरिकों को भी नालियों में कचरा फेंकने से बचना होगा।

ऐसा भी देखा गया है कि नदियों और बड़े नालों के मामले में समस्या केवल कचरे की नहीं होती, बल्कि अतिक्रमण और अवैज्ञानिक निर्माण भी जलप्रवाह को बाधित करते हैं। अनेक स्थानों पर नदी या नाले के प्राकृतिक मार्ग तथा उनके कैचमेंट क्षेत्र में भवन, सड़क या अन्य संरचनाएं खड़ी कर दी जाती हैं। इससे वर्षा के समय जल का दबाव बढ़ जाता है और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए प्री-मानसून अवधि में प्रशासन को ऐसे अतिक्रमणों की पहचान कर उन्हें हटाने की कार्रवाई भी करनी चाहिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी वर्षाजल निकास की व्यवस्था को लेकर विशेष सावधानी आवश्यक है। गांवों के आसपास के छोटे-छोटे नाले, खेतों के मेड़ मार्ग और तालाबों के निकास यदि अवरुद्ध हो जाएं तो खेतों में जलभराव हो जाता है, जिससे फसलों को भारी नुकसान पहुंचता है। यदि समय रहते इन मार्गों की सफाई और मरम्मत कर दी जाए और जलागम क्षेत्रों को सुरक्षित रखा जाए, तो वर्षा का जल सही दिशा में प्रवाहित होकर जलस्रोतों को भी पुनर्भरित कर सकता है। प्री-मानसून तैयारी का एक महत्वपूर्ण लाभ यह भी है कि इससे जलजनित रोगों और पर्यावरण प्रदूषण की संभावना कम होती है। जब नालियां अवरुद्ध होती हैं तो उनमें सड़ा हुआ पानी जमा हो जाता है, जो मच्छरों और रोगाणुओं के पनपने का केंद्र बन जाता है। स्वच्छ और प्रवाहमान निकास प्रणाली न केवल जलभराव को रोकती है बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा भी करती है।

यह भी समझना आवश्यक है कि जलनिकासी की समस्या केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का विषय भी है। यदि नागरिक स्वयं अपने आसपास के नालों में कचरा न डालें, प्लास्टिक का कम उपयोग करें और जलागम क्षेत्रों में अतिक्रमण का विरोध करें, तो निकास मार्गों को लंबे समय तक अवरुद्ध होने से बचाया जा सकता है। यदि नागरिकों को कहीं अव्यवस्था दिखाई दे तो उन्हें समय पूर्व संबंधित अधिकारियों को अवगत कराना चाहिए।

आज जब जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा का स्वरूप अनिश्चित और कभी-कभी अत्यधिक तीव्र हो रहा है, तब शहरों और गांवों की जलनिकासी व्यवस्था को मजबूत बनाना पहले से अधिक आवश्यक हो गया है। थोड़ी सी दूरदर्शिता और समय पर की गई तैयारी से मानसून को समस्या नहीं, बल्कि प्राकृतिक वरदान के रूप में स्वीकार किया जा सकता है।

अतः प्री-मानसून महीनों को केवल वर्षा प्रतीक्षा का समय न मानकर तैयारी और सुधार का अवसर समझा जाए। यदि हम नदी, नाले और मलजल निकास मार्गों के साथ-साथ उनके कैचमेंट क्षेत्रों को भी सुरक्षित और अवरोध-मुक्त बना दें, तो बरसात के दिनों में होने वाली जलभराव, बाढ़, बीमारियों और अव्यवस्था जैसी अनेक परेशानियों से काफी हद तक बचा जा सकता है। मानसून का स्वागत तभी सार्थक होगा जब हमारी जलनिकासी व्यवस्था भी उसके अनुरूप सुचारु और सक्षम हो।जब प्यास लगे तभी कुंआ खोदा जाए वाली प्रवृति से प्रशासन को बचना चाहिए।

**डॉ. मनमोहन प्रकाश**

# संघर्ष और अस्थिरता के दौर में भरोसे का केंद्र बनता भारत

**[ विश्व संकट के बीच उभरती भारत की निर्णायक भूमिका ]**

**[ मध्य पूर्व की उथल-पुथल में संतुलन की नीति पर अडिग भारत ]**

मध्य पूर्व में भड़का संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित करने वाला संकट बन गया है। अमेरिका-ईरान तनाव, इज़राइल से जुड़ी घटनाएँ और होर्मुज जलडमरूमध्य की अस्थिरता ने व्यापार व ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा बढ़ाया है। ऐसे समय में भारत ने संतुलित और दूरदर्शी विदेश नीति का परिचय दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स जैसे मंच को सक्रिय कर सदस्य देशों के बीच संवाद को बढ़ावा दिया। भारत ने स्पष्ट किया कि युद्ध नहीं, बल्कि शांति, कूटनीति और सामूहिक प्रयास ही वैश्विक स्थिरता का आधार हैं। इसी कारण इस संकट में भारत एक जिम्मेदार और संतुलित शक्ति के रूप में उभरा है।

ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालते ही मोदी सरकार ने संगठन में नई ऊर्जा भरने का प्रयास किया। 'सहयोग, नवाचार और स्थिरता के माध्यम से लचीले भविष्य का निर्माण' की सोच के साथ भारत ने ब्रिक्स को केवल आर्थिक मंच नहीं, बल्कि वैश्विक समस्याओं के समाधान का माध्यम बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। इस नीति का केंद्र विकासशील देशों की आवाज को विश्व राजनीति में उचित स्थान दिलाना रहा। भारत ने यह भी दिखाया कि जी20 की कूटनीतिक सफलता को ब्रिक्स में भी आगे बढ़ाया जा सकता है। मतभेदों के बावजूद भारत ने संवाद जारी रखा और संगठन में विभाजन को कम करने का प्रयास किया, हालाँकि पूर्ण सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण रहा। यह नेतृत्व भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

संकट की घड़ी में भारत की कूटनीति का प्रमुख पहलू यह रहा कि उसने सभी ब्रिक्स देशों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास किया। बारह मार्च की वर्चुअल बैठक में भारत ने सदस्य देशों के बीच खुले और रचनात्मक संवाद को प्रोत्साहित किया। 'शेरपा तंत्र' के माध्यम से लगातार बातचीत जारी रही, ताकि मतभेदों के बीच भी सहमति का मार्ग निकल सके। भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट था–किसी पक्ष का समर्थन करने के बजाय शांति और स्थिरता के लिए सामूहिक प्रयास हों। इस पहल ने ब्रिक्स को केवल औपचारिक संगठन नहीं, बल्कि एक सक्रिय वैश्विक मंच के रूप में उभारने में मदद की और यह भारत की स्वतंत्र, संतुलित विदेश नीति का प्रमाण भी है।

बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यक्तिगत स्तर पर भी सक्रिय कूटनीति का परिचय दिया। उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान से टेलीफोन पर बातचीत कर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। वार्ता में नागरिकों की सुरक्षा, बुनियादी ढांचे की रक्षा और संघर्ष को फैलने से रोकने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। भारत ने स्पष्ट किया कि संवाद और कूटनीति ही स्थायी समाधान का मार्ग है। साथ ही अमेरिका और इज़राइल जैसे देशों के साथ संबंधों का संतुलन भी बनाए रखा गया। यह बहुआयामी कूटनीति भारत की रणनीतिक परिपक्वता को दर्शाती है, जिसमें राष्ट्रीय हित, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता तीनों को समान महत्व दिया गया है।

ब्रिक्स के भीतर स्थिति इसलिए भी जटिल थी क्योंकि कई सदस्य देश सीधे मध्य पूर्व की राजनीति से जुड़े हैं। ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के अपने क्षेत्रीय हित हैं, जिनसे मतभेद स्वाभाविक हैं। इसके बावजूद भारत ने संयम और धैर्य के साथ संवाद को आगे बढ़ाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि भारत लगातार सदस्य देशों के संपर्क में है और सहमति का मार्ग तलाश रहा है और कुछ सदस्यों के सीधे शामिल होने से सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण है। भारत ने चीन और रूस जैसे प्रमुख देशों के साथ भी समन्वय बनाए रखा। इन प्रयासों ने ब्रिक्स की विश्वसनीयता को मजबूत किया और यह संदेश दिया कि विकासशील देशों का यह समूह वैश्विक मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भी मोदी सरकार ने अत्यंत दूरदर्शी कदम उठाए। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास स्थिति संवेदनशील हो गई थी, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका थी। भारत ने कूटनीतिक माध्यमों से अपने तेल टैंकरों और ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय प्रयास किए। इसके साथ ही सरकार ने वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, घरेलू गैस आपूर्ति और दीर्घकालिक ऊर्जा समझौतों पर भी ध्यान दिया। इन कदमों का परिणाम यह रहा कि वैश्विक संकट के बावजूद भारत में ऊर्जा आपूर्ति काफी हद तक स्थिर बनी रही, हालाँकि वैश्विक कीमतों में वृद्धि का असर पड़ा। यह दिखाता है कि भारत की विदेश नीति केवल कूटनीतिक बयान तक सीमित नहीं है, बल्कि सीधे तौर पर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और जनता के हितों से जुड़ी हुई है।

वैश्विक संतुलन और सहयोग को नई दिशा देने की सोच के साथ मोदी सरकार की विदेश नीति ने बहुपक्षीय साझेदारी को प्रमुख प्राथमिकता बनाया है। ब्रिक्स के माध्यम से भारत ने स्पष्ट किया कि वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। विकासशील देशों की आवाज को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सशक्त बनाने के लिए भारत निरंतर सक्रिय रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बार कहा है कि विश्व व्यवस्था को अधिक संतुलित और न्यायपूर्ण बनाना समय की मांग है। यही नीति भारत को वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक भरोसेमंद नेतृत्वकारी शक्ति बनाती है, और ब्रिक्स में उसकी सक्रिय भूमिका इसी व्यापक दृष्टि का परिणाम है।

संकटों से घिरे मध्य पूर्व के परिदृश्य में भारत की सक्रिय कूटनीति ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि देश अब वैश्विक राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने की क्षमता और आत्मविश्वास दोनों रखता है। ब्रिक्स के भीतर एकजुटता स्थापित करने की पहल ने न केवल संगठन की प्रासंगिकता को सुदृढ़ किया, बल्कि भारत की विदेश नीति की परिपक्वता और संतुलित दृष्टि को भी उजागर किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उठाए गए इन प्रभावी कदमों ने भारत को एक जिम्मेदार, विवेकपूर्ण और दूरदर्शी शक्ति के रूप में स्थापित किया है। आने वाले समय में यही कूटनीतिक दृष्टिकोण वैश्विक शांति, सहयोग और विकास के लिए एक मजबूत आधार सिद्ध हो सकता है और भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

## संपादकीय

# पांच राज्यो में चुनावी बिगुल

**एसआईआर की आंधी में बंगाल की सियासत क्या ममता का किला डगमगाएगा और क्या भाजपा बना सकती है नई जमीन**

पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही देश की राजनीति का केंद्र एक बार फिर पूर्वी भारत बन गया है। असम केरल तमिलनाडु पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव केवल सरकार बदलने की लड़ाई नहीं हैं बल्कि कई बड़े राजनीतिक संदेश भी तय करेंगे। इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा जिस राज्य को लेकर हो रही है वह पश्चिम बंगाल है। इसकी वजह है मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर और उसके बाद लाखों नामों का कटना। यही प्रक्रिया इस चुनाव को पहले से कहीं अधिक कठिन बना रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ममता बनर्जी फिर सरकार बना पाएंगी या भाजपा इस बार अपनी बढ़त को सत्ता में बदल सकती है।

एसआईआर प्रक्रिया इस चुनाव की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना बनकर सामने आई है। पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया के दौरान लगभग साठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी लाखों नामों की जांच जारी है। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया से उनके पारंपरिक वोट बैंक को नुकसान पहुंचाया गया है। खासकर अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बड़ी संख्या में नाम हटने से ममता बनर्जी इसे बंगाल की अस्मिता और लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़कर देख रही हैं।

ममता बनर्जी इस मुद्दे को सीधे केंद्र सरकार के खिलाफ राजनीतिक हथियार बना रही हैं। उनका दावा है कि यह प्रक्रिया बंगाल की जनता के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास है। इसी कारण वह अपने चुनावी अभियान में बार बार बांग्ला अस्मिता की बात उठा रही हैं। पिछले चुनावों में भी उन्होंने इसी भावनात्मक मुद्दे के जरिए भाजपा को चुनौती दी थी। इस बार भी उनका भरोसा इसी रणनीति पर है। उनके लिए यह चुनाव केवल सत्ता बचाने का नहीं बल्कि राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई बन गया है।

हालांकि स्थिति इस बार पहले से अलग है। पिछले पांच वर्षों में ममता सरकार पर कई भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। शिक्षक भर्ती घोटाला कोयला तस्करी और अन्य मामलों में कई बड़े नेताओं की गिरफ्तारी हुई। इससे सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा है। विपक्ष इन मामलों को लगातार चुनावी मुद्दा बना रहा है। भाजपा और वाम कांग्रेस गठबंधन दोनों ही इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इन आरोपों की चर्चा है।

इसके बावजूद ममता बनर्जी ने अपनी राजनीतिक रणनीति को सामाजिक योजनाओं पर केंद्रित रखा है। लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता बढ़ाना युवा साथ योजना के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को मासिक भत्ता देना और अन्य कल्याणकारी योजनाएं उनके अभियान का मुख्य हिस्सा हैं। पिछले चुनाव में महिला वोटरों का बड़ा समर्थन उन्हें मिला था। इस बार भी वह उसी समर्थन को मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं। महिलाओं को सीधे आर्थिक सहायता देना उनके चुनावी अभियान का केंद्रीय संदेश बन चुका है।

फिर भी चुनावी समीकरण पूरी तरह उनके पक्ष में दिखाई नहीं देते। एसआईआर प्रक्रिया के कारण मतदाता सूची से नाम कटने का प्रभाव कई सीटों पर पड़ सकता है। यदि वास्तव में बड़ी संख्या में तृणमूल समर्थक मतदाता सूची से बाहर हुए हैं तो इसका सीधा असर चुनाव परिणाम पर पड़ सकता है। यही कारण है कि ममता बनर्जी इसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना रही हैं। लेकिन यह भी सच है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया बता रहा है और कानूनी स्तर पर इसकी समीक्षा भी हो रही है। दूसरी ओर भाजपा इस चुनाव में पहले से अधिक मजबूत दिखाई दे रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्तर से अधिक सीटें जीतकर राज्य में मजबूत विपक्ष की भूमिका हासिल की थी।

तब से पार्टी लगातार अपने संगठन को मजबूत कर रही है। केंद्रीय नेतृत्व भी बंगाल पर विशेष ध्यान दे रहा है। भाजपा की रणनीति दो स्तर पर काम कर रही है। पहला स्तर है पहचान की राजनीति जिसमें राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक मुद्दों को प्रमुखता दी जा रही है। दूसरा स्तर है भ्रष्टाचार के आरोपों के माध्यम से तृणमूल सरकार को घेरना। भाजपा को इस बार कुछ नए राजनीतिक अवसर भी मिल रहे हैं। वाम और कांग्रेस का गठबंधन अभी भी अपने पुराने जनाधार को पूरी तरह वापस नहीं ला पाया है। इससे विपक्षी वोटों का एक बड़ा हिस्सा भाजपा की ओर जा सकता है। कई क्षेत्रों में भाजपा खुद को तृणमूल के मुख्य विकल्प के रूप में स्थापित करने में सफल रही है। यही कारण है कि कई विश्लेषक मानते हैं कि भाजपा की सीटों में इस बार और वृद्धि हो सकती है।

इसके अलावा केंद्र और राज्य के बीच राजनीतिक टकराव भी भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बन रहा है। भाजपा यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि राज्य में विकास के लिए केंद्र और राज्य की एक ही राजनीतिक धारा होना जरूरी है। बुनियादी ढांचे रोजगार और निवेश जैसे मुद्दों को भी पार्टी प्रमुखता से उठा रही है। बंगाल के औद्योगिक विकास की धीमी गति को भाजपा अपने अभियान में बार बार सामने ला रही है।

फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी कि ममता बनर्जी की सरकार निश्चित रूप से गिर जाएगी। बंगाल की राजनीति में उनका व्यक्तिगत प्रभाव अभी भी बहुत मजबूत है। ग्रामीण क्षेत्रों में तृणमूल का संगठन गहराई तक फैला हुआ है। पंचायत स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत मानी जाती है। यही कारण है कि कई कठिन परिस्थितियों के बावजूद ममता बनर्जी ने पिछले चुनावों में अपनी स्थिति बनाए रखी है।

ममता की सबसे बड़ी ताकत उनका करिश्माई नेतृत्व और जमीनी राजनीति है। वह लगातार लोगों के बीच जाकर अपनी छवि एक संघर्षशील नेता के रूप में बनाए रखती हैं। बांग्ला अस्मिता का मुद्दा भी उनके लिए मजबूत राजनीतिक हथियार है। यदि वह इस भावनात्मक मुद्दे को सफलतापूर्वक जनता तक पहुंचा पाती हैं तो चुनावी समीकरण बदल सकते हैं।

लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। भ्रष्टाचार के आरोप एसआईआर प्रक्रिया से उपजा विवाद और भाजपा की बढ़ती संगठनात्मक ताकत इन सबका संयुक्त प्रभाव चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सकता है। यदि विपक्षी वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा के पक्ष में एकजुट होता है तो तृणमूल के लिए चौथी बार सत्ता में वापसी आसान नहीं होगी। इस तरह पश्चिम बंगाल का चुनाव इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक बन सकता है। एक तरफ ममता बनर्जी अपनी राजनीतिक विरासत और सत्ता बचाने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। दूसरी तरफ भाजपा इस अवसर को राज्य में पहली बार सत्ता तक पहुंचने के रूप में देख रही है। एसआईआर प्रक्रिया ने इस मुकाबले को और भी जटिल बना दिया है। आने वाले हफ्तों में चुनावी अभियान और तेज होगा और इसी के साथ यह भी स्पष्ट होगा कि बंगाल की जनता बदलाव चाहती है या फिर ममता बनर्जी को एक और मौका देना चाहती है।

**कांतिलाल मांडोत**

# अमेरिका-ईरान युद्ध का भारत पर प्रभाव

दुनिया एक नए युद्ध की चपेट में है जो न केवल मध्य पूर्व को हिला रहा है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति को भी प्रभावित कर रहा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमेरिका और इज़राइल के ईरान पर हवाई हमलों ने इस संघर्ष को एक पूर्ण युद्ध का रूप दे दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और नौसेना को नष्ट करने का ऐलान किया है, जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी ठिकानों और इज़राइल पर मिसाइलें दागी हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने से तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है। सवाल उठता है कि क्या यह युद्ध केवल अमेरिका की अहंकारपूर्ण कूटनीति का परिणाम है, जहां वह वैश्विक प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है और तेल तथा खनिज बाजार पर कब्जा जमाना चाहता है? या यह एक आवश्यक रक्षात्मक कदम है जो ईरान के परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने के लिए उठाया गया है? एक स्वतंत्र दृष्टिकोण से देखें तो यह युद्ध अमेरिकी कूटनीति की विफलता का प्रतीक है, जहां वार्ता के बजाय सैन्य शक्ति पर जोर दिया गया। ट्रंप प्रशासन ने ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति अपनाई लेकिन इससे ईरान और अधिक आक्रामक हो गया। रक्षा विशेषज्ञ जो कोस्टा का कहना है कि यह युद्ध अमेरिकी सैन्य तैयारियों को कमजोर कर रहा है, खासकर चीन के खिलाफ। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह तेल बाजार पर कब्जे की लड़ाई है लेकिन इससे अमेरिका की वैश्विक स्थिति कमजोर हो सकती है।

भारत, जो अपनी 90% से अधिक कच्चे तेल की जरूरत आयात से पूरी करता है, इस युद्ध से सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से तेल की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे भारत का आयात बिल बढ़ गया है। टीएस लोम्बार्ड की अर्थशास्त्री शुमिता देवेश्वर कहती हैं कि लंबे समय तक चलने वाला युद्ध भारत की रसद लागत और प्रेषण को प्रभावित करेगा। ऐसे में भारत का व्यापार घाटा बढ़ सकता है और मुद्रास्फीति बढ़ने से आम आदमी पर बोझ पड़ेगा। पैट्रोल और डीजल की कीमतें पहले ही बढ़ी हुई हैं जिससे परिवहन और कृषि क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। रणनीतिक रूप से यह युद्ध भारत की विदेश नीति को जटिल बना रहा है। भारत ने ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह परियोजना में निवेश किया है, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है लेकिन युद्ध से यह परियोजना खतरे में आ गई है। वहीं, भारत-अरब-इज़राइल-यूरोप गलियारा (आईएमईसी) अब अधिक महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि ईरान की अस्थिरता से चाबहार का विकल्प सीमित हो गया है। रैंड के अर्थशास्त्री रफीक दोसानी कहते हैं कि अगर अमेरिका और इज़राइल जीतते हैं तो आईएमईसी इज़राइल की प्राथमिकता बनेगा। इसके अलावा, मध्य पूर्व में रहने वाले लाखों प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। प्रेषण, जो भारत की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, प्रभावित हो सकता है। हाल ही में 'द हिंदू' के एक संपादकीय में कहा गया है कि यह युद्ध भारत पर अपेक्षा से अधिक प्रभाव डालेगा और पड़ोसी क्षेत्र को और जटिल बनाएगा। भारत को अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखते हुए ईरान के साथ संतुलन बनाना होगा, जो एक कूटनीतिक चुनौती है।

# फास्टैग एनुअल पास हुआ अब महंगा

भारत में सड़क परिवहन व्यवस्था पिछले एक दशक में जिस तेजी से बदली है, वह देश के बुनियादी ढांचे के विकास की कहानी को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। पहले राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करना कई बार थकाऊ अनुभव बन जाता था, क्योंकि टोल प्लाजा पर लंबी लाइनों में खड़े होकर भुगतान करना पड़ता था। इससे न केवल यात्रियों का समय बर्बाद होता था बल्कि ईंधन की खपत और प्रदूषण भी बढ़ता था। इसी समस्या के समाधान के रूप में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली यानी फास्टैग को लागू किया गया, जिसने भारत में सड़क यात्रा की पूरी व्यवस्था को बदल दिया। आज फास्टैग देश के अधिकांश टोल प्लाजा पर अनिवार्य हो चुका है और यह तकनीक भारतीय परिवहन व्यवस्था की रीढ़ बन चुकी है। इसी व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग एनुअल पास की शुरुआत की थी, और अब इसके शुल्क में मामूली वृद्धि की घोषणा की गई है।

सरकार ने घोषणा की है कि 1 अप्रैल 2026 से फास्टैग एनुअल पास की कीमत 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी जाएगी। यह वृद्धि लगभग 2.5 प्रतिशत है, यानी केवल 75 रुपये की बढ़ोतरी। यह नई दर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लागू होगी। यह पास विशेष रूप से निजी और गैर-व्यावसायिक वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए बनाया गया है, ताकि नियमित रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले लोग आसानी से टोल भुगतान कर सकें। इस योजना के तहत एक बार शुल्क जमा करने के बाद वाहन चालक एक वर्ष तक या अधिकतम 200 बार टोल प्लाजा पार कर सकते हैं, जो भी पहले पूरा हो जाए।

फास्टैग एनुअल पास की शुरुआत 15 अगस्त 2025 को की गई थी और इसका मुख्य उद्देश्य बार-बार टोल भुगतान के झंझट को कम करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना था। पहले यह पास 3000 रुपये में उपलब्ध था, लेकिन अब इसमें मामूली संशोधन करते हुए कीमत बढ़ाई गई है। सरकार का कहना है कि टोल दरों की वार्षिक समीक्षा और राजमार्गों के रखरखाव की बढ़ती लागत को देखते हुए यह बढ़ोतरी आवश्यक थी। हालांकि यह वृद्धि बहुत छोटी है, लेकिन इससे सरकार को राजमार्गों के रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी।

फास्टैग एनुअल पास की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश में 50 लाख से अधिक वाहन चालक इसका उपयोग कर रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर कारों द्वारा किए जाने वाले कुल टोल लेनदेन का एक बड़ा हिस्सा अब इसी पास के माध्यम से हो रहा है। लगभग 28 प्रतिशत कार टोल लेनदेन इस योजना के तहत किए जा रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह योजना विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभदायक साबित हो रही है जो रोजाना या नियमित रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करते हैं, जैसे व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और रोजाना शहरों के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए। यदि आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो यह पास काफी किफायती साबित होता है। 3075 रुपये में 200 यात्राओं का मतलब है कि प्रति यात्रा औसत लागत लगभग 15 रुपये के आसपास आती है। जबकि वास्तविकता यह है कि कई टोल प्लाजा पर एक बार का शुल्क 50 रुपये से लेकर 100 रुपये या उससे भी अधिक होता है। इस तुलना से स्पष्ट है कि जो लोग बार-बार हाईवे पर यात्रा करते हैं उनके लिए यह पास काफी लाभदायक है। यह न केवल पैसे की बचत करता है बल्कि यात्रा को भी अधिक सुगम और तनावमुक्त बनाता है।

फास्टैग तकनीक का एक बड़ा लाभ यह है कि इससे टोल प्लाजा पर रुकने की आवश्यकता लगभग समाप्त हो जाती है। वाहन जैसे ही टोल लेन से गुजरता है, रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक के माध्यम से टोल राशि स्वतः कट जाती है। इससे वाहनों की गति बनी रहती है और ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो जाती है। पहले जहां टोल प्लाजा पर कई किलोमीटर लंबी कतारें लग जाती थीं, वहीं अब यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो चुकी है। इससे ईंधन की बचत भी होती है और पर्यावरण पर पड़ने वाला दबाव भी कम होता है। सरकार इस व्यवस्था को और अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए तकनीकी सुधार भी कर रही है। अब फास्टैग को वाहन पंजीकरण के केंद्रीय डेटाबेस से जोड़ा जा रहा है ताकि प्रत्येक टैग सीधे संबंधित वाहन से जुड़ा रहे। इससे फर्जीवाड़ा और एक ही टैग को कई वाहनों में इस्तेमाल करने जैसी समस्याओं पर रोक लग सकेगी। डिजिटल सत्यापन की प्रक्रिया से यह भी सुनिश्चित होगा कि केवल वैध वाहन ही इस सुविधा का लाभ उठा सकें। इससे पूरी टोल प्रणाली अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बनेगी।

फास्टैग एनुअल पास केवल राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित टोल प्लाजा पर ही लागू होता है। राज्य सरकारों या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित टोल प्लाजा पर सामान्य फास्टैग शुल्क लागू रहता है। इसका अर्थ यह है कि यदि कोई वाहन चालक किसी राज्य राजमार्ग या निजी एक्सप्रेसवे पर यात्रा करता है तो वहां अलग से टोल देना पड़ सकता है। इसके बावजूद राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले अधिकांश यात्रियों के लिए यह योजना काफी उपयोगी साबित हो रही है, क्योंकि देश के प्रमुख परिवहन मार्ग इन्हीं राजमार्गों से होकर गुजरते हैं।

फास्टैग एनुअल पास को खरीदना भी बेहद आसान है। वाहन मालिक इसे ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए राजमार्ग यात्रा मोबाइल ऐप या राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग किया जा सकता है। भुगतान के बाद यह पास आमतौर पर कुछ ही समय में सक्रिय हो जाता है और उसी फास्टैग पर लागू हो जाता है जो पहले से वाहन में लगा हुआ है। इसका मतलब यह है कि उपयोगकर्ता को नया टैग खरीदने की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि वही पुराना टैग एनुअल पास के रूप में कार्य करने लगता है। हालांकि कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई के दौर में टोल शुल्क में किसी भी प्रकार की वृद्धि आम नागरिकों के लिए अतिरिक्त बोझ बन सकती है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क बुनियादी ढांचे का निर्माण और रखरखाव अत्यंत महंगा कार्य है। यदि समय-समय पर टोल दरों में संशोधन नहीं किया जाए तो सड़कों की गुणवत्ता बनाए रखना मुश्किल हो सकता है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग और बाईपास परियोजनाओं पर बड़े पैमाने पर निवेश हुआ है, जिससे देश की परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिला है। भविष्य की दृष्टि से देखा जाए तो भारत में टोल संग्रह प्रणाली और भी अधिक आधुनिक होने जा रही है। सरकार जीपीएस आधारित टोलिंग प्रणाली पर भी काम कर रही है, जिसके लागू होने के बाद टोल प्लाजा की आवश्यकता लगभग समाप्त हो सकती है। उस प्रणाली में वाहन द्वारा तय की गई दूरी के आधार पर ही टोल शुल्क स्वतः कट जाएगा। हालांकि इस तकनीक को पूरी तरह लागू होने में अभी समय लगेगा, लेकिन तब तक फास्टैग ही देश की टोल व्यवस्था का मुख्य आधार बना रहेगा। अंततः यह कहा जा सकता है कि फास्टैग एनुअल पास में 75 रुपये की बढ़ोतरी एक मामूली बदलाव है, लेकिन इसके पीछे व्यापक सोच छिपी हुई है। यह कदम न केवल राजमार्गों के रखरखाव के लिए संसाधन जुटाने में मदद करेगा, बल्कि डिजिटल भुगतान को भी बढ़ावा देगा और टोल प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाएगा। नियमित यात्रियों के लिए यह पास अभी भी बेहद किफायती है और समय, धन तथा ऊर्जा की बचत करता है। भारत जिस तेजी से आधुनिक परिवहन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, उसमें फास्टैग और उससे जुड़ी योजनाएं निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**महेन्द्र तिवारी**


स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## महिला से अश्लील हरकत, शिकायत पर पीड़िता व स्वजनों को पीटा

**सहजनवां , गोरखपुर-** नगर पंचायत सहजनवां वार्ड 9 पिपरा में किराए के मकान में परिजन के साथ रह रही महिला के साथ अश्लील हरकत करने का विरोध करने पर आरोपी ने घर में घुसकर पीड़िता और उसके परिजन को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला अपने परिजन के साथ वार्ड 9 पिपरा में किराए का मकान लेकर रहती है। और गीडा स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी कर परिजन का भरण पोषण चलाती है। जब की पति मुंबई में रहता है। उसी फैक्ट्री में कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक भी कार्य करता है। रात्रि में आरोपी युवक महिला के फोन पर ऑडियो तथा वीडियो कॉलिंग कर अश्लीलता करता रहता था। जिसकी शिकायत पति से की। पति ने आरोपी युवक को फोन कर फटकार लगाया। तो वह उग्र हो गया। और घर में घुस कर पीड़िता,उसकी ननद,सास को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर से दिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि आरोपी को पाबंद किया जा रहा है।

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर 2026 का हुआ आयोजन



**मनकापुर गोण्डा-** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर 2026 के अंतर्गत विधानसभा गौरा में किसान इंटर कॉलेज, पिपरा स्माइल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल सात सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने विषयों पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी इकबाल बहादुर तिवारी, विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा, नीरज मौर्य, अविनाश जायसवाल, श्रवण शुक्ला, विद्याभूषण द्विवेदी एवं आशीष त्रिपाठी ने अपने विषयों पर विस्तार से चर्चा की।इन सत्रों में भारतीय जनता पार्टी का कार्य विस्तार, पार्टी का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया एवं नमो ऐप, बूथ प्रबंधन तथा मन की बात जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक मार्गदर्शन दिया गया।इस प्रशिक्षण शिविर में संगठन की दृष्टि से केशव नगर के लगभग 80 कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था, जिनकी सहभागिता से दिन-रात चलने वाले सभी सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुए।इस दौरान व्यवस्थापक के रूप में ब्लॉक प्रमुख बभनजोत नीरज पटेल , विक्रम प्रसाद वर्मा , कप्तान श्रीवास्तव, मधु सिंह एवं इंद्र बहादुर वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## शोहरतगढ़ में खाटू श्याम बाबा का कार्यक्रम: श्रद्धालुओं ने भजनों पर लगाए जयकारे, भक्तिमय रहा माहौल

**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ नगर पंचायत स्थित राजस्थान अतिथि भवन में रविवार रात में खाटू श्याम बाबा का भव्य व दिव्य दरबार सजाकर पूजा-अर्चना के बाद भजन संध्या व नृत्य नाटिका का आयोजन हुआ। भक्ति गीत के भजनों पर श्रोता पूरी रात आस्था की डुबकी लगाते रहे। भजन संध्या से पूर्व खाटू श्याम की रंग बिरंगे फूलों से भव्य दरबार सजाकर ज्योति प्रज्वलित किया गया। पुजारी टिल्लू शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर छप्पन भोग लगाकर आरती की।इसके बाद में कार्यक्रम का दौर शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। गायक पंकज निगम ने आपकी कृपा से सब काम हो रहा है भजन प्रस्तुत किया कि पूरा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पांडाल में बैठे श्रोताओं ने हारे के सहारे श्याम बाबा हमारे के जयकारे की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।गायिका नमृता कारवा ने दुनिया चले न श्रीराम के बिना राम जी चले न हनुमान के बिना भजन प्रस्तुत किया। नृत्य नाटिका के कलाकारों ने राधा कृष्ण, शिव पार्वती ,गणेश व हनुमान जी की सुंदर व आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस दौरान विधायक विनय वर्मा,अध्यक्ष उमा अग्रवाल, प्रतिनिधि रवि अग्रवाल,नंदू गौड़,बिष्णु बबूना, मनोज पोद्दार, बब्लू गौड़,सोनू बबूना,चंचल मित्तल,अमृत अग्रवाल, मीना बबूना, पूजा पोद्दार,प्रियंका शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 45 लाख के फिलिप्स एलईडी बल्ब लेकर फरार हुआ ट्रक चालक गिरफ्तार, कैंट पुलिस-स्वॉट टीम ने किया बड़ा खुलासा 352 गत्ता एलईडी बल्ब बरामद

**●गोरखपुर से नेपाल भेजा जा रहा था माल; चालक ने साथी संग रची थी चोरी की साजिश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले में करीब 45 लाख रुपये से अधिक कीमत के फिलिप्स एलईडी बल्ब की चोरी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इस मामले का खुलासा करते हुए थाना कैंट पुलिस और स्वॉट टीम ने संयुक्त कार्रवाई में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 352 सीलबंद गत्ता फिलिप्स एलईडी बल्ब बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब 45.64 लाख रुपये बताई जा रही है। पूरे मामले की जानकारी पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक नगर पाटिल निमिष दशरथ ने दी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में चोरी और संगठित अपराधों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कैंट के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कैंट और स्वॉट टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलशन शाह कानू पुत्र नंदी शाह कानू निवासी मैनाटाड़ थाना मैनाटाड़, जिला पश्चिमी चंपारण (बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पेशे से ट्रक चालक है और उसी ने माल ढुलाई के दौरान अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की साजिश रची थी।

पुलिस के मुताबिक वादिनी का ट्रांसपोर्ट कार्य मारुती इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट, त्रिपाठी कॉम्प्लेक्स ठूठीबारी चौराहा महराजगंज के माध्यम से संचालित होता है। फरीदाबाद-पलवल (हरियाणा) से सोनौली के रास्ते नेपाल की राजधानी काठमांडू भेजने के लिए फिलिप्स कंपनी के एलईडी बल्ब के कुल 374 गत्ता (करीब 3.18 टन) माल की ढुलाई आरोपी ट्रक चालक को सौंपी गई थी। इसके लिए उसे 80 हजार रुपये भाड़ा भी दिया गया था। माल लोड करने के बाद आरोपी ने फोन कर ट्रक खराब होने की सूचना दी और गीडा क्षेत्र में गाड़ी खड़ी होने का बहाना बनाकर मरम्मत के नाम पर 20 हजार रुपये और मंगाए। जब वादिनी के पति बताए गए स्थान पर पहुंचे तो वहां न ट्रक मिला और न ही चालक। इसके बाद आरोपी का मोबाइल भी बंद हो गया, जिससे संदेह गहरा गया।

इस मामले में तहरीर के आधार पर थाना कैंट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि ट्रक चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर माल गायब कर दिया था। गिरफ्तारी और बरामदगी के बाद मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। प्रेस वार्ता के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कैंट अरुण कुमार एस और इंस्पेक्टर कैंट संजय सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस अब आरोपी के फरार साथी की तलाश में जुटी हुई है।

# क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के झांसे में साइबर ठगी, राजघाट पुलिस की तत्परता से 58 हजार से अधिक रुपये वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** ऑनलाइन साइबर ठगी के एक मामले में थाना राजघाट पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को बड़ी राहत मिली है। क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर साइबर अपराधियों द्वारा ठगे गए 58,127 रुपये पुलिस की सक्रियता से वापस दिला दिए गए। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशन में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक अपराध के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजघाट के नेतृत्व में साइबर कमांडो और साइबर सेल की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित की धनराशि वापस कराई। पुलिस के अनुसार पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उसके एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। झांसे में लेकर अपराधियों ने उसके कार्ड से ?58,146 रुपये ट्रांसफर कर लिए। शिकायत मिलते ही थाना राजघाट की साइबर हेल्पडेस्क टीम सक्रिय हो गई और मामले की जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि साइबर अपराधियों ने पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से ट्रांसफर की गई रकम का इस्तेमाल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म टाटा क्लिक पर ऑनलाइन गोल्ड खरीदने के लिए किया था। पुलिस टीम ने तत्काल संबंधित कंपनी के नोडल अधिकारी से संपर्क स्थापित किया और संदिग्ध ट्रांजेक्शन को चिन्हित करते हुए गोल्ड की डिलीवरी रुकवा दी। साइबर कमांडो उपनिरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह और साइबर नोडल उपनिरीक्षक वैभव विश्वकर्मा की मदद से आवश्यक समन्वय स्थापित किया गया। इसके बाद पूरी प्रक्रिया पूरी कराते हुए पीड़ित की 58,127 रुपये की राशि उसके क्रेडिट कार्ड में रिफंड करा दी गई। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को बड़ी राहत मिली है। वहीं पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल या संदेश के जरिए बैंक, क्रेडिट कार्ड या ओटीपी संबंधी जानकारी साझा न करें। यदि किसी के साथ साइबर ठगी की घटना होती है तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि को सुरक्षित कराया जा सके। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता, साइबर कमांडो उपनिरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह, साइबर नोडल उपनिरीक्षक वैभव विश्वकर्मा तथा कंप्यूटर ऑपरेटर हेड कांस्टेबल राम प्रकाश चौधरी शामिल रहे।

## गौरा चौकी जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी, बाजार वासियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

**मनकापुर , (गोंडा)-** गौरा चौकी बाजार स्थित जामा मस्जिद में रविवार शाम को बाजार वासियों की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोजेदारों, बाजार वासियों और क्षेत्र के लोगों ने शामिल होकर रोजा इफ्तार किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी अब्दुल अजीज ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि रमजान का पवित्र महीना बरकतों और रहमतों का महीना होता है, जिसमें लोग इबादत के साथ-साथ आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करते हैं। इफ्तार के बाद सभी लोगों ने मगरिब की नमाज अदा की और क्षेत्र में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ मांगी। कार्यक्रम में डॉ अरशद, सईदुररहमान, महिउद्दीन मास्टर, बब्बू गल्ला, आमिर सहर हॉस्पिटल, अहमुदुरहमान , फुज्जू, छोटू नेता , इरफान , वा बाजार वासियों और क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी रहे ।


# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न, कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ हैं: वेदप्रकाश दुबे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के रीवां गांव स्थित एक विद्यालय में भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में संगठन की नीतियों, कार्यपद्धति और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।समापन सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा और संगठन की कार्यशैली से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे गांव-गांव जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करें। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री के प्रतिनिधि कमलेश पांडे, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, मनकापुर विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश दूबे, जनार्दन तिवारी, शशांक मिश्रा, के.के. श्रीवास्तव, विद्या भूषण द्विवेदी, अनुपम प्रकाश मिश्रा, बाबूलाल शास्त्री, रत्नेश मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, सुनील चौबे ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं और प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। कार्यक्रम में योगेन्द्र श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, अंकित आनंद पांडे, गिरजा शंकर पांडे, अखिलेश त्रिपाठी, शुभम त्रिपाठी, आशीष मिश्र, सौरभ दूबे, आनंद स्वरूप श्रीवास्तव, पिंकू सिंह, विनोद सिंह, ललित तिवारी सहित क्षेत्र के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया गया।

# बार संघ चुनाव: जितेंद्र गुर्जर ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की

**●सरनाम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुधीर कोषाध्यक्ष, संजीत कनिष्ठ उपाध्यक्ष बने**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** बार संघ कोंच की जारी चुनाव प्रक्रिया के तहत सोमवार को तहसील परिसर स्थित बार भवन की लाइब्रेरी में ऐल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश कुमार मिश्रा एवं निर्वाचन अधिकारियों अवधेश कुमार द्विवेदी, केके श्रीवास्तव, पुरुषोत्तमदास रिछारिया, वीरेंद्र जाटव, रामवीर सिंह गुर्जर, महेंद्र निरंजन, नरसिंह गहरवार की देखरेख में सुबह साढ़े 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। मतदान में कुल 251 मतों के सापेक्ष 236 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। वहीं आधा घंटे के ब्रेक के बाद शाम साढ़े 4 बजे से मतगणना आरंभ हुई। करीब दो घंटे चली मतगणना पूरी होने के बाद घोषित नतीजों में अध्यक्ष पद पर जितेंद्र सिंह गुर्जर ने 120 मत पाकर निकटतम प्रतिद्वंद्वी ओमप्रकाश अग्रवाल को पराजित किया। ओमप्रकाश को 102 जबकि तीसरे उम्मीदवार अमर बाबू पाठक को मात्र 13 मत ही मिल सके। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सरनाम सिंह यादव ने 132 मत पाकर जीत दर्ज की। विरोधी उम्मीदवार रामबाबू निरंजन को 101 मत मिले। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संजीत जाटव ने जीत हासिल की। संजीत को 124 जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी साकेत चतुर्वेदी को 109 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर द्विवेदी ने 144 मत पाकर अमित श्रीवास्तव को पराजित किया। अमित को सिर्फ 87 मतों से संतोष करना पड़ा। संयुक्त सचिव के तीन पदों पर अवनीश बुटोलिया 137, राघवेंद्र निरंजन 135, जितेंद्र परिहार 117 मत पाकर चुनाव जीत गए। चौथे उम्मीदवार संजय पटेल को मात्र एक मत से हार मिली। उन्हें 116 मत मिले। मतदान वाले सभी पदों पर कुल 5 मत अवैध घोषित किए गए। अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर नव निर्वाचित अधिवक्ताओं का माल्यार्पण और तिलक कर साथियों ने जोरदार स्वागत सम्मान कर खूब नारेबाजी की।

इससे पहले महामंत्री पद पर अभिनीत कुमार, उपाध्यक्ष (दस साल से अधिक) के दो पदों के लिए अवधेश कुमार चौधरी व देवेंद्र कुमार, सामान्य सदस्य (पंद्रह साल से अधिक की प्रेक्टिस) के छह पदों के लिए रामलखन कुशवाहा, अनिल कुमार गुप्ता, हरीप्रकाश स्वर्णकार, कुलदीप नारायण सौनकिया, अनिल पटेरिया व सुवीर निरंजन, सामान्य सदस्य (पंद्रह साल से कम) के छह पदों के लिए देवेश कुमार, इंद्रजीत सिंह, विश्वेश शर्मा, अनिल कुमार वर्मा, वरुण चड्ढा, खुशबू जाटव निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

## 6 माह से रिक्त पड़ी कोटे की दुकान का हुआ चयन

**इटियाथोक गोंडा।** जिले के विकासखंड इटियाथोक ग्राम पंचायत गनवरिया में लगभग छह माह से रिक्त पड़ी कोटे की दुकान के लिए सोमवार को चयन प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया में मोहम्मद सलीम पुत्र युनुस अली को निर्विरोध चुना गया।यह चयन गनवरिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक खुली बैठक के दौरान हुआ। एडीओ एजी कृषि मजहर हुसैन ने बताया कि चयन प्रक्रिया सुबह 11:30 बजे शुरू हुई।दुकान का आरक्षण सामान्य दिव्यांग श्रेणी के लिए निर्धारित था, जिसके कारण केवल दिव्यांग व्यक्ति ही आवेदन कर सकते थे। कुल तीन लोगों ने इसके लिए आवेदन किया था।जांच के दौरान, एक आवेदक अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका, जबकि दूसरे आवेदक ने अपने बैंक खाते में मानक के अनुसार आवश्यक धनराशि का साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया। इन कारणों से मोहम्मद सलीम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

# टूटी सड़क और नाला मरम्मत कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**●रमजीतैवा से बोकटा तक पूरी तरह टूटी सड़क का मामला**

**डेढ़ दशक से टूटी सड़क और नाला का अभी तक नहीं कराया गया मरम्मत**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर-** नगर पंचायत सहजनवां के वार्ड 2 बोकटा से रमजीतैवा तक जाने वाली सड़क करीब डेढ़ दशक से टूट कर बेहाल पड़ी हुई। लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने इस सड़क का मरम्मत कराने की कोशिश नहीं किया। जिसको लेकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों टूटी सड़क पर खड़ा होकर प्रदर्शन किया। और प्रशासन से सड़क मरम्मत कराने की मांग किया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभिनाश ने कहा कि यह मार्ग करीब डेढ़ दशक से टूटा हुआ है। सड़क में एक से लेकर डेढ़ फीट तक गड्ढे बन चुके है। इसके अलावा पूरे नगर पंचायत के जल निकासी के लिए बनाया गया नाला भी टूट चुका है और धराशाही होने की कगार पर है। सड़क की जर्जर हालत यह है कि आए दिन राहगीर गिर कर चोटिल हो रहे है। कई बार जिम्मेदारों से सड़क मरम्मत कराने के लिए शिकायत किया गया लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। प्रशासन से मांग है कि एक माह के अंदर सड़क का मरम्मत नहीं कराया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होगे। प्रदर्शन करने वालो में निहाल,गब्बर, बृजेश कुमार,कर्मवीर निषाद, दशरथ, सुरेंद्र,पवन, आलोकवीरू, शिवम, मुकेश, प्रमोद, सौरभ,राधेश्याम, मुकेश, सुरेंद्र, सत्यपाल, इंद्रेश,राजू, राहुल, सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# गोरखपुर को मिला नया एसपी सिटी: आईपीएस पाटिल निमिष दशरथ ने संभाला कार्यभार, बोले—जनकेंद्रित पुलिसिंग से अपराध पर लगेगी लगाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद को सोमवार को नया एसपी सिटी मिल गया। वर्ष 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी पाटिल निमिष दशरथ ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने साफ संदेश दिया कि शहर में जनकेंद्रित पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाएगी और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मूल रूप से महाराष्ट्र के सोलापुर निवासी आईपीएस पाटिल इससे पहले गाजियाबाद में डीसीपी ट्रामा सेंटर के पद पर तैनात थे। वहां करीब तीन वर्षों तक उन्होंने कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन व्यवस्था को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई। अब गोरखपुर में उनकी तैनाती को लेकर पुलिस महकमे में नई कार्यशैली और सख्त प्रशासन की उम्मीद जताई जा रही है। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी सिटी पाटिल निमिष दशरथ ने कहा कि पुलिस का मकसद सिर्फ घटना के बाद कार्रवाई करना नहीं बल्कि अपराध होने से पहले ही उसे रोकना है। इसके लिए पुलिसिंग को और अधिक सक्रिय, संवेदनशील और जवाबदेह बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्काल निस्तारण उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार थाने या पुलिस कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने कहा कि शहर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस टीम को स्पष्ट निर्देश दिए जाएंगे। हर शिकायत की गंभीरता से जांच की जाएगी और यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कई शिकायतें आपसी विवाद, पारिवारिक मामले या जमीन से जुड़े मामलों की होती हैं, जिनमें प्रशासनिक और न्यायिक प्रक्रिया भी महत्वपूर्ण होती है। ऐसे मामलों में तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर ही निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी ने कहा कि पुलिस सभी पक्षों की बात सुनकर ही निर्णय लेगी। यदि कोई शिकायतकर्ता गलत जानकारी देकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आगामी ईद पर्व को देखते हुए शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी और पुलिस की गश्त भी बढ़ाई जाएगी। पुलिस का प्रयास रहेगा कि त्योहार आपसी सौहार्द, शांति और सुरक्षा के माहौल में संपन्न हो।

# परसपुर: अहिरन पुरवा में आग का तांडव, गरीब की गृहस्थी जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**परसपुर (गोण्डा)।** परसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मधईरपुर खांडेराय (अहिरन पुरवा) में रविवार दोपहर आग ने ऐसा विकराल रूप धारण किया कि एक गरीब परिवार की जमा-पूंजी और आशियाना पल भर में खाक हो गया। इस अग्निकांड में पीड़ित का हजारों का नुकसान हुआ है।दोपहर 3 बजे भड़की चिंगारी मिली जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 3:00 बजे ग्रामीण भगत राम के छप्पर में अचानक आग लग गई। तेज हवाओं और गर्मी के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते और आग बुझाने का प्रयास करते, आग ने पूरे छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया।नगदी और जेवरात समेत सब कुछ स्वाहा पीड़ित भगत राम ने भर्राए गले से बताया कि इस भीषण आग में उनकी जीवन भर की कमाई जल गई है। आग की भेंट चढ़ी वस्तुओं में मुख्य रूप से शामिल हैं: नगदी: अटैची में रखे 20,000 रुपये नकद। जेवरात व कीमती सामान: घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात। अन्य सामग्री: अटैची में रखे कपड़े, घर का दरवाजा और गृहस्थी का सारा राशन व सामान।

दमकल की देरी पर जताया रोष भगत राम ने बताया कि आग लगते ही उन्होंने तत्काल डायल 112 और दमकल विभाग (Fire Brigade) को सूचना दी थी। लेकिन आरोप है कि दमकल की गाड़ी सूचना के करीब 1 घंटे बाद मौके पर पहुँची। तब तक आग सब कुछ जलाकर राख कर चुकी थी। ग्रामीणों की मदद से जैसे-तैसे आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सिर्फ राख ही शेष बची थी। पुलिस को दी गई तहरीरपीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे आ गया है। इस संबंध में भगत राम ने परसपुर थाने में लिखित तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें उचित मुआवजा दिलाया जाए।

# तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकियू की किसान पंचायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** सदर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार, रसोई गैस की किल्लत और राजस्व संबंधी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सोमवार को तहसीलदार कार्यालय परिसर में किसान पंचायत आयोजित की। पंचायत के दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए छह सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष व किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि जनपद में रसोई गैस की भारी किल्लत से लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। एजेंसी संचालक मनमानी कर रहे हैं, जबकि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि एजेंसी मालिकों पर सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। भाकियू के पूर्वी उत्तर प्रदेश सचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि तहसील में बिना पैसे लिए वरासत और अंश निर्धारण में सुधार का कार्य नहीं किया जा रहा है। इससे किसानों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही ने आरोप लगाया कि सामान्य पैमाइश हो या दफा 24 के तहत कच्ची अथवा पक्की नापी, बिना रिश्वत दिए राजस्व कर्मी कोई काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले समय में तहसील में और बड़ी पंचायत आयोजित की जाएगी। पंचायत के अंत में तहसीलदार के.के. मिश्र मौके पर पहुंचे और भाकियू नेताओं से वार्ता कर छह सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन लिया। इस दौरान मंडल संयोजक शहीद ख्वाजा मंसूरी, जिला संयोजक सदानंद यादव, जिला महासचिव धनंजय सिंह, जिला सलाहकार मदन चौहान, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह, युवा जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह, युवा जिला उपाध्यक्ष बृजेश यादव सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# योजनाओं पर कमीशन का जाल, जनता भुगत रही खामियाजा: ऋषि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** आजाद हिन्द सेना के संस्थापक व अध्यक्ष अधिवक्ता ऋषि कुमार पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि जनपद में जनप्रतिनिधियों, अफसरों और ठेकेदारों के नापाक गठजोड़ के मकड़जाल में सरकारी योजनाएं उलझती जा रही हैं। हालात यह हैं कि 100 रुपये के काम में धरातल पर मुश्किल से 40 रुपये ही खर्च होते दिखाई देते हैं। बाकी पैसा कमीशन और बंद कमरों की सौदेबाजी में गुम हो जाता है। नतीजा साफ है—सड़कें कुछ ही महीनों में उखड़ जाती हैं, नई बनी इमारतों की दीवारें झरने लगती हैं और योजनाएं कागजों में चमकती रहती हैं। जब काम की पोल खुलती है तो जांच का खेल शुरू होता है। समितियां बनती हैं, फाइलें चलती हैं और अंत में जनता के माथे पर ही एक और खर्च का बोझ लाद दिया जाता है। उन्होंने बताया कि अब तो स्थिति यह है कि बड़े बजट के ठेके-पट्टे भी स्थानीय स्तर पर नहीं, बल्कि राजधानी से ही तय होकर आते हैं। हाल ही में ठेकेदार संघ के अध्यक्ष ने भी आरोप लगाया था कि कई जगहों पर विधायक बिना कमीशन के काम होने ही नहीं देते। जब विवाद बढ़ा तो कुछ माननीयों ने अपने ही पसंदीदा ठेकेदार खड़े कर दिए, जो हर बड़े काम में नजर आने लगे हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि रुद्रपुर के माननीय से जुड़े ठेकेदारों का कई जगहों पर दबदबा बन गया है। इधर जनता यूजीसी, गैस किल्लत और रोजमर्रा की समस्याओं में उलझी हुई है, उधर सत्ता के आसपास घूमने वाले लोग विकास के नाम पर जनता के पैसों पर हाथ साफ करने में लगे हैं। सवाल यह है कि जब योजनाएं ही कमीशन के जाल में फंस जाएंगी तो विकास का पहिया कैसे आगे बढ़ेगा। जरूरत इस बात की है कि व्यवस्था में पारदर्शिता आए और जनता के पैसे का हिसाब जनता को मिले।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्लड निकालने की अफवाह निकली झूठी, दो गुटों की मारपीट से जुड़ा मामला

**देवरिया।** क्षेत्राधिकारी सदर संजय रेड्डी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व मीडिया में जबरन ब्लड निकालने की खबर सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की गहन जांच की। जांच के दौरान संबंधित लोगों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड की भी पड़ताल की गई। जांच में सामने आया कि यह मामला लड़कों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट से जुड़ा है, जिस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी विवाद में एक पक्ष द्वारा यह अफवाह फैलाई गई कि जबरन ब्लड निकालने का धंधा किया जा रहा है। हालांकि जांच में पाया गया कि संबंधित लड़के स्वेच्छा से ब्लड डोनेट करने ब्लड बैंक गए थे। पूरे घटनाक्रम के आधार पर ब्लड बैंक के कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी पत्र भेजा गया है। पत्र में ब्लड बैंकों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और ऐसे नियम लागू करने की मांग की गई है, जिससे नाबालिग बच्चे रक्तदान न कर सकें।

### घरेलू गैस सिलेंडर से गाड़ियों के पार्ट्स की कटिंग, छापेमारी में तीन सिलेंडर बरामद

**देवरिया,** 16 मार्च। मुख्यालय से रुद्रपुर मार्ग पर अनुश्री उत्सव स्थल के पास प्रशासन की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के छापेमारी कर घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग का मामला पकड़ा। कार्रवाई के दौरान मौके से तीन घरेलू गैस सिलेंडर, पाइप और कटिंग गैस नोजल बरामद किए गए। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आलोक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक सन्नी देवल, गौरव शुक्ला व अन्य अधिकारियों की टीम ने यह कार्रवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि अछेबर पुत्र स्व. रामवृक्ष प्रसाद पुराने वाहनों के पार्ट्स की कटिंग के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल कर रहा था। मौके से इंडेन कंपनी के दो और एक अतिरिक्त घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए, जिनमें गैस भरी हुई थी। अधिकारियों ने जब संबंधित व्यक्ति से सिलेंडरों के कागजात मांगे तो वह कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। अधिकारियों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन है और यह आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दंडनीय अपराध है। बरामद सिलेंडरों को सुरक्षित रखते हुए संबंधित गैस एजेंसी को सुपुर्द कर दिया गया है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के अनुमोदन के बाद अछेबर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज करने के लिए कोतवाली थाना को पत्र भेजा गया है।

### युवक पर हुआ जानलेवा हमला, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात
पुलिस 112
आपात सेवाएं

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में युवक पर जानलेवा हमले को लेकर पीड़ित द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे लोका गांव में जगदीश प्रसाद द्विवेदी के पुत्र दीपक द्विवेदी ने दी गयी तहरीर में कहा है कि रविवार को दिन में तीन बजे जमीन के विवाद में आरोपियों द्वारा गाली गलौज करते हुए उस पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित के मुताबिक वह एक चाय की दुकान के पास पहुंचा तब दो आरोपियों ने गाली गलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों द्वारा मारपीट की गयी। थानाध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी का कहना है तहरीर मिली है जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गन्ना काट रहे किसान पर बाघ का हमला, दर्दनाक मौत

**● वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश।**

**● घटनास्थल पर दो घंटे के बाद भी नही पहुचे वन विभाग के कर्मचारी।**

**● हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने स्थित को किया काबू।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** महेशपुर वन रेंज क्षेत्र से सटे आबला बीट के नंदलालपुर गांव में सोमवार शाम 3 बजे एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ एक बाघ के हमले में 36 वर्षीय एक किसान मनोज कुमार (पुत्र गजोधर लाल) की जान चली गई। घटना के बाद से जहाँ पीड़ित परिवार में मातम पसरा है, वहीं ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है, क्योंकि सूचना के बावजूद विभाग की टीम मौके पर पहुंचने में दो घंटे से अधिक का समय लगा दिया।

जानकारी के अनुसार, हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नंदलालपुर निवासी मनोज कुमार सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे अपने घर से जानवरों के लिए गन्ने का चारा काटने निकले थे। गांव के दक्षिण में स्थित अपने गन्ने के खेत में वे लगभग 3 बजे गन्ने की 'आग' (ऊपरी हिस्सा) काट रहे थे, तभी अचानक गन्ने के खेत से एक बाघ निकला और मनोज पर जानलेवा हमला कर दिया। बाघ के हमले से मनोज बुरी तरह घायल हो गए। उनकी पीठ और चेहरे पर गंभीर घाव लगे। घटना स्थल पर मौजूद अन्य किसान, जो पास में ही गन्ना छील रहे थे, मनोज की चीख-पुकार सुनकर मौके की ओर दौड़े और जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ खेतों के अंदर ही भाग गया।

घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम व थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील मलिक ने बिना देर किए मौके पर पहुँचे। पुलिसकर्मियों ने गंभीर रूप से घायल मनोज को तुरंत अपनी गाड़ी में लादकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों की लाख कोशिशों के बावजूद मनोज को बचाया नहीं जा सका, और अस्पताल पहुँचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया।

इस दुखद घटना के बाद से मनोज के



परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणो ने बताया कि मृतक की लगभग एक महीने बाद शादी होनी थी, वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा और आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना मिलने के बावजूद वन विभाग की टीम दो घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मौके पर नहीं पहुँची, जिससे लोगों का गुस्सा और भड़क गया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वन विभाग समय रहते सक्रिय होता तो शायद ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती थीं। इस घटना ने एक बार फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष और वन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वही थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील मलिक ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाले हुये है।

# उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार संस्कृति विभाग लखनऊ तथा सी जी एन पी कॉलेज गोला के संयुक्त तत्वाधान में यू.पी का स्वतंत्रता आन्दोलन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** केन ग्रोअर्स नेहरू पी.जी.कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ खीरी के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश का स्वतंत्रता आन्दोलनः लखीमपुर के विशेष संदर्भ में अभिलेख प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रदर्शनी में छात्र/छात्राओं ने स्वतंत्रता आन्दोलन के आन्दोलन कारियों द्वारा लिखित मूल दस्तावेजों का अवलोकन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.पंकज सिंह ने इन अभिलेखों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में शिवदत्त मिश्र ने लखीमपुर जिले के स्वतंत्रता आन्दोलन पर विशेषकर असहयोग आन्दोलन एवं सविनय अवज्ञा आन्दोलन पर व्यापक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. सौरभ कुमार मिश्र सहायक आचार्य, एशियन कल्चर विभाग शशिभूषण बालिका विद्यालय डिग्री कॉलेज, लखनऊ ने बिस्मिल की कविता ''मिट गया जब मिटने वाला, फिर सलाम आया तो क्या। दिल की बरवादी के बाद उनका पयाम आया तो क्या'' के माध्यम से




लखीमपुर जनपद के स्वतंत्रता आन्दोलन क्रांतिकारी पहलुओं पर प्रकाश डाला। लखनऊ से ही प्रेम कुमार सहायक आचार्य इतिहास, नर्वदेश्वर लॉ कालेज ने लखीमपुर खीरी जनपद को कल्चरल मेल्टिंग प्वाइंट मानते हुए यहां की बहुसांस्कृतिक संपन्नता पर व्यापक प्रकाश डाला। प्रमोद कुमार सहायक आचार्य संस्कृत विभाग केन ग्रोअर्स नेहरू पी.जी. कॉलेज गोला ने लखीमपुर खीरी जनपद के सात्यिक एवं सांस्कृतिक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए अहिंसा, प्रेम, करूणा के माध्यम से साहित्य और लोक परंपराओं में स्वतंत्रता आन्दोलन के विशिष्ट आयामों की चर्चा की। साथ ही अमित कुमार यादव सहायक आचार्य समाजशास्त्र ने राजा लोने सिंह और उनके घोड़े का राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान पर व्यापक प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. गौरव अवस्थी सहायक आचार्य, भूगोल केन ग्रोअर्स नेहरू पी.जी. कॉलेज गोला गोकर्णनाथ खीरी ने जनपद लखीमपुर खीरी के ऐतिहासिक धार्मिक भौगोलिक तत्वों की व्याख्या करते हुए यह बताया कि उत्तर प्रदेश बलिदानियों में आदि और अंत लखीमपुर खीरी के बलिदानियों से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने लखीमपुर खीरी जनपद के गुमनाम आन्दोलन कारियों पर प्रकाश डालते हुए इस कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के संयोजक राजनीति शास्त्र विभाग प्रभारी विवेक कुमार सिंह रहे। इस अवसर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# कुकरा चौकी प्रभारी द्वारा ने लेकर दाम पीड़िता का नही किया काम

**● दलाल युक्त कुकरा चौकी राम भरोसे समाज**

**● पुलिस अधीक्षक और जिला अधिकारी से मिलकर पीड़िता ने सुनाई अपनी पीड़ा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर- खीरी।** आयशा बेगम पत्नी मुख्तार खा ग्राम व पोस्ट कुकरा थाना मैलानी जिला लखीमपुर खीरी ने बताया की उसका दामाद सिकन्दर आजम का धर्मकांटा कुकरा में ही स्थित है। जिस पर पास के रहने वाले आदिल पुत्र जाकिर अपने लोड ट्रेक्टर ट्राली का वजन पिछले कई महीनों से करा रहा था जिस पर कुल बकाया 600 पीड़िता के पुत्र शाबान की जिम्मेदारी पर उधारी चल रही थी। जब पीड़िता के दामाद ने पीड़िता के पुत्र शाबान से कहा आदिल से उधारी छः सौ रूपया दिलाओ तब पीड़िता के शाबान ने दिनांक 5 मार्च 2026 को उधारी की मांग करते हुए कहा कि धर्म कांटे का बकाया जमा करो जाकर ।तब विपक्षी आदिल ने गाली देकर ये कहा क्या हम बेइमानी कर लेंगे और भी बहन की गंदी गंदी गालियां देते हुए चला गया और कहा कि आइन्दा तगादा किया तो एक बीघा जमीन बेचकर निपट लेंगें।घटना दिनांक 6 मार्च 2026 समय लगभग शाम 7 बजे की है जब पीड़िता अपने घर पर थी विपक्षीगण जाकिर पुत्र माजिद,आदिल,आजम,साहिलपुत्रगण जाकिर पीड़िता के घर पर एक राय होकर लोहे की राड,मोटरसाइकिल की चैन लेकर आये और पीड़िता के पुत्र शाबान को आवाज दी ।शाबान से पहले इमरान घर से बाहर आया तो उसके सिर पर लोहे की राड से जानलेवा हमला किया इमरान के चीखने पर शाबान बाहर आये तो देखा छोटे भाई इमरान के सिर पूरा खून से सना हुआ था। शाबान के आ जाने पर आदिल ने लोहे की राड से शाबान के सिर पर वार किया शाबान ने बचाव किया तो राड सिर पर न लगकर दाहिने तरफ की हसली टूट गई थी। जिसकी मेडिकल रिपोर्ट एक्स-रे में स्पष्ट रूप से आया। उक्त प्रकरण का मास्टरमाइंड गुड्डू व उसका भाई रईश पुत्रगण रसीद के कहने पर हुआ जों कि पुरानी दुश्मनी का कारण था इन्ही लोगो ने पीड़िता के पुत्रों को पकड़ लिया और विपक्षी गण पीड़िता के पुत्रों पर जानलेवा प्रहार करते रहे। जाकिर पुत्र माजिद जो आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जो किसी न किसी षड्यंत्र रच सकता है उक्त का शिकायती पत्र पीड़िता ने दिनांक 7.03.2026 को दिया कुकरा चौकी प्रभारी अब्लिश कुमार ने पीड़िता से 22 हजार रूपए लेने के बावजूद 50 हजार रूपए और मांगे जा रहे हैं। पीड़िता की तहरीर बदल कर अंगूठा लगवाकर मु0अ.सं.0050/2026 धारा 115(2), 452,351(2) में एफआईआर दर्ज की जिसकी जानकारी पीड़िता को तहरीर पढ़वाने के बाद हुई पीड़िता अगूठा छाप है। पीड़िता न्याय के लिए दर दर भटक रही है। रूपए लिए गए तहरीर बदली गई मेडिकल रिपोर्ट में सच्चाई सामने आने के बावजूद पुलिस से पीड़िता को न्याय नहीं मिला । उल्टे दबाव डाला जा रहा है की कुकरा चौकी और रूपए देने का नाम आया तो वह हाल किया जाएगा की सात पुस्ते याद करेगी। पीड़िता के मेडिकल के आधार पर एफआईआर में धारा-बढाई जाए 11 दिनों से न्याय के लिए दर दर भटक रही दोनों के चोटिल पुत्रो का इलाज और विपक्षियों की धमकी पुलिस की एकपक्षीय कार्रवाई से आत्महत्या के लिए मजबूर हैं। पीड़िता ने जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक खीरी से मिलकर अपनी पीड़ा सुनाई है।

# आपसी मतभेद भुलाकर सबको गले लगाने का पर्व है होली:- अरविन्द गुप्ता

**कलाकारों के संगीतमय होली गीतों पर जमकर झूमें लोग।**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रविवार 15 मार्च कुम्हारन टोला गोलागोकर्णनाथ स्थिति भाजपा कैम्प कार्यालय गौशाला में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि मा0 भाजपा जिलाध्यक्ष खीरी अरविन्द गुप्ता ,विशिष्ट अतिथि मा0 लोकेन्द्र प्रताप सिंह सभापति पंचायती राज समिति / विधायक मोहम्मदी ,जिला प्रभारी/सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग वासुदेव मौर्य,मा0 योगेश वर्मा विधायक लखीमपुर सदर ,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा,कार्यक्रम अध्यक्ष सुर्जन लाल वर्मा पूर्व चेयरमैन भूमि विकास बैंक उ0प्र0 के स्वागत एवं अभिवादन से किया गया। कार्यक्रम के आयोजक नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी आगंतुक अतिथियों का ढोल नगाड़ों से कार्यालय के मुख्य द्वार पर स्वागत किया।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के कार्यक्रम में कलाकारों ने संगीतमय होली गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। होली मिलन समारोह में आशीर्वाद देते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता ने कहा,' होली का पर्व आपसी मतभेद भुलाकर सबको गले लगाने का पर्व है।भारतीय जनता पार्टी भी सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास की भावना से काम करती है।होली के पर्व पर आपसी मतभेद भुलाकर 2027 के लिए काम करना है।

विशिष्ट अतिथि मा0 लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि,' होली का पर्व समरसता का त्योहार है क्योंकि होली के रंगों में ऊँच-नीच, छोटे-बड़े, अमीर-गरीब का भेद मिट जाता है। विशिष्ट अतिथि लखीमपुर सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि,' होली का पर्व मिलन का पर्व है, सभी से होली के पावन पर्व पर मुलाकात हो जाती है। जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने कहा,' होली का पर्व समरसता का पर्व है।सम्बन्धों के रिन्यूअल का पर्व है। पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने कहा,' गोला से हमारा गहरा नाता है। होली मिलन समारोह के आयोजक नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि,' आप सबके अपार प्रेम एवं स्नेह के लिए ऋणी रहूँगा।समय की बाध्यता के कारण सभी के घरों तक पहुंचना कठिन होता है तो होली मिलन समारोह से सभी अपनो से एक





साथ मिलना हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन संजीव दीक्षित ने किया। तथा कार्यक्रम अध्यक्ष सुर्जन लाल वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। होली मिलन समारोह में प्रमुख रूप से चेयरपर्सन मैलानी कीर्ति माहेश्वरी, भाजपा नेत्री डा0 प्रीती पाण्डेय, कबीरधाम के संत प्रवीणदास, फलाहारीबाबा, व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी सहित हजारो लोगो के सहित नगरवासी मौजूद रहे।

## मंदिर पर चोरों ने बोला धावा

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में सुंदरवल चौकी के अंतर्गत ग्राम सिकटिहा कुसुमौरी स्थित श्रीकुबेर धाम मंदिर पर चोरों ने धावा बोलकर वहां लगे बल्ब हॉर्न व तार आदि चुरा ले गए तथा मंदिर में लगा हुआ नल भी तोड़ डाला अभी थोड़े समय पहले अक्टूबर 2025 में इस मंदिर का निर्माण हुआ था तब से इस मंदिर में ग्रामीण लोग पूजा अर्चना कर रहे हैं। मंदिर में हुए इस वारदात की सूचना ग्रामीणों ने सुंदरवल पुलिस चौकी को दी पुलिस ने मौके का मुआयना कर ग्रामीणों को कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि करीब 6 माह पूर्व इसी ग्राम में देवी मंदिर व गुरुद्वारे में भी चोरी को अंजाम दिया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई चोर पकड़े नहीं जा सके हैं।

## संस्कृत जगत के मूर्धन्य विद्वान पंडितराज शालिग्राम मिश्र का निधन, मणिकर्णिका घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

**सुल्तानपुर।** कादीपुर क्षेत्र के ग्राम कटसारी निवासी एवं साधुवेला संस्कृत महाविद्यालय वाराणसी के सेवानिवृत्त प्राचार्य पंडितराज शालिग्राम मिश्र का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने चैत्र कृष्ण एकादशी, शनिवार को अपने पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से संस्कृत जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पंडितराज शालिग्राम मिश्र संस्कृत जगत के मूर्धन्य विद्वानों में गिने जाते थे। वे मूलतः व्याकरण शास्त्र के प्रकांड विद्वान थे, साथ ही न्याय, वेदांत, दर्शन, ज्योतिष, धर्मशास्त्र और साहित्य जैसे विषयों पर भी उनका गहन अधिकार था। उनकी विद्वता की ख्याति उत्तर भारत के साथ-साथ दक्षिण भारत की विद्वत सभाओं में भी समान रूप से रही। उन्होंने लंबे समय तक वाराणसी स्थित साधुवेला संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में सेवाएं दीं और संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी शिष्य परंपरा भी अत्यंत समृद्ध रही। उनके प्रमुख शिष्यों में स्वर्गीय प्रोफेसर राममनोहर मिश्र (सम्पूर्णानंद संस्कृत



विश्वविद्यालय), प्रोफेसर माधवेन्द्र जी (पूर्व कुलपति, नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय) और डॉ. अम्बरीष मिश्र (पूर्व प्राचार्य, श्री पंचायती स्वामी ब्रह्मानंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय बस्ती) शामिल हैं। 100 वर्ष की आयु में भी पंडितराज शालिग्राम मिश्र पूरी तरह स्वस्थ थे और अपने पैतृक आवास पर रहकर विद्यार्थियों व संस्कृत के जिज्ञासु जनों की शंकाओं का शास्त्रीय समाधान करते रहते थे। उनका अंतिम संस्कार 15 मार्च, रविवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान काशी के अनेक संस्कृतानुरागी आचार्य, विद्वान और विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन से संस्कृत जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

# सपा के होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ नेता जुटी अपार भीड़

**● होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन समेत कई बड़े नेताओं ने लिया भाग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/नवाबगंज** के बलदेव राज सूरी बारात घर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए समारोह पहुंचाने वालों का पूर्व ब्लाक प्रमुख ने दरवाजे पर खड़े होकर स्वागत किया इस कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों का जोरदार स्वागत किया गया कार्यक्रम के लिए बनाए गए पंडाल में जगह न रहने के बाद लोग इधर-उधर खड़े होकर देखते रहे समझ में पहुंचे पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार ने भारी मात्रा में एकत्रित होने पर जनता का आभार व्यक्त किया और उन्हें होली की बधाई दी यहीं पर पूर्व सांसद पूर्व मंत्री प्रवीण सिंह ऐरन ने भी होली मिलन कार्यक्रम को एक सफल कार्यक्रम की संज्ञा देते हुए। कहा इतनी मात्रा में एकत्रित हुए लोग इस चीज को साबित करते हैं कि देश व प्रदेश की सरकार जनता में अपना विश्वास खो चुकी है जिसके तहत अब लोग भेदभाव जातिवाद से उभरकर प्रदेश में बदलाव लाना चाहते हैं उन्होंने लोकसभा चुनाव में प्रदेश का जो परिणाम भाजपा के विपरीत रहा उसकी भी





सराहना करते हुए कहा अब विधानसभा चुनाव में भी बदलाव देखने को मिलेगा यह यहां पर उपस्थित भीड़ प्रदर्शित करती है के अब बदलाव की आंधी चल रही है इसी कार्यक्रम में बहेड़ी के विधायक अताउर रहमान ने भी संबोधित किया और कहा जनता अब हिंदू और मुसलमान के बीच जहर खोलने वाले राजनीतिक दलों को सबक सिखाने का कार्य करेगी यहीं पर शुभलेश यादव ने भी संबोधित करते हुए होली के पर्व पर भाईचारे का संदेश देने का पर्व कहते हुए कहा होली का पर्व भी समाजवाद का पर्व है क्योंकि इस पर्व पर लोगों को आपसी भेदभाव बुलाकर एक दूसरे के गले मिलकर बुराइयों को छोड़ने का पर्व होली है यह सभी के मिलकर मनाने के कारण यह भी समाजवाद का पर्व होली भाईचारे का संदेश देती है इसलिए अब आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में बदलाव देखने को मिलेगा नवाबगंज में आज सपा के होली मिलन समारोह में जो भीड़ जुटी इसे देखकर लोगों की आंखें खुली रह गई लोगों का मानना है। होली मिलन कार्यक्रम का आयोजित होना आगामी विधानसभा का मार्ग भी निश्चित करेगी जो आज की भीड़ से एहसास कराती है इस कार्यक्रम में सफल आयोजन के लिए यहां पर उपस्थित हुए वरिष्ठ नेताओं ने क्षेत्र की जनता को बधाई दी यहां पर उपस्थित पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार पूर्व सांसद पूर्व मंत्री प्रवीण सिंह ऐरन पूर्व सपा जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप पूर्व सपा जिला अध्यक्ष गम मौर्य बहेड़ी विधायक अताहुर रहमान पूर्व ब्लाक प्रमुख नरोत्तम दास मुन्ना तेज प्रकाश गंगवार सेथल नगर पंचायत अध्यक्ष कमर एजाज सानू जिला पंचायत सदस्य नीलम गंगवार अरविंद कुमार व छेड़ लाल दिवाकर नवाबगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शीशपाल सिंह गंगवार नवाबगंज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण एडवोकेट सरिता यादव जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष के साथ ही नुक्ता प्रसाद विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार राधा कृष्ण और पप्पू बादशाह पूर्व प्रधान सुरेंद्र कुमार गंगवार शिशुपाल गंगवार समेत सपा के तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे इस कार्यक्रम को भदपुरा के पूर्व ब्लाक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार के द्वारा आयोजित किया गया था यहां पहुंची भारी भीड़ से सभी नेता हुए गदगद जनता को दी बधाई।

## 40 दिन से लापता ऋतिक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**● ऋतिक के परिजनों का आरोप पुलिस खोजबीन करने में कर रही लापरवाही यदि पुलिस करे कड़ाई से पूछताछ तो होगा घटना का खुलासा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** 40 दिन से लापता 19 वर्षीय रितिक यादव के परिजनों ने आज पुलिस अधीक्षक खीरी को प्रार्थना पत्र देकर अपने लापता बेटे की बरामदगी कराए जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में परिजनों का आरोप है कि यस एच ओ मैलानी लापता रितिक की खोज में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। लापता रितिक की मां के अनुसार थाना प्रभारी मैलानी रितिक की खोजबीन करने के बजाय उल्टा उन्हें पर दबाव बना रहे हैं और कह रहे हैं कि आपका बेटा किसी लड़की को भगा ले गया है द्य इसका मतलब तो यह है कि उनको जानकारी है कि वह किस लड़की को भगा ले गया है?और कहा है?वही सूत्र बताते है कि लापता रितिक का उसी के स्कूल में पढ़ रही एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था उसी लड़की से एक अन्य लड़के का भी प्रेम प्रसंग चल रहा था । परिजनों ने आशंका जताई है कि शायद उनके लड़के को रास्ते से हटाने के चलते तो नहीं कहीं गायब कर दिया गया है? क्या कारण है कि उस लड़के ने घटना की जानकारी होते ही अपना फोन और सिम बदल दिया? जो यक्ष प्रश्न बना है। यदि थानेदार मैलानी उक्त लड़के से करें थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ और पुरानी सिम और मोबाइल बदलने का पूछे कारण तथा पुराने सिम मंगवा कर उसकी निकलवाई जाए कॉल डिटेल और लोकेशन तो निश्चय ही पता चल जाएगा और सच्चाई खुलकर सामने आ जाएगी। परिजनों का यहां तक आरोप है कि थाना मैलानी पुलिस जानबूझकर अनजान बनी है और पुलिस अधीक्षक को भी गुमराह करने का प्रयास कर रही है। कि ऋतिक की माँ ने एसपी खीरी के सामने ही कहा कि मेरे सामने कोई बयान नहीं लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित पक्ष के सामने बयान लेने के भी निर्देश प्रभारी, निरीक्षक मैलानी को दिए हैं। वैसे भी आजकल मैलानी पुलिस के कई कारनामे अखबार की सुर्खियां बने हैं चाहे वह मामला आजम वाला हो जिसमें 22000 वसूले गए और नाम निकालने के नाम पर 50000 की मांग की जा रही है पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक खीरी से कर जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जिसकी कई रिकार्डिंग ,मौजूद हैं जानकार सूत्र तो यहां तक बताते हैं की चौकी प्रभारी, द्वारा पैसा वापस करने की बात कही है जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है।त्त यह पहला मामला नहीं है ऐसे कई अन्य मामले हैं

दूसरा मामला थाना मैलानी में दर्ज मुकदमा में गिरफ्तारी की धारा होने के बाद भी विद्वान चौकी इंचार्ज द्वारा पैसा लेकर आरोपी को चौकी से छोड़ दिए जाने के आरोप जटपुरा निवासी शौकत की पत्नी ने लगाए हैं। वहीं तीसरा मामला हरदुआ निवासी पिंकी पत्नी बिंदर पाल दर्शन और जगन्नाथ द्वारा फर्जी कागजात तैयार करके हरिराम को

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

मृतक दिखाए जाने के मामले में भी थाना मैलानी में दी गई शिकायत में 50000 लेकर मामले को रफा दफा करने की बात जगन्नाथ द्वारा कहीं गई है। यह बात ऐलानिया जगन्नाथ द्वारा गांव में कई जगह कहीं गई है कई जगह जगन्नाथ को यह चर्चा करते सुना जा सकता है कि चौकी प्रभारी ने मामला निबटाने की गारंटी ली है पचास हजार में सब फ़ाइनल उक्त पैसे वाली बात मामला मैनेज कराने वाले वकील ने बताई जिसकी रिकार्डिंग मोबाइल में कैद है।मिली जानकारी के अनुसार उक्त पैसे में से साहब को साठ प्रतिशत पहुंचाया गया है।पुलिस अधीक्षक खीरी को दिए गए प्रार्थना पत्र में ऋतिक के परिजनों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लापता पुत्र की तत्काल बरामदेगी कराए जाने की मांग की है परिजनों का आरोप है कि जिन पर वह आशंका जाता रहे हैं उनको मैलानी पुलिस संरक्षण दे रही है यही कारण है कि उनको थाने लाकर कड़ाई से पूछताछ नहीं की जा रही है यदि कड़ाई से की जाती पूछताछ तो सार्थक परिणाम निकल सकता था उक्त आरोप लापता ऋतिक के परिजनों द्वारा लगाए गए हैं।अब देखना है कि थाना प्रभारी साहब क्या कार्रवाई करते हैं या कोई नया फार्मूला ढूंढ निकालते हैं।

## विकास योजनाओं की सौगात से सजेगा रामपुर खास-प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा स्वीकृत करायी गयी पक्की सड़क का समारोहपूर्वक भूमिपूजन किया। लोकनिर्माण विभाग से बनने वाली 55 लाख रूपये लागत की यह सड़क हाईवे से बड़ा राजा का पुरवा तक बनेगी। स्वीकृत पिच रोड की लम्बाई 800 मीटर है। यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुर खास में विकास की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का संचालन तेजी से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सड़क तथा बिजली व पेयजल एवं सुरक्षा के वातावरण में इस क्षेत्र का विकास औद्योगिक क्षेत्र को भी आकर्षक पैकेज देने की ओर है।



उन्होंने लोगों से विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराने में सहयोग भी मांगा। सांसद प्रमोद तिवारी ने सुदृढ़ विकास के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयासों की सराहना भी की। सभा की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन हरि बहादुर सिंह हर्ष ने किया। संयोजक पप्पू तिवारी व प्रधान भूपेन्द्र यादव राजू की अगुवाई में ग्रामीणों द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत भी हुआ दिखा।लोगों में सड़क सौगात को लेकर प्रसन्नता भी देखी गयी। इस मौके पर पूर्व प्रमुख ददन सिंह, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, मो. असलम, हाजी अनवर अली, अनीश देहाती, हरिकेश बहादुर सिंह चैहान, छोटे लाल सरोज, कबीरदास, ओमप्रकाश यादव, भइयाराम तिवारी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भदोही के आयुष यादव ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता रजत पदक, जिले का बढ़ाया मान



**भदोही।** कोइरौना क्षेत्र के केवटाही गांव निवासी युवा एथलीट आयुष यादव ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। बेंगलुरु में आयोजित पांचवीं इंडियन ओपन जंप प्रतियोगिता 2026 में आयुष यादव ने लंबी कूद स्पर्धा में 7.26 मीटर की छलांग लगाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 14 और 15 मार्च को अंजू बॉबी उच्च प्रदर्शन केंद्र में आयोजित हुई, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आयुष यादव ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। आयुष यादव केवटाही गांव निवासी रामशिरोमणि यादव के पुत्र हैं। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर उनकी यह उपलब्धि भदोही जिले के लिए गर्व की बात मानी जा रही है। आयुष की इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संघ की बैठक, राष्ट्रपति सहित अन्य को पत्र भेजने का आह्वान




**गोपीगंज।** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक रविवार को प्राथमिक विद्यालय पड़ाव गोपीगंज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने की। बैठक में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा मुख्य न्यायाधीश को पोस्टकार्ड और ईमेल भेजे जाएंगे।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता का कानून शिक्षकों की सेवा समाप्ति के साथ-साथ स्कूलों को बंद करने की साजिश है। प्रांतीय अध्यक्ष सुशील पांडेय के नेतृत्व में देशभर के शिक्षक आंदोलनरत हैं। उन्होंने शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में पत्र और ईमेल भेजकर सरकार व जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में विनोद दुबे, राजबली उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, के के मौर्य, मनोज शुक्ला, अनिल सिंह, कन्हैया यादव, प्रदीप सिंह, अजय तिवारी, मुकेश पांडेय, रजनीश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मनबढ़ पड़ोसियो ने घर मे किया तोड़ फोड़,पीड़ित ने दी तहरीर




**गोपीगंज।** कोतवाली के गांधी गांव में मनबढ़ पड़ोसियो द्वारा घर मे लगे लूम उखाड़ कर फेकने तोड़ फोड़ व घर गिराने का मामला सामने आया है, पीड़ित महिला ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर एक लाख रुपए का नुकसान करने का आरोप लगाते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है, गांव निवासी अतहर की पत्नी रुबीना ने प्रार्थना पत्र देकर पड़ोसी कल्लू,राजू,सानियाल व तालिम पर घर तोड़ने का आरोप लगाया,बताया कि लगभग चालीस वर्ष से आबादी की जमीन मे घर बनाकर परिवार के साथ रहती है, सोमवार को सुबह लगभग आठ बजे चारों व्यक्ति हाथ मे लाठी डंडा लेकर गाली देते हुए घर मे तोड़ फोड़ करने लगे, घर मे लगे लूम के साथ आलमारी ,बक्सा व अन्य घरेलू सामान निकाल कर फेंक दिया और घर गिरा दिया,रोकने पर मारपीट करने लगे जिसमें उनका पुत्र आतीश घायल हो गया,कहा कि घर गिराने से ईद के लिए रखे गए सामान के साथ लूम आदि नष्ट हो जाने से लगभग एक लाख का नुकसान हो गया, जाते समय पड़ोसियो ने जान से मारने की धमकी दी है।

## जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर विकास भवन सभागार में बैठक, अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

● जिलाधिकारी के निर्देशन में जनगणना संबंधी बैठक एवं प्रशिक्षण आयो जित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुमार वीरेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में जिला एवं चार्ज स्तर के जनगणना अधिकारियों के प्रशिक्षण तथा जनगणना कार्य के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जनगणना कार्य से संबंधित प्रशिक्षण प्रबंधन, फील्ड ट्रेनर के प्रशिक्षण, नामांकन प्रक्रिया तथा उपस्थिति के सत्यापन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में अधिकारियों को अवगत कराया गया कि भारत की आगामी जनगणना वर्ष 2027 में दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में वर्ष 2026 में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना तथा द्वितीय चरण में वर्ष 2027 में जनसंख्या गणना का कार्य संपादित किया जाएगा। जनगणना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक एवं आर्थिक जानकारी एकत्र की जाएगी, जिसका उपयोग योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के उचित वितरण तथा विकास कार्यों के लिए किया जाता है। जनगणना की समस्त जानकारी गोपनीय रखी जाती है तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जनगणना से संबंधित सभी कार्यों की नियमित रूप से निगरानी करते हुए समयबद्ध ढंग से संपादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन के निर्देशों का पालन करें।

बैठक में जनगणना कार्य की तैयारियों, प्रशिक्षण एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, अधिशासी अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह, जनगणना कर्मी निदेशालय लखनऊ हेमंत कुमार वर्मा एवं पंकज कुमार वीडियो सांख्यिकी अशोक पांडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर की करीब दो करोड़ की संपत्ति कुर्क, डुगडुगी बजाकर चस्पा किया गया नोटिस बोर्ड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** संगठित अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भदोही पुलिस और प्रशासन ने गैंगस्टर अभियुक्त की करीब दो करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। कार्रवाई के दौरान ईट भट्ठे पर डुगडुगी बजाकर कुर्की का नोटिस बोर्ड भी चस्पा किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में यह कार्रवाई थाना कोईरौना क्षेत्र में की गई। पुलिस के अनुसार थाना कोईरौना में दर्ज गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत गैंग लीडर मायापति दुबे पुत्र काशी प्रसाद दुबे तथा उसके सहयोगियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

जांच में सामने आया कि अपराध से अर्जित धन से गैंग के सदस्य करुणापति दुबे की पत्नी कविता दुबे के नाम पर ग्राम फुलवरिया में गाटा संख्या 50 व 39 पर त्रिपति ईट उद्योग के नाम से ईट भट्ठा बनाया गया था, जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ साठ लाख रुपये आंकी गई है।

जिला मजिस्ट्रेट शैलेष कुमार के आदेश पर गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के तहत उक्त ईट भट्ठा सहित तीन ट्रैक्टर व एक जेसीबी को कुर्क किया गया। पुलिस के अनुसार कुर्क की गई चल-अचल संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ अट्ठानवे लाख सोलह हजार रुपये है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संगठित अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## इफ्तार कार्यक्रम आयोजित




**चुनार, मीरजापुर।** सोमवार को नगर के नूरी नगर में एसएसएफ द्वारा एपेक्स मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नूरी नगर में गुलाम गोस राईन के दौलतखाने पर आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में मेडिकल छात्रो सहित अन्य मेहमानों ने शिरकत की और रोज़ा इफ्तार किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलाना अबू तालीब अजहरी ,विशिष्ट अतिथि मो रिजवान रहे। दोनों वक्ताओं ने अपने संबोधन में संगठन के उद्देश्यों और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसएसएफ मूल रूप से केरल की एक मुख्य सामाजिक और शैक्षिक संगठन है।कार्यक्रम के अंत में देश में अमन, भाईचारे और तरक्की के लिए दुआ की गई।

## होली मिलन समारोह में कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** नैनागढ वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा होली मिलन समारोह के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार की शाम नगर के बालूघाट स्थित संत साईधाम पर आयोजित हास्य ब्यंग्य कविसम्मेलन मे मध्यप्रदेश, प्रयागराज, रायबरेली, गहमर, वाराणसी, चन्दौली सहित क्षेत्र के अदलहाट, अहरौरा एवं नगर के कई कवियों ने काब्य पाठ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराया। काब्यपाठ का शुभारम्भ गितकार मनोज 'मधुर 'ने होली पर आधारित काब्य रचना सजा के रखी हैएक आस फागुन मे, आयी है ऋतुराज तो सुगन्ध लिजिए हसेगीं कलिया, भवरो ने अनुबन्ध किए सुनाकर किया। वही कवि सुरेन्द्र मिश्रक्कअंकुरक्कने ई इण्डिया का हव, भारत कहे मे लाज लगत थव। तो नरसिंह साहसी ने आम बऊरल, महुआ उचाए लगल सुनाया। तो वीभा सिंह ने अपने गीत के माध्यम से कृष्ण व राधा के प्रेम को दर्शाते हुए काब्यपाठ प्यार की बंशी बोले कान्हा की, जब भी बोले गीत, कोई हो युग बनकर बावरिया राधा डोलेगी सुनाकर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी के साथ विहरी लाल 'अम्बर', हास्य सम्राट ' नर कंकाल 'व कुशल मंच संचालन कर रहे मिथलेश 'गहमरी' राजेश मिश्र ज्योति, राकेशब राही ने एक से बढकर एक काब्यपाठ सुनाकर श्रोताओ को वाहवाही के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल, लक्ष्मी शंकर पांडे, यूथ अध्यक्ष सौरभ पुजारी, धीरेन्द्र सिंह, अन्नू तिवारी, सभाजीत सिंह, नीरज पांडेय, घनश्याम दीक्षित, अखिलेश मिश्र बच्ची, अफसर अली, आलोक श्रीवास्तव, विकास कश्यप, सूर्यबली यादव, चंद्रहास गुप्त , संजय साहू, ब्रह्मानंद कुशवाहा, अमित गुप्ता, मंत्री यादव, करतार सिंह, नवीन कन्नौजिया, मनीष राय, शितला प्रसाद यादव व कार्यक्रम सहित बडी संख्या मे नगर के संभ्रान्त व बुद्धजीवी मौजूद रहे।

## मीरजापुर में संस्कार भारती की बैठक, शोक सभा आयोजित; चैती महोत्सव स्थगित




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** संस्कार भारती मीरजापुर इकाई की बैठक संस्था की अध्यक्ष पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नारघाट स्थित भारतीय शिशु मंदिर में संपन्न हुई। बैठक के दौरान प्रांत अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद अवस्थी के ज्येष्ठ भ्राता, पूर्व कोषाध्यक्ष रमेश बाबू के भतीजे, वर्तमान सहमहामंत्री विजय कुमार श्रीवास्तव की दादी तथा पूर्व महामंत्री संतोष तिवारी के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई।

इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि पक्का घाट पर 17 मार्च 2026 को प्रस्तावित चैती महोत्सव को फिलहाल कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया जाए। बैठक में विशेष रूप से काशी प्रांत अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद अवस्थी, डॉ. संदीप श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद अवस्थी, राजकुमार पाहवा, सोमेश्वर पति त्रिपाठी, रामधनी पाल, अश्वनी कुमार पांडेय, शिवराम शर्मा, आशुतोष सोनी, शोभा उपाध्याय, शिवलाल गुप्ता, सुरेश मौर्य एवं शैला श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बैठक का प्रारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ तथा समापन वंदे मातरम के साथ किया गया। बैठक का संचालन महामंत्री शिवराम शर्मा ने किया।

### पानी भरी बाल्टी में डूबने से बालक मौत



**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मझिगवा मतवार गांव में बाल्टी के पानी में बालक के डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले आए जहाँ चिकित्सक ने मौत घोषित कर दिया।परिजनों ने बिना पुलिस के सूचना दिए दाह संस्कार कर दिए। सोमवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के मझिगवां मतवार गांव निवासी अरुण का डेढ़ वर्षीय बेटा अंकित घर में दादी सुगनी के पास था दादी घर के अंदर सो रही थी।इसी बीच दोपहर बालक को प्यास लगी और गिलास लेकर बाल्टी के पास गया भरी बाल्टी से जैसे ही पानी निकलने लगा कि पैर फिसल गया सिर की तरफ बाल्टी के अंदर चला गया और निकल नहीं सका उस समय परिजन खेत में काम करने गये थे 1 घंटे बाद सरसों की कटाई कर पिता अरूण तथा माता राजकुमारी आए तो देखे।आनद फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया। मृतक दो बहनों में छोटा था। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि डेड वर्षीय बालक की बाल्टी के पानी में डूबने से मौत हो गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है। ग्राम प्रधान लाल बहादुर पाल ने बताया कि डेढ़ वर्षीय बालक के बाल्टी भरी पानी में डूबने से मौत हो गई है।

## सरायकंसराय डाकघर में बड़ा खुलासा हजारों पत्र और सैकड़ों स्पीड पोस्ट दबाकर रखे गए




**भदोही।** जनपद के सरायकंसराय स्थित डाकघर में शिकायत के बाद सोमवार को डाक विभाग की टीम ने छापेमारी की तो चौंकाने वाला मामला सामने आया। कार्रवाई के दौरान वर्ष 2024, 2025 और 2026 के हजारों पत्र और करीब चार से पांच सौ स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री दबाकर रखे हुए बरामद किए गए। बताया जा रहा है कि मामले की शिकायत परमेंद्र कनौजिया ने डाक निरीक्षक को दी थी, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर इतने वर्षों से लोगों के जरूरी पत्र और दस्तावेज किस लापरवाही के चलते दबे रहे? फिलहाल डाक विभाग पूरे मामले की जांच में जुटा है और जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## बस्ती के बीच शराब की दुकान खोलने का महिलाओं ने किया विरोध, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** भदोही तहसील के ग्राम सभा दानपुर पश्चिम पट्टी की महिलाओं ने बस्ती के बीच प्रस्तावित शराब की दुकान खोलने का विरोध किया। सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं और प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दुकान को बस्ती से दूर स्थापित करने की मांग की।

महिलाओं ने जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि गांव में बड़ी संख्या में परिवार रहते हैं और आसपास महिलाएं व बच्चे भी रहते हैं। ऐसे में यदि बस्ती के बीच शराब की दुकान खोली जाती है तो महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

महिलाओं का कहना था कि शराब की दुकान खुलने के बाद नशे में धुत लोग अक्सर अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे क्षेत्र में विवाद और अप्रिय घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की कि शराब की दुकान को बस्ती से दूर किसी अन्य स्थान पर स्थापित कराया जाए। इस दौरान रेखा देवी, सुनीता, उर्मिला, शिवरानी, संजू, आशा और नगीना देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहें।

## भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना) का 26वा वार्षिक महाधिवेशन का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति, एक अखिल भारतीय स्तर का अराजनैतिक, अलाभकारी, आशासकीय स्वयंसेवी संगठन है, जिसका मुख्यालय लखनऊ में है। इसकी शाखाएं सोनभद्र नोएडा (एन.सी. आर. दिल्ली तथा जनपद उन्नाव में हैं। इसकी उन्नस सहयोगी संस्थायें भी हैं। लखनऊ तथा अन्य शाखाओं को मिलाकर इसके एक हजार से अधिक सदस्य है। इसका रजिस्ट्रेशन वर्ष 2000 में सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत कराया गया। यह वरिष्ठ नागरिकों निराश्रित महिलाओं, विधवा महिलाओं, तथा विकलांग व्यक्तियों की सेवा के लिए समर्पित संगठन है। भावना द्वारा विशेष रूप से निम्नलिखित जन कल्याणकारी कार्य किये जाते हैं। भावना के सदस्यों के सहयोग के लिय लखनऊ के अनेक प्रसिद्ध अस्पतालों, जैसे अपोला मेडिक्स अस्पताल, मैक्स हॉस्पिटल, आस्था वृद्धरोग चिकित्सालय, मेदान्ता अस्पताल, एपेक्स एक्यूपंचर सेन्टर अस्पताल, एस0सी0 त्रिवेदी स्मारक ट्रस्ट अस्पताल, सुधांशु अग्रवाल डेण्टल क्लीनिक, अवध अस्पताल से अनुबन्ध (एम.ओ.यू.) किया गया है, जिससे भावना के सदस्यों को सस्ती और सुलभ चिकित्सा प्राप्त होती है।

भावना के द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा 1 से 12 तक के लगभग 150 निर्धन एवं प्रतिभावान छात्र/छात्राओं की फीस की आंशिक प्रतिपूर्ति के रूप में विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा सहायता प्रदान की जाती है। कक्षा 1 से 8 तक के नये छात्र/छात्राओं का चयन किया जाता है। फिर इन्हीं छात्र/छात्राओं में जो 60 प्रतिशत से अअधिक अंक लाते हैं, उनको कक्षा 12 तक की शिक्षा के लिये सहायता प्रदान की जाती है। जो छात्र कक्षा 12 उत्तीर्ण करके स्नातक शिक्षा हेतु जाते हैं उनकी परिस्थिति तथा उनके द्वारा प्राप्त अंकों को आधार पर शिक्षा सहायता दी जाती है। इस वर्ष छात्र/छात्राओं को स्नातक शिक्षा हेतु सहायता दी गई है। इसके अतिरिक्त भावना द्वारा दो छात्राओं को बी0टेक0 तथा एक छात्र को डप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग हेतु पूर्ण शिक्षा प्रदान की गयी। भावना के द्वारा प्रतिवर्ष लखनऊ जनपद तथा आसपास की जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 कैंप लगाकर ग्रामीणों को केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है। इसके पश्चात आए हुए गरीब बुजुर्गो विधवा महिलाओं विकलांगों तथा निर्बल असहाय व्यक्तियों को प्रति कैंप 100 नए ऊनी कंबल तथा पुराने उपयोगी वस्त्रों का वितरण किया जाता है। भावना द्वारा आस्था वृद्धरोग अस्पताल व एस0सी0 त्रिवेदी स्मारक अस्पताल के साथ संयुक्त रूप से प्रतिवर्ष शीत ऋतु में वृद्धि निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन किया जाता है।

विभिन्न रोगों के अलग-अलग डॉक्टरों द्वारा परीक्षण किया जाता है तथा हजारों रुपयों की विभिन्न जांचें निःशुल्क कराई जाती है। डॉक्टरों के परामर्शनुसार एक सप्ताह से 10 दिन तक की यथावश्यक दवाइयां निशुल्क दी है। इस वर्ष यह का कैंप बाल निकुंज इंटर कॉलेज महबुल्लापुर में आयोजित किया गया था। कैंप मैं 32 स्टाल लगाए गए थे जिसमें अनेक विधाओं के डॉक्टरों द्वारा परीक्षण एवं परामर्श और तदनुसार औषधि वितरण किया गया। प्रतिवर्ष चिकित्सा शिविर जनपद के अलग-अलग स्थान पर लगाया जाता है ताकि अनेक क्षेत्रों के लोग लाभान्वित हो सके। उपरोक्त कार्यो के अलावा पर्यावरण संरक्षण में वक्षारोपण स्वच्छता महिला सशक्तिकरण सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से पिकनिक होली नव वर्ष के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। 80 वर्ष से ऊपर के लोगों को समय-समय पर सम्मानित किया जाता है और प्रत्येक तीन माह पर भावना संदेश प्रकाशित किया जाता है जिसमें वरिष्ठ नगरिकों के उपयोग हेतु जानकारी दी जाती है।

ब्रह्म प्रकोष्ठ के माध्यम से देश व विदेश में वरिष्ठ नागरिकों को भ्रमण कराया जाता है तथा राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय संस्थायों के सेमिनार अधिवेशन में भाग लिया जाता है। साथ ही वरिष्ठ नगरिकों की आवश्यकताओ को देखते हुए प्रदेश व रष्ट्रीय स्तर पर पत्राचार व धरना प्रदर्शन कर मांग की जाती है। इस प्रकार वरिष्ठ नागरिकों, गरीब, निर्धन, विकलांग, विधवाओ हेतु समय-समय पर अन्य कार्य भी किए जाते हैं। भावना के उपरोक्त सभी कार्यक्रम भावना के सदस्य के आर्थिक सहयोग अनुदान से संपन्न होते हैं। इसमें किसी प्रकार की अन्य एजेंसी अथवा शासन से कोई अनुदान नहीं लिया जाता है।

## मिशन शक्ति,नारी सशक्तिकरण एवं कौशल विकास की दी गई जानकारी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित सत्र 2025-26 के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) माधवी शुक्ला के दिशानिर्देश में लक्ष्य गीत के साथ हुआ। योग सत्र में नियमित योग के इसके उपरांत शिविरार्थियों ने गांववासियों के मध्य नारी सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए सुंदर गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका एवं अनुभवजन्य अधिगम पर प्रकाश डाला गया।बौद्धिक सत्र में डॉ.शिखा तिवारी ने नारी सशक्तिकरण ,मिशन शक्ति,ग्रीन आर्मी महिलाओ के विषय पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। वहीं दूसरे वक्ता डॉ.चन्दन कुमार द्विवेद्वी ने कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए विभिन्न कौशलों का विकास अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपक कुमार सिंह द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम सह-प्रभारी डॉ.विद्या सिंह ने किया। इस अवसर पर लगभग 50 शिविरार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार




**चुनार, मीरजापुर।** जनपद के पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर द्वारा चलाये जा रहें अपराध के रोकथाम एवं वांछित अपराधियों को धर पकड़ अभियान में चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में हत्या का अभियुक्त प्रिंस कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी जमुई को गिरफ्तार किया गया है आरोपी सोमवार को सुबह जमुई तिराहे के पास से पकड़ा गया । कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि प्रिंस कुमार चेरा के पुरा गांव निवासी रवि मौर्य के हत्याकांड में आरोपी था ।जिसकी पुलिस को काफी दिनों से तलास थी जिसे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

## संदिग्ध परिस्थिति में दो बच्चे घर से लापता

● काफी खोजबीन के बाद पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** चुनार थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से रविवार को दो बच्चे घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गए।देर शाम घर वापस न आने पर परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, किन्तु बच्चों का कही सुराग नहीं मिला, आखिरकार दोनों के पिता ने चुनार थाना पर प्रार्थना पत्र देकर कर गुमशुदगी दर्ज कराई। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस बच्चों की तलाश में जुटी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आदित्य पुत्र श्रीधर पाण्डेय निवासी गोरइयां थाना चुनार तथा तमन्य पुत्र विरेन्द्र विश्वकर्मा निवासी मंगरहा थाना चुनार, रविवार को घर पर वगैर बताएं निकल लिए और देर शाम तक घर वापस नहीं आयें। बच्चों के घर वापस न आने पर परिजनों की धड़कनें बढ़ गई और अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन बच्चों का कही सुराग नहीं मिला। थक-हार कर आदित्य के पिता ने रविवार की देर रात को चुनार थाने में प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। उप निरीक्षक सरोज चौबे ने बताया कि पुलिस बच्चों की पिता के प्रार्थना पत्र पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश में जुटी है।



## संक्षिप्त खबरें

### शिविर के पांचवें दिन जल संरक्षण एवं मृदा संरक्षण जागरूकता अभियान चला कर ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**कोरांव प्रयागराज।** बलराम महाविद्यालय के पांचवें दिन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा जैविक, खेती मृदा संरक्षण तथा जल संरक्षण विषयों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बताया कि जैविक खेती से भूमि की उर्वरता बढ़ती है तथा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के दुष्प्रभाव से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की रक्षा होती है। इसके अतिरिक्त मृदा संरक्षण (मिट्टी संरक्षण) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि पेड़ पौधे लगाकर खेतों में मेड बंदी करके संतुलित खेती अपनाकर मिट्टी के कटाव को रोका जा सकता है। यह कार्यक्रम बलराम महाविद्यालय के प्रबंधिका श्रीमती उमा सिंह के निर्देशन में संचालक पूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके कार्यक्रमाधिकारी गौरव वर्मा एसोसिएट डायरेक्टर शाश्वत मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर शालिनी श्रीवास्त प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह डॉ अशोक उत्तम डॉ0 वी0 पी0 सिंह, डॉ अजय सिंह, संध्या पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, बृजेश कुमार और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### होली मिलन समारोह में कवियों ने जमाया रंग



**नैनी,प्रयागराज।** राष्ट्रीय प्रतिभा विकास मंच व यमुनापार विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से शमां बांध दिया। रविवार को देवरी गांव में आयोजित देर शाम तक चलने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अमरनाथ सिंह ने किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद राजा भारतीया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में यमुनापार विकास समिति के संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ आयोजक रामनाथ त्रिपाठी रसिकेश की सरस्वती वंदना कर में वीणा लिए मातु आ जाइये से हुआ। डॉ सबरेज अहमद की कविता घुल जाए रंग में प्यार तो समझो होली है तथा डॉ राजेंद्र शुक्ल की रचना खुश होकर गले मिलिए रोली लगाइये खूब सराही गई। संचालन कर रहे जगदम्बा शुक्ल की रचना सोने की चिड़िया के पंख न काटो तुम, देशद्रोहियों के तलवे मत चाटो तुम के बाद डॉ अमरनाथ सिंह, बेचनलाल विनोदी व अशर्फीलाल पटेल ने भी अपनी रचनायें प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को पार्षद राजा भारतीया और गजेंद्र प्रताप सिंह ने संबोधित किया। सभी कवियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में भगवती प्रसाद तिवारी, कृष्णकुमार त्रिपाठी, गुरु प्रसाद, अनुराग त्रिपाठी, बैजनाथ शर्मा, अरुण पाण्डेय, बबलू, सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# यूपी पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र में 'पंडित' शब्द पर विवाद, अधिवक्ता ने जताई आपत्ति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र में 'पंडित' शब्द के प्रयोग को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। भदोही के अधिवक्ता संदीप कुमार पांडेय ने इस शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति जताते हुए इसे अनुचित बताया है और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता संदीप कुमार पांडेय का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों में ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं होना चाहिए, जिससे किसी वर्ग या समुदाय की भावनाएं आहत होने की आशंका हो। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा के प्रश्न पत्र में 'पंडित' शब्द का संदर्भ जिस प्रकार से दिया गया है, वह आपत्तिजनक प्रतीत होता है।

उन्होंने इस संबंध में संबंधित विभाग और परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी से जवाब मांगा है। साथ ही उन्होंने मांग की है कि भविष्य में प्रश्न पत्र तैयार करते समय भाषा और शब्दों के चयन में विशेष सावधानी बरती जाए, ताकि किसी भी प्रकार का सामाजिक या धार्मिक विवाद पैदा न हो।

अधिवक्ता पांडेय ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं युवाओं के भविष्य से जुड़ी होती हैं और इन परीक्षाओं में निष्पक्षता व संवेदनशीलता बेहद आवश्यक है। इसलिए प्रश्न पत्र तैयार करने वाले विशेषज्ञों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी शब्द या वाक्य से समाज के किसी वर्ग की भावना आहत न हो। वहीं, इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर भी चर्चा शुरू हो गई है। कई लोग इसे सामान्य शब्द प्रयोग



बता रहे हैं, जबकि कुछ लोग अधिवक्ता की आपत्ति को उचित ठहरा रहे हैं। फिलहाल इस मामले में परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था या संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि अधिवक्ता संदीप कुमार पांडेय का कहना है कि यदि मामले में संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो वे आगे कानूनी कदम उठाने पर भी विचार करेंगे।

### रमज़ान में समाजसेवा की मिसाल बने रिजवान समीम उर्फ शैंकी



**नैनी, प्रयागराज।** रमज़ान का पवित्र महीना इबादत, सब्र और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए नैनी क्षेत्र के समाजसेवी रिजवान समीम उर्फ शैंकी इन दिनों रोज़े के साथ-साथ समाजसेवा के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। रोज़ा रखकर वे जरूरतमंद लोगों की मदद करने, गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने और समाज में आपसी भाईचारे का संदेश देने का कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि रमज़ान का असली मकसद केवल रोज़ा रखना ही नहीं,बल्कि जरूरतमंदों की मदद करना और समाज में इंसानियत को मजबूत करना भी है। रिजवान समीम उर्फ शैंकी द्वारा किए जा रहे इन कार्यों की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। उनका मानना है कि अगर हर व्यक्ति रमज़ान के इस पवित्र महीने में जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए, तो समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द और भी मजबूत हो सकता है।समाजसेवी शैंकी का कहना है कि वे आगे भी इसी तरह समाजसेवा के कार्यों में लगे रहेंगे और लोगों को मानवता और भाईचारे का संदेश देते रहेंगे।

# प्रयागराज जंक्शन पर फर्जी आरपीएफ दरोगा गिरफ्तार, वर्दी पहनकर ट्रेनों में कर रहा था सफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सतर्कता के चलते एक फर्जी उप निरीक्षक को पकड़ लिया गया। आरोपी युवक आरपीएफ की वर्दी पहनकर खुद को दरोगा बताता था और ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करता था। आरपीएफ की चेकिंग के दौरान उसकी हरकतों पर शक होने पर उसे हिरासत में लिया गया, जिसके बाद पूरा मामला सामने आया।

जानकारी के अनुसार, आरपीएफ इंस्पेक्टर अमित कुमार मीणा के नेतृत्व में प्रयागराज जंक्शन पर नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में जांच के दौरान एक युवक आरपीएफ की वर्दी में संदिग्ध हालत में घूमता मिला। जब उससे पूछताछ की गई और पहचान पत्र दिखाने को कहा गया तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। कड़ी पूछताछ करने पर युवक की पहचान दिव्यांशु कुमार के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि वह असली आरपीएफ कर्मी नहीं है बल्कि वर्दी पहनकर लोगों को खुद को आरपीएफ का दरोगा बताता था। इसी आड़ में वह ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करता था



और लोगों पर धौंस भी जमाता था।

आरपीएफ ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से आरपीएफ की वर्दी, जूते, मोजे, ?650 नकद, आधार कार्ड तथा एटीएम कार्ड बरामद किए गए। इसके बाद आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी को सौंप दिया गया। इस संबंध में जीआरपी प्रयागराज थाने में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आरोपी ने वर्दी कहां से प्राप्त की और वह कब से इस तरह की हरकतों को अंजाम दे रहा था। आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा को लेकर लगातार सख्त निगरानी की जा रही है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## प्रयागराज में हत्या के प्रयास का आरोपी लकी पाण्डेय गिरफ्तार

**● अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थाना मुठ्ठीगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित आरोपी लकी पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध .32 बोर पिस्टल, एक जिंदा .32 बोर कारतूस तथा एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपी लकी पाण्डेय पर वादी मुकदमा सक्षम शर्मा और उनके एक मित्र पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का आरोप है। इस घटना के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना और सघन चेकिंग अभियान के दौरान मुठ्ठीगंज थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल की गई अवैध .32 बोर पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक स्कूटी बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा




दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राहुल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अभिषेक वर्मा, उपनिरीक्षक कुंदन लाल गौतम, उपनिरीक्षक निर्मल शर्मा, उपनिरीक्षक सूर्यकान्त सिंह और कांस्टेबल नीरज सिंह शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दोषी को न्यायालय द्वारा जेल में बितायी गयी अवधि व 500/- अर्थदंड से किया गया दंडित

थाना दुर्गागंज क्षेत्र अंतर्गत चेकिंग के दौरान अभियुक्त संजय कुमार सरोज पुत्र दुखी सरोज ग्राम प्रतापपुर थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार कर मु0अ0सं0-14/2014 धारा-4/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित विवेचना व प्रभावी साक्ष्य संकलन करते हुए आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में एवं अभिनव त्यागी,पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन म दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम व त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व एपीओ की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप आज दिनांक-16.03.2026 को मो. शाहनवाज शाहनवाज अहमद सिद्दीकी सिविल जज (सी0डि0)/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्वरित न्यायालय, भदोही-ज्ञानपुर द्वारा दोषी अभियुक्त- संजय कुमार को अन्तर्गत धारा 4/25 आयुध अधिनियम में जेल में बितायी गई अवधि व 500/-अर्थदं से दंडित किया गया।

## स्ट्रीट फूड वेंडरों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग

**● कोयला भट्ठी के इस्तेमाल से बढ़ सकता है वायु प्रदूषण, छोटे कारोबारियों ने बताई अपनी समस्या**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर के स्ट्रीट फूड वेंडरों ने एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। आजाद स्ट्रीट वेंडर वेलफेयर यूनियन (सम्बद्ध हॉकर्स जॉइंट एक्शन कमेटी) के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश महामंत्री रवि शंकर द्विवेदी के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शहरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्ट्रीट फूड वेंडर दीनदयाल अंत्योदय योजना के लाभार्थी हैं। इन लोगों ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत बैंकों से लोन लेकर अपना छोटा-सा रोजगार शुरू किया है। ये फुटपाथ व्यवसायी प्रतिदिन




आम नागरिकों को गरम, ताजा और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के साथ अपने परिवार का भरण-पोषण भी करते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण इनका पूरा जीवन-यापन रोज की कमाई पर निर्भर रहता है। वेंडरों ने जिलाधिकारी को बताया कि वर्तमान समय में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता में आ रही कठिनाइयों के कारण उनके सामने रोजगार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। कई छोटे व्यवसायियों को मजबूरी में कोयले की भट्ठी का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे न केवल उनका काम कठिन हो रहा है बल्कि कोयले के धुएं से वायु प्रदूषण बढ़ने की भी आशंका है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की कि शहर के लघु व्यवसायियों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्राथमिकता के आधार पर एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। इससे हजारों फुटपाथ व्यवसायियों के रोजगार को सहारा मिलेगा और शहर के नागरिकों को भी सस्ता व स्वच्छ भोजन मिल सकेगा। इस अवसर पर प्रमोद भारतीय, देवेंद्र कुमार सोनकर, मुकेश सोनकर, मो. नसीम, दुर्गेंद्र मणि त्रिपाठी, यार मोहम्मद, मो. अनस, पंकज सोनकर, अजय सोनी, विकास गुप्ता, लव सोनकर, रीतेश श्रीवास्तव सहित अन्य स्ट्रीट वेंडर उपस्थित रहे।

# पथरचट्टी रामलीला मैदान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह संपन्न, नवदम्पतियों को मिला आशीर्वाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज (रामबाग)।** रामबाग स्थित पथरचट्टी रामलीला मैदान में कल्याणी लोक सेवा समिति द्वारा आयोजित सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर अनेक नवदम्पतियों ने वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच वैवाहिक बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। समारोह में उपस्थित अतिथियों और समाजसेवियों ने सभी नवदम्पतियों को उनके नवजीवन की मंगलमयी शुरुआत के लिए हार्दिक बधाई दी तथा उनके सुखद, समृद्ध और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में समानता, समरसता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। साथ ही यह जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ा सहयोग साबित होते हैं, जिससे आर्थिक




बोझ कम होता है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

कार्यक्रम के दौरान विवाह मंडप में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, समाजसेवी, क्षेत्रीय लोग और परिजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के सामूहिक विवाह समारोह का उद्देश्य समाज में आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देना और जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना है। समिति ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, आयोजकों एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं को इस पुनीत आयोजन के सफल संचालन के लिए बधाई दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

## मीरापुर के केमिकल गोदाम में भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर के मीरापुर इलाके में एक केमिकल गोदाम में सोमवार को अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। गोदाम बंद था और इसी दौरान अंदर से धुआं और आग की लपटें उठती देख स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार मीरापुर स्थित एक केमिकल गोदाम से अचानक धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और गोदाम से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। केमिकल सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी प्रयास के बाद आग को फैलने से रोका गया और स्थिति पर नियंत्रण



पाया गया। एहतियात के तौर पर आसपास के लोगों को गोदाम से दूर रहने की सलाह दी गई।

बताया जा रहा है कि आग लगने के समय गोदाम बंद था, इसलिए किसी के अंदर होने की आशंका नहीं है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या केमिकल रिएक्शन की संभावना जताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। आग से गोदाम में रखे सामान को भारी नुकसान होने की आशंका है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही आग लगने की सही वजह सामने आएगी।

### बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बोलेरो डिवाइडर से टकराकर पलटी, चालक घायल

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के अरीवा कंपनी के समीप सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अरीवा कंपनी के सामने से एक बोलेरो गुजर रही थी। इसी दौरान अचानक उसके सामने एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में चालक ने गाड़ी मोड़ने की कोशिश की, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए पलट गया।हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर नैनी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल बोलेरो चालक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। इसके बाद वाहन को सीधा कराकर सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा करा दिया गया।स्थानीय लोगों के मुताबिक बोलेरो चालक की सतर्कता के कारण बाइक सवार बाल-बाल बच गया। हालांकि इस हादसे में बोलेरो चालक को चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चलती थार में लगी भीषण आग, सवार सभी लोग बाल- बाल बचे



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जनपद के हंडिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदाबाद चौकी इलाके में सोमवार को एक चलती थार गाड़ी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गाड़ी में सवार सभी लोग समय रहते बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार वाराणसी जिले के कपसेठी थाना क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी अभिषेक सिंह अपने साथियों के साथ थार गाड़ी से प्रयागराज आ रहे थे। वे झलवा क्षेत्र में अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी हंडिया थाना क्षेत्र के भेस्की गांव के पास पहुंची, तभी अचानक वाहन से धुआं निकलने लगा। गाड़ी से धुआं उठता देख चालक ने तुरंत वाहन रोक दिया। इसी दौरान कुछ ही पलों में गाड़ी में आग लग गई। वाहन में सवार सभी लोग तत्परता दिखाते हुए तुरंत बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग की लपटों में घिर गई। सड़क किनारे खड़ी जलती गाड़ी को देखकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सैदाबाद चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई और भीड़ को नियंत्रित किया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया वाहन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन गाड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई।

## प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 90 हजार लाभार्थियों को 900 करोड़ की पहली किश्त




**● 3379 परिवार हुए लाभान्वित।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 90 हजार लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से ?900 करोड़ की अनुदान राशि की पहली किश्त का अंतरण किया। इस योजना के अंतर्गत जनपद प्रयागराज के 3379 लाभार्थियों को भी आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त हुई।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया। इसी क्रम में उन्होंने प्रयागराज की लाभार्थी अर्चना से बातचीत कर योजना से मिले लाभ और आवास निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी ली। अर्चना ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए बताया कि योजना के माध्यम से मिली आर्थिक सहायता से उनका अपना घर बनाने का सपना साकार हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर जरूरतमंद परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी गरीब परिवार बिना घर के न रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के माध्यम से पात्र परिवारों को चरणबद्ध तरीके से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपना घर बना सकें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे और निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें सम्मानजनक जीवन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से जुड़े लाभार्थियों ने भी योजना के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

# केसरवानी वैश्य सभा नैनी का होली मिलन समारोह संपन्न

**● नारी शक्ति के बिना देश व समाज का विकास संभव नहीं- अभिलाषा गुप्ता नंदी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** रंगों का त्यौहार होली प्रेम एवं सौहार्द का प्रतीक होता है। इस त्यौहार पर लोग अपने पुराने गिलवे शिकायत को भूलकर एक दूसरे को गले लगाते हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। नारी शक्ति के बिना देश एवं समाज का विकास संभव नहीं है।यह बातें रविवार को पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने नैनी क्षेत्र के मेवालाल की बगिया तिराहे के समीप स्थित ग्रीन गार्डन में केसरवानी वैश्य सभा नैनी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया, कि आज के इस दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यता के अनुसार आगे बढ़ रही हैं। आज शिक्षा का बड़ा महत्व है। शिक्षा से ही लोगों के रहन-सहन एवं सच में बदलाव आता है। उन्होंने कहा, कि नारी शक्ति के बिना देश एवं समाज का विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व महापौर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात मंच पर आर्केस्ट्रा कलाकारों के द्वारा गणेश वंदना, स्वागत गीत एवं होली गीत से समां बांध दिया। होली गीत से आर्केस्ट्रा कलाकारों ने जमकर तालिया बटोरी। तमाम तरह के होली गीत से कार्यक्रम में पहुंचे महिलाएं एवं पुरुष झूमकर खुशियां बना रहे थे। कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए मंच पर मंगला प्रसाद केसरवानी (ताऊ), नितिन केसरवानी उर्फ बबलू विधायक, प्रेम केसरवानी, श्यामलाल केसरवानी, राजेश केसरवानी, बाटे केसरवानी, वंश केसरवानी (एडवोकेट) को पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी के द्वारा अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद के साथ होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर पहुंचे महापौर प्रयागराज उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कहा, कि एकजुटता में समाज में ताकत होती है। इसलिए लोगों को आपसी मतभेद त्याग कर भाईचारे के साथ मिलजुल कर व्यवहार



करना चाहिए। संगठन में शक्ति होती है। एकजुट होकर कार्य करने से मुश्किल से मुश्किल काम आसान हो जाता है। इस अवसर पर सहभोज का भी आयोजन किया गया। जहां पर लोगों ने तमाम तरह के व्यंजन खाकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम का संचालन नैनी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी ने की।इस मौके पर पूर्व पार्षद हरी लाल केशरवानी, लखन लाल केसरवानी, गुलाबचंद केसरवानी, रमेश चंद केसरवानी (शंकरढाल), संजय केसरवानी सीमेंट, संतोष केसरवानी, रामकिशन केसरवानी, विजय केसरवानी, रमेश केसरवानी (नैनी बाजार), बृज बिहारी लाल केशरवानी, आर.डी केसरवानी समेत हजारों की संख्या में केशरवानी समाज के लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही थाना में अखाड़ा समितियों की बैठक आज



**20 मार्च को अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की होगी बैठक**

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना परिसर में 17 मार्च को दोपहर 2:30 बजे बरही चौक पर आने वाले सभी जुलूस एवं अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जुलूस से संबंधित व्यवस्थाओं, सुरक्षा एवं समन्वय के विषय पर चर्चा की जाएगी।पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरही बिनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में बरही चौक पर आने वाले सभी जुलूस एवं अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक है। उन्होंने सभी समितियों से अपील की है कि वे अपने-अपने पदाधिकारियों के साथ समय पर बैठक में शामिल होकर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में सहयोग करें।इसके अतिरिक्त 20 मार्च को नगर भवन में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक भी आयोजित की जाएगी। इस बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेगी।पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने सभी संबंधित लोगों से इन बैठकों में उपस्थित होकर आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

### रामनवमी व ईद-उल-फितर को लेकर हिरणपुर थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**हिरणपुर, पाकुड़, झारखंडः-** रामनवमी महापर्व एवं ईद-उल-फितर को लेकर वर्ष 2026 में मंगलवार को हिरणपुर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी दिलीप टुडू, अंचल अधिकारी मनोज कुमार तथा थाना प्रभारी विनय कुमार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों, शांति समिति के सदस्यों तथा समाज के गणमान्य व्यक्तियों से अपील करते हुए कहा कि सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों पर्वों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। किसी भी व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए। थाना प्रभारी विनय कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्व के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऑटो, टेंपो एवं रिक्शा चालकों को भी निर्देश दिया गया कि सड़क के किनारे अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़ा नहीं करें। नियमों का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया और धन्यवाद ज्ञापन के साथ शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

### संपन्न हुई महायज्ञ की पूर्णाहुति

**भाटपार रानी, देवरिया।** तहसील क्षेत्र के चकिया कोठी चौराहा पर आयोजित ग्यारह दिवसीय श्री सीताराम नाम जाप महायज्ञ की पूर्णाहुति सोमवार को विधि-विधान के साथ सम्पन्न हो गई। पूर्णाहुति के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। बताया जाता है कि महायज्ञ के आयोजन की शुरुआत 6 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई थी। इसके बाद प्रतिदिन नाम जाप, प्रवचन और परिक्रमा का क्रम चलता रहा। आयोजन स्थल पर बनाए गए 108 जाप कुंज, हवन कुंड, जापकों के लिए निवास स्थल तथा स्थापित मूर्तियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। महायज्ञ के आयोजन की औपचारिक शुरुआत 25 नवंबर को ध्वजारोहण के साथ हुई थी। तभी से यहां लगातार नाम जाप का क्रम चल रहा था। आयोजन की तैयारियों से लेकर पूर्णाहुति तक का नेतृत्व मिथिला धाम सीतामढ़ी से पधारे संत बालक राघवेंद्र दास ने किया। महायज्ञ में क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ बिहार, झारखंड और नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ग्यारह दिनों तक यहां मेले जैसा माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कार्यक्रम में भाग लिया।

## पाकुड़ जिले के हिरणपुर में झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**●रोजेदारों ने अमन-चैन व भाईचारे की मांगी दुआ**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंडः-** झामुमो जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने सोमवार को हिरणपुर के कमलघाटी स्थित अपने आवास पर भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पाकुड़ जिले के विभिन्न प्रखंडों से हजारों की संख्या में रोजेदारों तथा क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। सभी ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया, जहां कई प्रकार के व्यंजन परोसे गए। रमजान के पवित्र महीने में आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने कहा कि रमजान का यह मुकद्दस महीना हमें सब्र, रहमत और इंसानियत का पैगाम देता है। यह महीना हमें एक-दूसरे के प्रति हमदर्दी रखने, जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में एकता व सौहार्द को मजबूत बनाने की सीख देता है।

उन्होंने कहा कि सभी लोगों ने मिलकर अमन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। ऊपर वाले से प्रार्थना है कि वह हम सभी की इबादतों को कबूल फरमाए और अपनी रहमतों व बरकतों से सबको नवाजे। दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में सभी जाति और समुदाय के लोगों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि हमारा राज्य और देश आपसी प्रेम और सद्भाव के मजबूत धागे में बंधा हुआ है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने वाला सराहनीय कदम बताया। विभिन्न धर्मों के लोगों की उपस्थिति ने सामाजिक एकता का मजबूत संदेश दिया।

## पाकुड़ मंडलकारा में जेल अदालत सह चिकित्सीय जांच शिविर का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंडः-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में सोमवार को पाकुड़ मंडलकारा में जेल अदालत सह चिकित्सीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डालसा सचिव रूपा बंदना किरो ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा सचिव रूपा बंदना किरो, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ सुबोध कुमार दफादार, चिकित्सक डॉ. एस. के. झा तथा जेल प्रशासनिक अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सचिव रूपा बंदना किरो ने



बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बंदियों के मामलों से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की।

वहीं अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी ने बंदियों को कानूनी प्रक्रियाओं और उनके मामलों से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ मो. नुकुमुद्दीन शेख ने भी बंदियों से संबंधित कानूनी पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारियों ने कारागार परिसर स्थित महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने महिला बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता, परामर्श और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बंदियों के लिए चिकित्सीय जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें उनके ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव रूपा बंदना किरो, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी, डॉ. एस. के. झा सहित मेडिकल टीम के सदस्य, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ सुबोध कुमार दफादार, डिप्टी चीफ मो. नुकुमुद्दीन शेख, संजीव कुमार मंडल तथा जेल प्रशासनिक अधिकारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीहनुमान जन्मोत्सव

**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव को लेकर प्रथम निमंत्रण पत्र श्रीतुवन सरकार को अर्पित किया तथा मंदिर महंत रामलखन दासजी से मुलाकात कर 8 दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी व निमंत्रण पत्र महंतजी को सौंपा। 1 अप्रैल दिन सोमवार को सुंदर कांड रात्रि 8 बजे से व रात्रि 12 बजे से जन्मोत्सव, 2 अप्रैल गुरुवार सुबह 7 बजे से भव्य श्रृंगार दर्शन हवन पूजन व प्रसाद वितरण किया जायेगा। विशाल शोभायात्रा शाम 4.30 बजे से तुवन मंदिर से आरंभ होगी, जो कि अपने निर्धारित मार्ग सदर कांटा, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, सावरकर चौक, घंटाघर होते हुए तुवन मंदिर पर समापन होगा। 3 अप्रैल शुक्रवार व 4 अप्रैल शनिवार को संगीतमय अखंड रामायण पाठ, 5 अप्रैल रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के नृत्य एवं गायन 6 अप्रैल सोमवार कवि सम्मेलन, 7 अप्रैल मंगलवार को भजन संध्या, परशुराम अवस्थी द्वारा शाम 7 बजे से 8 अप्रैल श्रीसत्यनारायण जी की कथा के साथ समापन होगा व अति शीघ्र आम सभा की बैठक व अखाड़ों की बैठक भी बुलाई जाएगी।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के फ़ाइनल मे पहुंची झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मराड़ी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड में पाकुड़िया पंचायत के हरिपुर फुटबॉल मैदान में जियाड़ झरना क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी मुखिया अनीता सोरेन, पंचायत समिति सदस्य गायत्री देवी.ग्राम प्रधान सोना सोरेन ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर, फीता काटकर और फुटबॉल को उछाल कर किया। इस अवसर पर उपासना मरांडी ने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन उन्होंने आगे कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खेलों के प्रति संवेदनशीलता और खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सभी को भरपूर लाभ उठाना चाहिए। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें



हिस्सा ले रही थी। फ़ाइनल मैच नलहट्टी विरभूम और खागाचुआ टीम के बीच खेला गया, जिसमें पेनल्टी शूट आउट मे नलहट्टी विरभूम ने एक गोल से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के फाइनल में विजेता टीम को 30 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 20 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए गया । वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को 7-7 हजार रुपये और शील्ड कप देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष प्रेम मुर्मू, सुभाष किस्कू , सचिव प्रकाश सोरेन, कोषाध्यक्ष चुनका बेसरा, मोहन टुडू, कोर्नेलियुस टुडू, नलिप मुर्मू, सुनील मुर्मू, सनातन हेमब्रोम सीमोन हेंब्रम सहित क्लब के सदस्य, ग्रामीण और हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने सोमवार को कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति की बैठक की। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जो बैंकर्स जनमानस की सुविधा के अनुसार काम नहीं कर रहें हैं, केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित पत्रावलियों का समय से निस्तारण नहीं कर रहे हैं और अनावश्यक तरीके से लाभार्थियों को परेशान कर रहे हैं, ऐसे बैंकर्स के विरूद्ध उच्च स्तर पर पत्राचार किया जायें। उन्होंने जनपद में बैंक ऋण जमा अनुपात की समीक्षा की, जो बैंकर्स विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित पत्रावलियों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं और जनमानस को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ नहीं मिल पा रहा है, ऐसे बैंकर्स अपने कार्यपद्धति में सुधार लायें, इस दौरान एन0आर0एल0एम0 समूह के महिलाओं के खाता खोलने, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधान मंत्री सुरक्षा फसल बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैण्डअप इण्डिया, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री नाबार्ड द्वारा प्री-पोटेन्शियल लिंक्ड प्लान, वित्तीय परामर्श केन्द्रों की प्रगति, आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक जनपद-एक उत्पाद, कर्ज वसूली, किसान क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ऋण वसूली की बिन्दुवार समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने कहा कि बैंकर्स रोजगार परक योजनाओं में सहयोग करते हुए स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने हेतु पत्रावलियों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित करें।

इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकितधिकारी डॉ0 अजय मिश्रा, एल0डी0एम0 शाल्वे बागे सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### काशीराम जयंती पर आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों का उपचार

**ललितपुर।** मान्यवर काशीरामजी की जयंती पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक व प्रदेश महासचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ डा.खेमचंद वर्मा रहे। यह स्वास्थ्य शिविर सदन शाह चौराहा स्थित लाल पैथोलॉजी पर आयोजित किया गया। शिविर में दर्द एवं खेलकूद विशेषज्ञ डा.रोहित शर्मा ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। शिविर में कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, कंधे का दर्द, साइटिका तथा खेल चोटों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण किया गया। डा.रोहित शर्मा ने कहा कि आजकल गलत जीवनशैली और खान-पान की वजह से लोगों में हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर उपचार और नियमित व्यायाम से इन समस्याओं से बचा जा सकता है। साथ में लैब तकनीशियन मनीष पटवारी डाक्टर लाल पैथ लैब वालों ने ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की। इस दौरान राकेश रजक, मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह, शशिकांत दीक्षित सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## रामनवमी व रमजान को लेकर बरही में अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने संभाली कमान

**●त्योहार के दौरान यातायात सुचारू रखने और दुर्घटनाओं की आशंका कम करने के लिए की गई कार्रवाई**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** रामनवमी और रमजान पर्व को देखते हुए बरही में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। सोमवार को बरही अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के नेतृत्व में बरही चौक के चारों सड़कों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क किनारे लगाए गए अवैध ठेला, दुकान और अन्य अतिक्रमण को हटाया गया, ताकि त्योहार के दौरान होने वाले जुलूस और आम लोगों की आवाजाही में किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए भी सड़क को खाली कराया गया। इस दौरान पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार, राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक भी अभियान में शामिल रहे और अतिक्रमण हटाने में प्रशासन का सहयोग किया। सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि रामनवमी और रमजान जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान बरही चौक और आसपास के क्षेत्रों में लोगों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क पर अतिक्रमण रहने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से अपील की कि वे सड़क किनारे अतिक्रमण न करें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।

### प्लांट जा रहा युवक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया, गंभीर घायल




**बार।** सोमवार सुबह करीब 9 बजे बजाज पावर प्लांट जा रहा एक युवक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना पूराकला क्षेत्र के ग्राम गेवरागुंदेरा निवासी जितेन्द्र रजक (36) पुत्र भगवानदास बजाज पावर प्लांट चिगलौवा में फिटर का कार्य करता है। वह रोज की तरह सोमवार सुबह प्लांट जा रहा था। बताया गया है कि लड़वारी के पास एक ट्रैक्टर बैक हो रहा था, तभी युवक उसकी ट्रॉली से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों और राहगीरों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## लातेहार में स्वच्छता व पेयजल योजनाओं की समीक्षा, उपायुक्त ने समयसीमा में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

**●स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-I और जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति पर हुई DWSC की बैठक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंडः-** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-I एवं जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों के सफल क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति (DWSC) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने दोनों योजनाओं के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-I के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सभी निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए।

वहीं जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चल रहे कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पाइप जलापूर्ति योजनाओं के कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने का निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता दीपक महतो सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चंदवा प्रखंड में चार सड़कों को मिली मंजूरी, सांसद कालीचरण सिंह को भाजपा नेताओं ने दिया धन्यवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए 127.69 करोड़ रुपये की लागत से 11 सड़कों (37.154 किमी) और 32 पुलों के निर्माण की स्वीकृति मिलने पर चंदवा प्रखंड में खुशी का माहौल है। इस योजना के तहत चंदवा प्रखंड में चार महत्वपूर्ण सड़कों को मंजूरी मिली है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। चंदवा प्रखंड में जिन सड़कों को मंजूरी मिली है उनमें आरईओ रोड से चुटवाग परहैया टोला, एनएच-99 से दामोदर परहैया टोला, एनएच-75 से लतडाग तथा आरईओ रोड से सेरक सड़क शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण से कई गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में मदद मिलेगी और ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। बताया गया कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भेजे गए पत्र के माध्यम से यह जानकारी चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह को प्राप्त हुई है। इन सड़कों और पुलों के निर्माण से क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। भाजपा नेता अमित गुप्ता ने इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा सांसद कालीचरण सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत स्वीकृत ये सड़कें चंदवा प्रखंड के ग्रामीण इलाकों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होंगी। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार के अवसरों तक लोगों की पहुंच और आसान होगी। सांसद प्रतिनिधि दीपक निषाद,भाजपा नेता राजकुमार पाठक, आदर्श रवि राज, मनोज पाठक, जागेश्वर गंझु, राजीव उरांव, प्रेम उरांव, निर्मल उरांव और सावन परहिया समेत कई भाजपाइयों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए सांसद कालीचरण सिंह के प्रति धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

### देवघर में 2 से 4 अप्रैल तक 10वीं राष्ट्रीय जूनियर सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का होगा आयोजन, देशभर की टीमें लेंगी भाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंडः-** देवघर में 10वीं राष्ट्रीय जूनियर सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता (स्व0 बाबू बेदानंद सिंह / स्व0 इंदू देवी स्मृति) का आयोजन आगामी 2 अप्रैल से 4 अप्रैल 2026 तक कमल कांत नरोने स्टेडियम में किया जाएगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड की मेजबानी में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें भाग लेंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने बताया कि यह प्रतियोगिता जिले के लिए गौरव की बात है। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने तथा अपने खेल कौशल को निखारने का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के संरक्षक विजय प्रताप



सनातन, राजीव सिंह, नीलेश सिंह एवं अभिजीत सिंह भी उपस्थित थे। वहीं झारखंड सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के महासचिव संजीव कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग की राष्ट्रीय जूनियर टीमें हिस्सा लेंगी और देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी इसमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि प्रतियोगिता को भव्य और सफल बनाने के लिए जिले के खेल प्रेमियों और आम नागरिकों से सहयोग एवं बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### मां के साथ 13 वर्षीय बेटा की हुई निर्मम हत्या

**प्रतापगढ़।** रविवार की रात अज्ञात बदमाशों ने घर के अन्दर सो रही महिला व उसके मासूम बेटे की निर्मम हत्या कर दिया।सुबह आस-पास के लोगों को जानकारी होने पर पुलिस को सूचित किया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया।अंतू थाना के पारा हमीदपुर निवासी दिनेश मौर्या रोजी रोटी कमाने के लिए मुम्बई में रहता है।उसकी पत्नी शिवपति 40 अपने 13 वर्षीय पुत्र औरभ मौर्या के साथ गांव में रहकर खेती बारी करके जीवन यापन करती है।उसकी तीन बेटियां रुचि रूबी व अंशिका शहर मे रहकर नौकरी के साथ पढ़ाई करती है।रविवार की रात शिवपति 40 अपने बेटे के साथ घर में सो रही थी कि अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर धारदार हथियार सहित ईंट से सिर कूंच कर निर्मम हत्या कर दिया।मां बेटे की लाश घर के अन्दर खून से लथपथ पड़ी रही। सुबह देर तक आसपास के लोगों ने मां बेटे को नहीं देखा तो शक पर घर के अन्दर उनकी लाश खून से सनी हुई पड़ी थी तब पुलिस को सूचित किया गया।

### आपसी प्रेम और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं अपने-अपने त्योहार: सोमनाथ बनर्जी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया थाना परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी की अध्यक्षता में शांति समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने कहा कि ईद और रामनवमी का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन पर्वों के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह तत्पर है और आम जनता से भी सहयोग की अपेक्षा है। वहीं थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह न सुनें और न ही फैलाएं। उन्होंने बताया कि रामनवमी जुलूस, यज्ञ कार्यक्रम तथा ईद के अवसर पर होने वाली सामूहिक नमाज से संबंधित आवश्यक जानकारी भी पदाधिकारियों द्वारा ली गई,



ताकि सभी पर्वों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके। बैठक के अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी एवं थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने सभी को ईद और रामनवमी की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

# संक्षिप्त खबरें

## मानसिक रोगी युवक ने मारपीट कर दो बालकों को किया घायल



**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा में दिमागी रूप से कमजोर एक युवक ने बीते 3 दिनों में 2 बालकों पर हमला बोल कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इनमें से घायल एक बालक को झांसी रेफर किया गया है। युवक के परिजनों का कहना है कि हमला युवक दिमागी रूप से कमजोर है और उसका इलाज ग्वालियर में चल रहा है। मामले के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी सूरज सिंह (14) सोमवार की सुबह गांव के बाहर सड़क पर सुबह की सैर पर गया हुआ था तभी पीछे से गांव के ही युवक संस्कार (23) ने अचानक उस पर हमला बोल दिया और उसकी बुरी तरफ मारपीट कर दी। बालक को पिटता देख वहां मौजूद ग्रामीण दौड़ पड़े और युवक को ललकार कर भगाया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया और घायल बालक का सीएचसी में उपचार कराया। घटना को लेकर बालक की माँ ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी है। वहीं दो दिन पहले भी गांव के ही शिवम (8) अपने घर के बाहर खेल रहा था तभी उक्त संस्कार ने उसके ऊपर हमला बोल दिया था जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। शिवम का अभी भी झांसी में इलाज चल रहा है। संस्कार द्वारा एक के बाद एक मारपीट की घटना को अंजाम देने से गांव के बच्चे बुरी तरह से डरे हुए हैं।

## मंडलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी पहुंची बाजार, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, सफाई परखी



**कोंच(जालौन)-** मंडलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी झांसी मंडल झांसी, उपमा यादव ने सोमवार को स्थानीय रामगंज बाजार पहुंचकर दुकानों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के साथ ही स्वच्छता व्यवस्था परखी। वहीं उन्होंने व्यापारियों से भी मुलाकात कर खाद्य सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। मंडलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बाजार में शक्कर के बताशे बनाने वाली दुकानों का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और खाद्य सामग्री को हमेशा ढक कर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि खुले में रखकर खाद्य वस्तुएं बेचने से बचें, क्योंकि इससे खाद्य पदार्थ दूषित होने की संभावना बढ़ जाती है जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखना सभी दुकानदारों की जिम्मेदारी है। खाद्य सामग्री तैयार करने और बेचने के दौरान स्वच्छता मानकों का पालन करना जरूरी है जिससे उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके। नकली, दूषित, मिलावटी खाद्य सामग्री कदापि न बेचें वरना कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान मौजूद दुकानदारों ने प्राप्त निर्देशों को गंभीरता से पालन करने का भरोसा दिलाया।

## 6.89 किलो अवैध गांजा के साथ महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने रेलवे नर्सरी के पास से महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 6.890 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार 15 मार्च 2026 को उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग रेलवे नर्सरी माल गोदाम के पास सरकारी वाटर पंप के पास बैग में अवैध गांजा लेकर खड़े हैं और मौके से भागने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रामजी तिवारी निवासी छतरपुर (मध्य प्रदेश), अजित बेहरा निवासी बलांगीर (ओडिशा) और उसकी पत्नी कायवती बाग बताए। तलाशी के दौरान इनके बैग से अलग-अलग पैकेटों में रखा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल कराने पर कुल 6.89 किलो गांजा बरामद होने की पुष्टि की।

# खरौंधी गांव में जन समस्याओं को लेकर अपना दल एस युवा मंच के नेतृत्व में युवाओं ने खण्ड विकास अधिकारी कोन को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं से निजात दिलाने की मांग

**● राजनीति में इसलिए हूं कि आम आदमी के लिए काम आ सकूं- आनन्द पटेल दयालु**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोन / सोनभद्र -** नव सृजित विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत खरौंधी के युवा अनिल खरवार के नेतृत्व में आनन्द पटेल दयालु प्रदेश उपाध्यक्ष अपना दल एस युवा मंच एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट के आवास पर पहुंचकर अपने गांव में रोड लाइट की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने बताया कि ग्राम पंचायत खरौंधी में कई स्थानों पर रोड लाइट खराब पड़ी है या लगी ही नहीं है जिसके कारण रात के समय गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। युवाओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आनन्द पटेल दयालु के नेतृत्व में ग्राम पंचायत खरौंधी के नौजवानों ने खंड विकास अधिकारी कोन को ज्ञापन सौंपा । इसके अलावा स्थानीय लोगों द्वार उप जिलाधिकारी ओबरा व तहसीलदार ओबरा को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द रोड लाइट की व्यवस्था ठीक कराने की मांग किया था। स्थानीय निवासी अनिल खरवार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा संबंधित ज्ञापन विधायक व सांसद को भी दे चुके हैं लेकिन कोई खास कार्रवाई नहीं हुई।लोगों द्वारा जानकारी प्राप्त हुआ कि आनन्द पटेल दयालु आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनके द्वारा समाधान के लिए संघर्ष करते हैं और लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करते हैं जिसके क्रम में ग्रामीणों द्वारा गाँव की समस्या से रूबरू कराया।

जिसके क्रम में आनन्द पटेल दयालु ने कहा कि राजनीति में आने का उनका उद्देश्य केवल इतना है कि वे आम आदमी के काम आ सकें और उन्हें न्याय दिला सकें। उन्होंने आगे कहा कि सरकार आम लोगों की है और आम लोगों के लिए ही काम करती है लेकिन कई बार कुछ अधिकारियों की लापरवाही के कारण गांव विकास से पीछे रह जाता है। उन्होंने युवाओं को विश्वास दिलाया कि वे पूरी ताकत के साथ उनके साथ खड़े रहेंगे और उनकी समस्याओं को हर स्तर पर उठाकर समाधान कराने का प्रयास करेंगे। यदि समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर नहीं हुआ त राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल एस के अनुप्रिया पटेल तथा कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के समक्ष उक्त विषय को रखकर समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि आम जनता को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करना हमारी जिम्मेदारी है। इस बावत् खंड विकास अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र नाथ द्विवेदी ने आश्वासन दिया कि बजट के अनुसार जितना संभव हो सकेगा गांव की समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। इस मौके पर विकास कुमार गौड़ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ओबरा, अपना दल एस जनाब शरीफ खान, अनिल खरवार ,राजेन्द्र शर्मा ,जोगेन्द्र नाथ पासवान ,सुनील खरवार, राजेश खरवार सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज**

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महिला ने थाना बार में दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री बीती 11 मार्च 2026 की रात करीब एक बजे घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि एक गांव निवासी नीरज राजा पुत्र स्व.हल्के राजा उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि इस घटना में राजू लुहार नामक युवक ने भी सहयोग किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 61(2) व 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रामनवमी पर शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर रामभक्तों की हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** चैत्र नवरात्रि की रामनवमी के दिन हर वर्ष नगर में निकलने वाली राम जबारों की भव्य शोभायात्रा इस बार भी पूरी भव्यता के साथ निकाले जाने के लिए रामभक्त तैयारियों में जुट गए हैं। रविवार देर शाम चंदकुआ स्थित भूतेश्वर मंदिर परिसर में भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा और श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शोभायात्रा आयोजन समिति से जुड़े आशुतोष रावत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी रामनवमी के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी की सुंदर झांकियां सजाई जाएंगी। बैंड-बाजे, भजन मंडलियों और भगवा ध्वजों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, सजावट और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है और इस दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसलिए सभी नागरिकों के सहयोग से शोभायात्रा को भव्य और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। बैठक में शिशिर ठाकुर, अर्जुन वेद, निखिल सोनी, छोटू राठौर, रजनीश यागिक, जग्गू यागिक, हिमांशु अवस्थी, लक्ष्य यादव, सच्चू यादव, ऋषि त्रिपाठी, किशन शुक्ला, हिमांशु वर्मा, सौरभ पुरवार, महेन्द्र अग्रवाल, आर्यन गुप्ता, प्रांशु हिंगवासिया आदि मौजूद रहे।

## जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय की सहायक आचार्य डा.लिपि जैन को मिला पुरुस्कार

**क्षुल्लक जिनेंद्र वर्णी अहिंसा एवं जन चेतना राष्ट्रीय पुरस्कार**

**ललितपुर।** प्राच्य विद्या एवं जैन संस्कृति संरक्षण संस्थान जयपुर के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष तीन राष्ट्रीय पुरस्कार उत्कृष्ट लेखन एवं जैन दर्शनविद् मनीषीयों को प्रदान किए जाते हैं। जिसमें जैन विश्व भारती संस्थान की सहायक आचार्य डा.लिपि जैन को अहिंसा एवं जैन जीवन शैली, पर्यावरण, जन-चेतना, गांधी दर्शन आदि विषयों पर उल्लेखनीय लेखन कार्य के लिए व आपकी पुस्तक विकास-गांधी एवं आचार्य महाप्रज्ञ दृष्टि को क्षुल्लक जिनेंद्र वर्णी अहिंसा एवं जन चेतना राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार संस्था के अध्यक्ष प्रो.जिनेंद्र कुमार जैन, वरिष्ठ गजलकार राजेश विद्रोही, चिंतक रामकुमार तिवारी, वरिष्ठ कवि गौरी शंकर भावुक एवं प्रेमलता बागवानी के द्वारा प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रो. जिनेंद्र कुमार जैन ने जानकारी देते हुए कहा कि पुरस्कार स्वरूप आपको प्रशस्ति-पत्र स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र, शास्त्र व पुरस्कार राशि 11 हजार रुपये नगद प्रदान की गई। इस अवसर पर डा.लिपि जैन को सैकड़ो लोगों ने बधाई दी।

# घर से खींचकर लाठी डंडों से मारपीट का आरोप, 3 गिरफ्तार

**●घटना में एक पक्ष के 7 आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** मुहल्ला जयप्रकाश नगर में खेड़ा पुलिस चौकी के समीप पुरानी रंजिश और वर्चस्व जमाने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया। मामले में पुलिस ने एक पक्ष के कुल 7 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका शांति भंग में चालान कर दिया है। जयप्रकाश नगर निवासी शेर सिंह पुत्र हरीराम ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार की रात करीब 11 बजे वह कुछ परिचितों के साथ अपने घर के अंदर बैठकर बेटी के रिश्ते की बात कर रहा था। इसी दौरान मुहल्ले के ही भूरा, बॉबी, कल्लू उर्फ सर्वेश, शिवम, हाकिम, प्रमोद, संतोष लाठी डंडे और लोहे की रॉड से लैस होकर उसके घर में घुस आये। उक्त सभी ने गाली गलौज करते हुए उसे और उसकी पत्नी, बेटी, बेटे के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो उक्त सभी लोगों ने उसके परिजनों सहित उसे घर से बाहर खींच लिया और नीचे जमीन पर पटक कर बुरी तरह मारापीटा जिससे वह और उसके परिजन घायल हो गए। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए जिसके बाद उक्त लोग पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने हालात काबू में कर मौके से 3 आरोपी हाकिम, संतोष, प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उक्त सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और गिरफ्तार तीनों आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया। कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि वादी की तहरीर पर मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

# इण्डियन ऑयल के सीएसआर फण्ड से दिव्यांगजनों को किया गया नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण

**●सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम से दिव्यांगजनों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती- सदर विधायक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश -**इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीएसआर) के सहयोग से डायट परिसर उरमौरा में दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके जीवन को सुगम बनाना है।कार्यक्रम में सदर विधायक भूपेश चौबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सदर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजनों के कार्यों को देखकर आत्मीय प्रेम और प्रेरणा की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि समाज में कई ऐसे दिव्यांगजन हैं जो बचपन से मानसिक या शारीरिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं और बोल भी नहीं पाते, लेकिन ईश्वर ने उन्हें अद्भुत समझ और संवेदना की शक्ति प्रदान की है। यदि हम उनके पास जाकर उनसे संवाद करने का प्रयास करें तो वे हमारी भावनाओं को तुरंत समझ लेते हैं। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें सम्मान और सहयोग प्रदान किया जाए। इण्डियन ऑयल द्वारा सीएसआर फण्ड के माध्यम से किया गया यह प्रयास सराहनीय है, जिससे दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन में सहूलियत मिलेगी और आत्मनिर्भर बन सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, बैसाखी, ट्राईसाइकिल तथा अन्य उपयोगी उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों के आवागमन तथा दैनिक गतिविधियों को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के सहयोग से दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

समारोह के दौरान लाभार्थी दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए और उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। दिव्यांगजन व्हीलचेयर, बैसाखी, ट्राईसाइकिल तथा अन्य उपयोगी उपकरण पाकर उनके चेहरे प्रसन्न हो उठे और उन्होने सरकार द्वारा किये इस कार्य की सराहना की। दिव्यांगजानो ने कहा कि यह उपकरण प्राप्त होने से दैनिक जीवन के कार्य करने में काफी सहूलियत होगी प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे इस पहल की उपस्थित लोगों ने भी सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से दिव्यांगजनों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला दिव्यांगजन अधिकारी विद्या देवी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मूकुल आनन्द पाण्डेय, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 एस0के0 राय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक ने किया बीपैक्स कंप्यूटराइजेशन की समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**●कंप्यूटराइजेशन मे शिथिलता बरतने वाले सचिवों के विरूद्ध कार्रवाई प्रस्तावित करें- राजकुमार यादव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** सचिव/ महाप्रबंधक जिला सहकारीबैंक मिर्जापुर/सोनभद्र राजकुमार यादव द्वारा राबर्टसगंज शाखा में विकास खंड राबर्टसगंज की बीपैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि प्रथम और द्वितीय चरण मे चयनित आठ बीपैक्स मे चार बीपैक्स की अभी डीडीई नहीं हुई है।जिसके कारण स्थिति जनपद में सर्वाधिक खराब है। और वहीं चार डीडीई लम्बित रहने के कारण राबर्टसगंज शाखा की स्थिति सबसे पीछे है। जिसके क्रम में सचिव/ महाप्रबंधक ने प्रथम एवं द्वितीय चरण में चयनित समितियों की ऑन सिस्टम ऑडिट एवं डायनेमिक डे एण्ड प्रत्येक दशा में 20 मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने शाखा प्रबंधक प्रमोद राय को निर्देशित किया कि भी दी कि शिथिलता अथवा लापरवाही बरतने वाले सचिवो को नोटिस देकर उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करायें।

सचिव जिला सहकारी बैंक ने निर्देशित किया कि जिला सहकारी बैंक शाखाओं एवं बी पैक्स के द्वारा क्यू आर कोड के माध्यम से ट्रांजैक्शन सुनिश्चित किये जायें। उन्होने नई गठित एमपैक्स सलखन की उर्वरक लाइसेंस तथा ऋण सीमा बनाकर स्वीकृत कराने के भी निर्देश दिए ,जिससे नवगठित समिति मे उर्वरक प्रेषण तथा ऋण वितरण प्रारंभ कराया जा सके। बैठक में एडीसीओ सदर अवधेश सिंह द्वारा सचिवो को निर्देशित किया गया कि समितियो की पार्किंग की धनराशि का मिलान व परीक्षण करके उसका सुधार कर लें । बैठक मे एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेश सिंह , शाखा प्रबंधक प्रमोद राय , सचिव प्रदीप सिंह , उमेश सिंह, राजेश सिंह, रमेश, राजन यादव आदि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बेकाबू कार ने बाइक सवार और सड़क किनारे खड़े बुजुर्ग को मारी टक्कर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** कोंच-उरई सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला जहां एक बेकाबू कार ने एक बाइक सवार व्यक्ति सड़क किनारे खड़े बुजुर्ग को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पूरी घटना नजदीक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे कोंच-उरई सड़क मार्ग पर ग्राम पनयारा के समीप एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर कहर बनकर टूट पड़ी। बेकाबू कार ने सड़क से गुजर रहे एक बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दी इसके बाद भी कार की रफ्तार कम नहीं हुई और वह सड़क किनारे खड़े एक बुजुर्ग के अलावा पास में ही खड़े ई-रिक्शा से जा टकराई। हादसा इतना तेज था कि बाइक सवार और बुजुर्ग उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की वजह से बाइक और ई-रिक्शा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पूरी घटना महज दो सेकेंड के भीतर घटित हुई है जिससे आसपास मौजूद लोग भी दहशत में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार हेतु उरई अस्पताल पहुंचाया जहां फिलहाल उनका इलाज जारी है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज चैक कर कार और उसके चालक की तलाश में जुटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोंच-उरई सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की वजह से अक्सर हादसों का खतरा बना रहता है।

## खेत जाते समय युवक से मारपीट

**तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम इस्त्रानी में खेत जाते समय एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम इस्त्रानी निवासी दयाराम कुशवाहा ने थाना बार में दी तहरीर में बताया कि 15 मार्च 2026 की सुबह करीब 6 बजे वह अपने खेत जा रहा था। तभी स्कूल के पास गांव के ही जगदीश पुत्र धनु कुशवाहा, मनमोहन और दीप नारायण पुत्रगण जगदीश ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसे लात-घूंसे से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसका बेटा रामेश्वर मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। घटना की सूचना पर थाना बार पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# जिंदगी के बाद भी जीवन का विकल्प

**●ग्रामीण जागरूकता शिविर में ग्रामीणों ने लिया अंगदान का संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जालौन जनपद के ग्राम गोपालपुरा में रविवार को एक अनोखा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को मृत्यु के बाद भी दूसरों को जीवन देने के लिए प्रेरित करना था। जिंदगी के बाद भी जीवन का विकल्प, आप भी लें अंगदान का संकल्प थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को अंगदान, देहदान और रक्तदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। 15 मार्च 2026 को शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ललितपुर ने पहली बार जनपद जालौन में पहुंचकर राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एसओटीटीओ) का प्रतिनिधित्व किया। दिल्ली स्थित हेल्पिंग हट एनजीओ के तत्वावधान में आयोजित ग्रामीण जन-जागरूकता मेला एवं अंगदान शिविर में ट्रस्ट की टीम ने विशेष कैंप लगाकर ग्रामीणों को अंगदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति जीवनकाल में अंगदान का संकल्प लेता है और मृत्यु के बाद परिजन समय पर स्वास्थ्य विभाग को सूचना देते हैं, तो उसके अंगों से कम से कम 8 लोगों की जान बचाई जा सकती है और लगभग 75 लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार संभव है। इसमें नेत्रदान के साथ-साथ हृदय, किडनी, फेफड़े, लीवर, अग्न्याशय और आंतों जैसे महत्वपूर्ण अंगों के अलावा त्वचा, हड्डी और हृदय वाल्व जैसे ऊतकों का दान भी कई मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होता है। शिविर में ग्रामीणों को क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन अंगदान संकल्प लेने की सुविधा के बारे में भी बताया गया। आयोजकों ने जानकारी दी कि लोग एसओटीटीओ की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर या उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन कर आधार नंबर और ओटीपी सत्यापन के माध्यम से आसानी से अपना अंगदान संकल्प राष्ट्रीय रजिस्ट्री में दर्ज करा सकते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी बिना किसी कागजी प्रक्रिया के इस पुण्य कार्य में भागीदार बन सकते हैं। शिविर के दौरान देहदान, अंगदान और रक्तदान के संकल्प पत्र भी वितरित किए गए तथा ग्रामीणों को चिकित्सा शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जाने के साथ-साथ ग्रामीणों को दवाओं का भी वितरण किया गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने पहली बार उत्तर प्रदेश के किसी अन्य जिले में जाकर इस प्रकार का व्यापक कैंप आयोजित कर मानव कल्याण, चिकित्सा शिक्षा और अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हेल्पिंग हट हत्रह के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास सराहनीय रहा। कार्यक्रम में संस्थापक खुशालचन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, काउंसलर वंदना मेहता, मंत्री रामस्वरूप पटेल, ट्रस्टी सामंत सिंह यादव तथा संस्था के आजीवन सदस्य राजेश ननौरा, आयोजक मंडल के राघवेंद्र प्रताप सिंह, ऋषिका गिरी, शनि, नितेंद्र एवं अंशिका सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन उरई-जालौन ने शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने परिवार में अंगदान और देहदान जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा करें, क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन संकल्प लें और इस महान मानवीय कार्य में भागीदार बनें। एक संकल्प से कई जीवन रोशन हो सकते हैं।

# जमीन के नाम पर 34 लाख की ठगी

**●फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लॉट बेचने का आरोप**

**तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की ठगी और फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने का मामला सामने आया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी देने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के शांतिनगर निवासी अरविंद कुमार जैन पुत्र गोकुलचंद जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मुलाकात ललितपुर निवासी बृजकिशोर शर्मा से हुई थी। बृजकिशोर शर्मा ने आरटीओ नहर रोड के पास स्थित लगभग 1.22 एकड़ जमीन बेचने का प्रस्ताव दिया और जमीन का सौदा करीब 34 लाख रुपये में तय हुआ। दोनों पक्षों के बीच इस संबंध में रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी किया गया था। पीड़ित के अनुसार समझौते के अनुसार उन्होंने अलग-अलग तारीखों में बैंक के माध्यम से आरोपियों को किस्तों में रुपये दिए। इसमें से लगभग 14,02,000 रुपये अरुण शर्मा के एचडीएफसी बैंक खाते में और करीब 20,63,155 रुपये बृजकिशोर शर्मा के यूनियन बैंक खाते में जमा किए गए। आरोप है कि पूरी धनराशि प्राप्त करने के बाद भी आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की और टालमटोल करते रहे। पीड़ित जब जमीन की जानकारी लेने तहसील पहुंचा तो उसे पता चला कि जिस जमीन का सौदा उससे किया गया था, उसी जमीन के कई प्लॉट फर्जी दस्तावेज तैयार कर अन्य लोगों के नाम रजिस्ट्री कर दिए गए हैं। आरोप है कि इस पूरे मामले में अरुण शर्मा और मनोज शर्मा भी बृजकिशोर शर्मा के साथ शामिल थे। पीड़ित के अनुसार 20 फरवरी 2026 को तुवन चौराहे पर पंचायत के दौरान जब उसने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कि चंबल में लाश फिंकवा देने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने इस धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का भी दावा किया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने मामले में बृजकिशोर शर्मा, अरुण शर्मा और मनोज शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने सुनीं लोगों की फरियादें



**कानपुर।** आज दिनांक 16.03.2026 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा कार्यालय में जन-सुनवाई की गई ।जन-सुनवाई के दौरान उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण महोदय मौजूद रहे। पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समयबद्ध व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विलंब किसी भी स्थिति में न हो और प्रत्येक शिकायतकर्ता को समाधान से अवगत कराया जाए। जन-सुनवाई में आए प्रत्येक आगंतुक से सम्मानजनक व्यवहार करने, उन्हें बैठने हेतु उचित व्यवस्था देने एवं उनकी समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनने पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय स्तर पर बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

### परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू: प्राथमिक छात्रों की मौखिक, उच्च प्राथमिक की कृषि विज्ञान व खेल परीक्षा



**सिद्धार्थनगर ।** जिले के भनवापुर ब्लाक के न्याय पंचायत बिस्कोहर के परिषदीय स्कूलों में सोमवार से वार्षिक परीक्षा शुरू हुई। सोमवार की सुबह 9;30 बजे प्राथमिक विद्यालय प्रथम व द्वितीय बिस्कोहर, हरिबंधनपुर, देवीपुर, कोहंडौरा व गदाखौवा में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों की सभी विषयों की मौखिक परीक्षा कराई गई । इसके साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिस्कोहर में एवं कंपोजिट विद्यालय कोहंडौरा में छात्र - छात्राओं ने सुबह 9:30 बजे से 11 : 30बजे तक कृषि विज्ञान व गृह शिक्षा और दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक खेलकूद व स्वास्थ्य की परीक्षा दी। संकुल हेड उमाकांत गुप्ता व संकुल प्रभारी गोपेश दूबे ने बताया कि परीक्षा बेहतर ढंग से सम्पन्न कराया जा रहा है।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद संगठन विस्तार के लिए हुई बैठक, नए सदस्य हुए मनोनीत




**सिद्धार्थनगर-** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संगठन विस्तार के लिए एक बैठक विकास भवन के सभागार में सोमवार संपन्न हुई, जिसमें संगठन के नए सदस्य मनोनीत किये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि कर्मचारी एकजुट होकर ही अपनी समस्त मांगों को मनवा सकते हैं, कार्यक्रम में लेखपाल संघ जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता द्वारा नव मनोनीत सदस्यों को किसी भी हाल में संगठन के हितों से समझौता न करने की नसीहत दी गई, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन के मंत्री अभिनव ओझा द्वारा सभी नव मनोनीत सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा पूरे मनयोग से संगठन के कार्य हेतु प्रेरित किया, कार्यक्रम का संचालन परिषद के कोषाध्यक्ष महेश्वर पांडेय द्वारा किया गया, इस दौरान लोक निर्माण संघ अध्यक्ष ई. आशीष सिंह,सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष जगनारायण, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम मूरत, मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पांडेय ,विकास पांडेय सहित विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष, मंत्री एवं कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# सीएचसी खेसरहा पर नही है एक्स - रे प्लेट, अव्यवस्था देख बिफरे : एमएलसी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसरहा पर कई महीनों से एक्स- रे प्लेट नही है। एक्स - रे प्लेट के अभाव में आम जनता काफी परेशान है। इस बात की पोल तब खुली जब सोमवार को शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी अपने घुटने का एक्स रे करवाने खुद अस्पताल पहुंचे। एमएलसी ने बताया की उनके घुटने में दर्द था। उन्होंने इस बीमारी की जांच कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसरहा गए, वहां एक्स रे टेक्नीशियन द्वारा उनके घुटने का एक्स रे किया गया और बताया गया की अस्पताल पर एक्स - रे प्लेट नही है। मोबाइल में फोटो खींच लीजिए और इसे डाक्टर को दिखाइए जिससे इलाज हो सकें । अस्पताल पर घोर अव्यवस्था को देखकर शिक्षक विधायक काफी रोष प्रकट किया और इस समस्या की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने के साथ सदन में भी उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा की उनके द्वारा जनपद में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सदन में प्रश्न उठाया गया था जिसके क्रम में 14 मार्च को स्वास्थ्य राज्यमंत्री का जिला मुख्यालय पर आगमन हुआ था। इस मौके पर स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों की बैठक की थी, जिसमें स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा की गई थी। शिक्षक विधायक ने बताया की इस बैठक में सीएचसी खेसरहा के अधीक्षक द्वारा अस्पताल पर सभी सुविधाओं के चुस्त दुरुस्त होने की बात कही गई थी। बावजूद इसके एक दिन बाद ही अस्पताल पर एक्स रे प्लेट उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा की जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण सरकार द्वारा आम जन के लिए प्रदत्त स्वास्थ्य सुविधा का भरपूर लाभ लोगों को नही मिल पा रहा है जो की चिंता के साथ जांच का विषय है। उन्होंने खेसरहा अस्पताल पर बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की समस्या सदन में उठाने की बात कही है।

## एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का एक अन्तर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादिनी निवासी ग्राम पनियारी थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ द्वारा बुधवार को थाना देल्हूपुर क्षेत्रान्तर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम,विश्वनाथगंज में एटीएम का पिन सेट कराने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखे से एटीएम कार्ड बदल लेने की घटना की सूचना दी गई। बाद में वादिनी को जानकारी हुई कि उसके खाते से 34,880 रूपये की निकासी कर ली गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना देल्हूपुर पर मु0अ0सं0 34/2026 धारा 318(4) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।थाना प्रभारी देल्हूपुर राधेश्याम के नेतृत्व में थाना देल्हूपुर के उ0नि0 संदीप तिवारी व उ0नि0 वीरेंद्र कुमार मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना के संबंध में एक अन्तर्जनपदीय अभियुक्त सुरेन्द्र सरोज पुत्र शिवलाल सरोज निवासी ग्राम उगईपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 30 वर्ष को धोखाधड़ी के संबंधित 46 एटीएम कार्ड, कुल 24000 रुपए नगद, घटना में प्रयुक्त 01 लैपटॉप,01मोबाइल फोन, 02 मोटरसाइकिल के साथ थाना देल्हूपुर क्षेत्रान्तर्गत एनएसजी होटल के आगे पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

## कानपुर में अधिवक्ता चेंबर के बाहर पता नहीं क्यों फांसी पर लटक गया मुंशी, जांच शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** यहां एक वकील का मुंशी फांसी पर लटक गया । उसने आत्महत्या की इस घटना को कचहरी परिसर में अधिवक्ता के चैंबर के बाहर लगी रेलिंग के सहारे अंजाम दिया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है । पुलिस मामले की जांच में लगी है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक हरबंश मोहाल दानाखोरी निवासी 39 वर्षीय आदित्य विक्रम शर्मा अधिवक्ता मयंक गोयल के यहां 15 साल से मुंशी का काम कर रहे थे।

परिवार में बड़ा भाई राम विक्रम शर्मा, अभिजीत विक्रम व एक शादीशुदा बहन गीतांजलि है। वहीं दूसरी ओर मौके पर पहुंची पुलिस को भाई अभिजीत ने बताया कि रविवार शाम आदित्य कुछ देर में घर आने की बात कहकर निकले थे, इसके बाद वह घर नहीं आए। इसी के बाद आदित्य के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी मिली। उसे सबसे पहले फांसी पर लटके हुएएक चायवाले ने देखा था , जिसके बाद उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। परिजनों के मुताबिक आदित्य पिछले तीन दिनों से किसी बात को लेकर काफी परेशान थे, लेकिन यह वजह क्या थी । इस बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच की जा रही है।

## कानपुर में 13 साल बाद फिर शुरू होगा गोविंद नगर का पराग डेयरी प्लांट

- रोज चार लाख लीटर दूध की प्रोसेसिंग, पैक्ड मिल्क से पनीर-घी तक होगा उत्पादन

160 करोड़ से आधुनिक बना प्लांट, कानपुर मंडल के एक लाख किसानों को मिलेगा लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** गोविंद नगर स्थित पराग डेयरी का आधुनिकीकृत प्लांट करीब 13 वर्ष बाद फिर से संचालित होने जा रहा है। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को प्लांट का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि मदर डेयरी और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से अप्रैल माह में प्लांट को पुनः शुरू करने की तैयारी अंतिम चरण में है। प्लांट के संचालन से प्रतिदिन लगभग चार लाख लीटर दूध की प्रोसेसिंग होगी और कानपुर मंडल के करीब एक लाख दुग्ध उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 1962 में स्थापित पराग डेयरी प्लांट कानपुर ही नहीं बल्कि पूरे मंडल के प्रमुख और सबसे पुराने डेयरी प्लांटों में शामिल रहा है। वर्ष 2013 में विभिन्न कारणों से इसका संचालन बंद हो गया था। इसके बाद प्रदेश सरकार ने इसके आधुनिकीकरण का निर्णय लिया। इसी क्रम में नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की इकाई इंडियन डेयरी मशीनरी कॉरपोरेशन लिमिटेड, आनंद (गुजरात) के माध्यम से प्लांट का पुनर्विकास और उन्नयन कराया गया है। इस परियोजना की कुल लागत 160.64 करोड़ रुपये है और इसका वित्त पोषण राज्य योजना के अंतर्गत किया गया है। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित इस डेयरी प्लांट में दूध की प्रोसेसिंग के साथ विभिन्न दुग्ध उत्पादों का बड़े पैमाने पर उत्पादन और पैकिंग की व्यवस्था विकसित की गई है। प्लांट में प्रतिदिन लगभग 1.50 लाख लीटर पैक्ड मिल्क, 20 मीट्रिक टन मिल्क पाउडर, एक टन पनीर तथा आठ टन देसी घी के उत्पादन की क्षमता स्थापित की गई है। विभिन्न विलेज लेवल कलेक्शन सेंटरों से दूध संग्रहित कर यहां प्रोसेस किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक किसानों को अपने उत्पाद का बेहतर बाजार और समय पर भुगतान मिल सकेगा।

## कानपुर कमिश्नरेट में 40 अभियुक्त हिस्ट्रीशीट खोलने को चिन्हित, 19 आपराधिक गैंग का पंजीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा अपराधियों पर सख्ती बरतने और शहर में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने उद्देश्य से एक विशेष अभियान आयोजित किया गया। अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताड़ा के निर्देशन में आज दिनांक 15 मार्च 2026 को यह अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य फोकस नये अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने, आदतन अपराध करने वाले गैंगों का पंजीकरण करने तथा हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन पर रहा। सभी जोन के पुलिस उपायुक्त के पर्यवेक्षण में थानों पर तैनात उप निरीक्षकों द्वारा अपराधियों / हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया गया। इस प्रकार अपराधियों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखने और उन्हें काबू में करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पुलिस टीमों द्वारा अभियान के दौरान नये अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गयी व कई अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु चिन्हित कर विधिक कार्यवाही की गयी, नये आपराधिक गैंग को चिन्हित कर गैंग पंजीकरण हेतु चिन्हित कर कार्यवाही की गयी तथा पूर्व से मौजूद हिस्ट्रीशीटरों के निवास स्थानों पर जाकर उनका सत्यापन किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत- पूर्वी जोन में 7 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु चिन्हित कर विधिक कार्यवाही की गयी, 04 आपराधिक गैंग चिन्हित कर पंजीकरण की कार्यवाही की गयी तथा कुल 297 हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया गया। पश्चिम जोन में कुल 12 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु चिन्हित कर विधिक कार्यवाही की गयी, 3 आपराधिक गैंग चिन्हित कर पंजीकरण की कार्यवाही की गयी तथा कुल 341 हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया गया। दक्षिण जोन में कुल 14 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु चिन्हित कर विधिक कार्यवाही की गयी, 10 आपराधिक गैंग चिन्हित कर पंजीकरण की कार्यवाही की गयी तथा कुल 609 हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया गया। सेन्ट्रल जोन में 3 नये अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी, 7 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु चिन्हित कर विधिक कार्यवाही की गयी, 02 आपराधिक गैंग चिन्हित कर पंजीकरण की कार्यवाही की गयी तथा कुल 524 हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया गया।

इस अभियान में कानपुर पुलिस द्वारा कुल 03 नये अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी, 40 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु चिन्हित कर विधिक कार्यवाही की गयी, 19 आपराधिक गैंग चिन्हित कर पंजीकरण की कार्यवाही की तथा कुल 1771 हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया गया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि जिन हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध पूर्व में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, उन पर विशेष निगरानी रखी जाए और उनकी गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जाए। इसके साथ ही ऐसे अपराधियों को भी चिन्हित किया गया जो क्षेत्र में पुनः आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने की संभावना रखते हैं।

## सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश देता है होली मिलन समारोह - राम लखन

- क्षत्रिय समाज ने संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद प्रतापगढ़ की ओर से आयोजित होली मिलन एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास, सादगी और आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊंचाई प्रदान की। पूरे कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और संगठन को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष आरबी सिंह,पूर्व सहायक निदेशक, सूचना एवं एसएस सिंह,पूर्व स्टेशन मास्टर ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और सहयोग की भावना मजबूत होती है और समाज के विकास के लिए एक नई ऊर्जा प्राप्त होती है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएस एकेडमी फुलवारी, प्रतापगढ़ के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार सिंह ने उद्बोधन में कहा कि समाज की प्रगति शिक्षा, संगठन और आपसी सहयोग से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज के उत्थान के लिए आगे आएं और संगठन को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर अंजनी कुमार सिंह,रवि प्रताप सिंह,धनंजय सिंह,राकेश प्रताप सिंह (रोडवेज), एडवोकेट अनुज प्रताप सिंह, डॉ. संजय सिंह, डॉ.आरपी सिंह,महासचिव श्याम नारायण सिंह, नगर महामंत्री डीपी सिंह,पूर्व मैनेजर, ग्रामीण बैंक तथा जिला उपाध्यक्ष विनय सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को नई दिशा देने का आह्वान किया।संगठन के विशिष्ट सदस्यों में विनोद कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह,एपी सिंह(सभी पूर्व प्रबंधक ग्रामीण बैंक), एके सिंह,दिनकर सिंह, अधिवक्ता रवि सिंह, समशेर बहादुर सिंह,अधिवक्ता बाल गोविंद सिंह, डॉ.राजेश सिंह तथा राजवीर सिंह सहित जनपद के प्रतिष्ठित व्यवसायियों की उपस्थिति रही। सभी ने एक स्वर में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का सफल संचालन जिला संरक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने अत्यंत प्रभावी ढंग से किया। समारोह के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठजनों एवं स्वजनों को अध्यक्ष राम लखन सिंह द्वारा हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

## गरीबों की सेवा ही सच्ची देशभक्ति - इंद्रधर दुबे

- तरुण चेतना संस्थान ने एक सौ साठ गरीब परिवारों को बांटा राशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र के रमईपुर दिशिनी स्थित मुसहर बस्ती में अत्यंत गरीब परिवारों के बीच सोमवार को राशन वितरण कार्यक्रम जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से तरुण चेतना संस्थान द्वारा संचालित प्री-न्यूट्रिशन स्कूल के माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अत्यंत जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न सहायता प्रदान कर उनके जीवन में सहयोग करना रहा।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रमईपुर दिशिनी इंद्रधर दुबे ने कहा कि सच्ची देशभक्ति केवल शब्दों से नहीं बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने से मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों और संस्थाओं को आगे आकर गरीबों की मदद करनी चाहिए ताकि समाज में समानता और सहयोग की भावना मजबूत हो सके।समाजसेवी सत्यम दुबे ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि तरुण चेतना संस्थान और जीव दया फाउंडेशन गरीब, वंचित और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए जो सेवा कार्य कर रहे हैं, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में आपसी सहयोग, संवेदना और मानवता की भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग देने की बात कही।प्री-न्यूट्रिशन स्कूल के विषय में जानकारी देते हुए तरुण चेतना संस्थान के सह-निदेशक हकीम अंसारी ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से विभिन्न गरीब बस्तियों में जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नेवादा की जोगी बस्ती, ढिढुई की मुसहर बस्ती, कंजा की मुसहर बस्ती सहित चार स्थानों पर कुल मिलाकर लगभग 160 अत्यंत गरीब परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई है।कार्यक्रम का संचालन श्याम शंकर शुक्ला ने किया। इस अवसर पर कमलेश बनवासी, सावित्री देवी, अजय मिश्रा (हवलदार) सहित क्षेत्र के अन्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते लेखपाल रंगे हाथ गिरफ्तार

- भ्रष्टाचार निवारण टीम की कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के तालबेहट तहसील परिसर में सोमवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक राजस्व लेखपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने लेखपाल के साथ उसके एक सहयोगी को भी पकड़ा है। जानकारी के अनुसार तालबेहट क्षेत्र के ग्राम बिजरौठा निवासी जगन्नाथ साहू अपनी जमीन को आवासीय/व्यावसायिक उपयोग में परिवर्तन कराने के लिए धारा 80(1) की रिपोर्ट लगवाना चाहते थे। आरोप है कि इसके लिए राजस्व लेखपाल दीपेश कुमार सिंह द्वारा उनसे 5 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) झांसी से की। शिकायत के आधार पर टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया। सोमवार दोपहर करीब 12.20 बजे तहसील परिसर स्थित सरकारी आवास के बाहर जैसे ही लेखपाल ने शिकायतकर्ता से 5 हजार रुपये लिए, तभी पहले से घात लगाए बैठी टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान लेखपाल के साथ मौजूद उसके सहयोगी सत्यम साहू को भी टीम ने हिरासत में ले लिया। दोनों को पकड़ने के बाद टीम ने उन्हें तालबेहट थाने ले जाकर पूछताछ की। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम की तहरीर पर थाना तालबेहट में दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही थी। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। इस कार्रवाई से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राइजिंग प्रतापगढ़ सोसाइटी की प्रथम बैठक सम्पन्न

- आरपीएस से बदलेगी प्रतापगढ़ के विकास की तस्वीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राइजिंग प्रतापगढ़ सोसाइटी (आरपीएस) की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आरपीएस के अध्यक्ष शिव सहाय अवस्थी जिलाधिकारी ने बताया कि प्रतापगढ़ में रोजगार से लेकर व्यवसाय की बहुत ज्यादा सम्भावनायें है, प्रतापगढ़ जनपद

लखनऊ-वाराणसी-अयोध्या-प्रयागराज के मध्य बसा हुआ है। यहां पर रेलवे लाइन, गंगा एक्सप्रेस वे से लेकर कई महत्वपूर्ण हाइवे प्रतापगढ़ से होकर गुजरते हैं। आंवला, आम और कृषि उत्पादों में लोग जुड़े हुये हैं,इसके बावजूद अभी तक प्रतापगढ़ का समुचित विकास नहीं हो पाया है।

विकसित प्रतापगढ़ की संकल्पना को पूरा करने के लिये आरपीएस का गठन किया गया है।आरपीएस का मूल उद्देश्य रिकनेक्ट, रिफार्म, रिबिल्ट है। प्रतापगढ़ को लेकर जो नकारात्मक छवि बनी हुई है उसको खत्म करना है।आरपीएस के बैनर तले 4 अलग अलग क्षेत्रों में प्रारम्भिक कार्य शुरू हो गया है। प्रतापगढ़ में भारी निवेश लाने के लिये मई माह में दो दिवसीय कान्क्लेव प्रस्तावित है। जनपद में 5 औद्योगिक एरिया और स्टेट है जो हमें अन्य जनपदों की तुलना में हमें उनसे आगे खड़ा करते है।राइजिंग प्रतापगढ़ सोसाइटी (आरपीएस) की रविवार को प्रेसवार्ता में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ में विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को इस मंच से जोड़ा गया है।इनमें शिक्षा, उद्यमी, व्यापारी, युवा सहित कई क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राइजिंग प्रतापगढ़ सोसाइटी के चार प्रमुख उद्देश्य हैं। पहला प्रतापगढ़ की सकारात्मक और बेहतर छवि बनाना। दूसरा जिले में मौजूद अवसरों की जानकारी लोगों तक पहुंचाना ताकि वे आगे बढ़ सकें। तीसरा, प्रतापगढ़ के वे लोग जो बाहर रहकर विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी पहचान बना चुके हैं, उन्हें जिले से जोड़ना और उनके अनुभव व सहयोग से प्रतापगढ़ के समग्र विकास में योगदान सुनिश्चित करना।चौथा उद्देश्य यह है कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं में जनभागीदारी को बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सोसाइटी जनपद के समग्र विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगी। प्रदेश में प्रतापगढ़ जनपद के साथ यह पहला प्रयोग है।

इससे पहले बैठक में आरपीएस के संरक्षक राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य ने बैठक में उद्घोषणा कि वह अपनी निधि से जनपद में पहला सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण करवायेगें, इसके साथ ही उन्होंने बैठक में बताया कि मई माह में होने वाले कॉन्क्लेव के लिये केन्द्र और प्रदेश सरकार के जनप्रतिनिधि और उच्च अधिकारी को भी आमंत्रित किया जायेगा। राज्यसभा सदस्य ने समिति के पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया कि प्रतापगढ़ के समुचित विकास के लिये कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। केन्द्र की योजनाओं से लेकर उद्यमियों और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिये सरकार की सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि आरपीएस निश्चित रूप से एक सकारात्मक पहल है, इससे जनपद की छवि बदलेगी और निवेश आयेगा।सांसद प्रतिनिधि बीएल वर्मा ने भी राइजिंग प्रतापगढ़ के लिये अपने विचार रखे। आरपीएस के सचिव अंकुर केसरवानी ने बताया कि आरपीएस का मूल उद्देश्य जनपद की छवि को बदलना है, लाजिस्टक पार्क, हास्पिटैलिटी जैसे बहु आयामी विकल्पों को सबके समक्ष रखना है। जनपद के बहुत सारे लोग देश, प्रदेश और विदेश में रहते है वह अपने जनपद को बदलता हुआ देखना चाहते है इसी दिशा में आरपीएस काम करेगा। पीपीटी के माध्यम से उन्होने आरपीएस की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, डीसी मनरेगा/प्रभारी जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह, आरपीएस के कोषाधिकारी राहुल खण्डलेवाल, एडमिनिस्ट्रेटिव अफेयर्स हेड साहिदा खान, एडमिनिस्ट्रेटिव अफेयर्स सचिव बृजभानु सिंह, संयुक्त सचिव अनुभा पाण्डेय, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर उत्कृष्ट पाण्डेय व आदित्य शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत : विधायक विनय वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** बढ़नी ब्लाक के परसा में स्थित बीआरसी पर सोमवार को ग्रामप्रधान/स्थानीय प्राधिकारी-निकाय सदस्य व प्रधानाध्यापक का ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण समारोह का आयोजन किया गया।यह संगोष्ठी में डीबीटी के अन्तर्गत अभिभावक के खाते में भेजे गए 1200 रुपए का उपयोग,प्रेरणा पोर्टल,आपरेशन कायाकल्प एवं निपुण भारत मिशन पर विशेष चर्चा किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि ग्राम प्रधान व अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अभिभावकों को एसएमसी,आउट आफ स्कूल बच्चों,दिव्यांग बालक एवं बालिका शिक्षा आदि विषयों पर जनसमुदाय को जागरूक एवं प्रेरित करने का प्रयास करना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा के उत्थान व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। डीबीटी के तहत अभिभावकों के खाते में 1200 रुपए बच्चों के ड्रेस,स्वेटर,जूता-मोजा,बैग व स्टेनरी खरीदने के लिए भेजा गया है।उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के तहत परिषदीय विद्यालयों का मरम्मत व सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है।इसी प्रकार निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए विद्यालयों में सहायक सामग्रियों को उपलब्ध करवाया गया है।कंपोजिट विद्यालय बढ़नी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय हलौरा की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नृत्य प्रस्तुत किया।

इस दौरान बीईओ अरुण कुमार,प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, प्रधान यशोदानंदन मिश्र,मुख्तार अहमद, डा.आशुतोष सिंह, निसार अहमद, राहुल पाण्डेय, महेंद्र मिश्र, हरिनारायण शुक्ल, ध्रुव कुमार आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 की घोषणा: हिंदी की ममता कालिया और राजस्थानी के जितेन्द्र कुमार सोनी सम्मानित



देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य अकादमी ने वर्ष 2025 के साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भारतीय भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्यकारों को उनकी उल्लेखनीय कृतियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। हिंदी भाषा के लिए वरिष्ठ साहित्यकार ममता कालिया को उनकी चर्चित संस्मरणात्मक कृति 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 प्रदान किया जाएगा, जबकि राजस्थानी भाषा में लेखक जितेन्द्र कुमार सोनी को उनके कहानी संग्रह 'भरखमा' के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया जाएगा। साहित्य अकादमी द्वारा घोषित इन पुरस्कारों में देश की 24 भारतीय भाषाओं के रचनाकार शामिल हैं, जिनकी कृतियों में कविता, कहानी, उपन्यास, संस्मरण और आलोचना जैसी विधाएँ सम्मिलित हैं। इस अवसर पर दैनिक निर्माण के संपादक जसराज बिश्नोई ने सभी सम्मानित साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि साहित्य अकादमी पुरस्कार भारतीय भाषाओं की समृद्ध परंपरा और रचनात्मक शक्ति का प्रतीक है यह सम्मान नई पीढ़ी के साहित्यकारों को सृजन के लिए प्रेरित करता है। दैनिक निर्माण परिवार की ओर से सभी विजेता साहित्यकारों को हार्दिक शुभकामनाएँ। यह सम्मान केवल रचनाकारों की उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं की जीवंत साहित्यिक परंपरा है।

### दिनदहाड़े शिक्षिकाओं के साथ छिनैती का हुआ प्रयास, दहशत का माहौल

**लालगंज तथा लीलापुर थाना क्षेत्र में घटित घटनाओं की पड़ताल में जुटी पुलिस**



**लालगंज, प्रतापगढ़।** दो थाना क्षेत्रों में शिक्षिकाओं के साथ दिनदहाड़े छिनैती के प्रयास की घटनाओं को लेकर सोमवार को दहशत का माहौल बन गया। पहली घटना लालगंज कोतवाली के गौतमपुर गांव के समीप हुई। राजकीय बालिका इण्टर कालेज में शिक्षिका डा. शालिनी बाला सिंह सुबह साढ़े नौ बजे स्कूल के लिए स्कूटी से जा रही थीं। इसी बीच बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश शिक्षिका के सोने की कान की बाली तथा सोने की चेन छीनने का प्रयास करने लगे। शिक्षिका ने साहसिक ढंग से बाली तथा चेन गेहूं के खेत में फेंक दी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने घण्टों खोजबीन के बाद चेन को बरामद कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर लालगंज सीओ आशुतोष मिश्रा भी मौके पर पहुंच गये। पीड़िता शिक्षिका ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर बदमाशों को जेल भेजा जायेगा। दूसरी घटना सोमवार को ही लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरनपुर खजूर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के अन्दर घटित हुई है।चौंकाने वाली घटना में बदमाश सुबह करीब ग्यारह बजे स्कूल के अंदर कक्ष में घुस गये। बदमाशों ने कक्ष में शिक्षिका माया सिंह पर तमंचा सटा दिया। बदमाशों ने शिक्षिका की चेन को छीनने लगे तब उसने शोर मचा दिया। आधी चेन बदमाश लेकर भाग निकले। विद्यालय के अन्दर बदमाशों का दुस्साहस देखकर ग्रामीण भी अचम्भित हो उठे। शिक्षिका ने घटना के बाबत लीलापुर थाने में तहरीर दी है। सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा का कहना है केस दर्ज कर बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक ही दिन में दिनदहाड़े हुई वारदातों से दहशत का माहौल बना देखा गया।

## बलिया में किराना दुकान में भीषण आग, दम घुटने से मां-बेटे की मौत: पत्नी-बेटे को बचाने में जुटा पति छत से कूदा, पैर फ्रैक्चर; 5 घंटे बाद बुझी आग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया:** बलिया के गड़वार थाना क्षेत्र के चिलकहर गांव में रविवार देर रात एक किराना दुकान में भीषण आग लगने से दर्दनाक हादसा हो गया। आग लगने से पूरे मकान में धुआं भर गया, जिससे दम घुटने से मां और उसके 4 साल के बेटे की मौत हो गई। वहीं, जान बचाने के लिए पति पहली मंजिल से कूद गया, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों ने करीब 4-5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार चिलकहर निवासी नीरज चौरसिया (32) ने करीब 5 साल पहले चिलकहर-मटिहीं रोड पर मकान बनवाया था। मकान के आगे दो दुकानें थीं, जिनमें किराने का सामान रखा जाता था, जबकि पीछे के हिस्से में परिवार रहता था। घर में नीरज की पत्नी रिंकी (27), 4 साल का बेटा धीरज, छोटा भाई दीपक और दुकान में काम करने वाला नौकर राजू गुप्ता रहते थे।


बताया जा रहा है कि रविवार रात खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए थे। देर रात अचानक दुकान में आग लग गई और देखते-ही-देखते पूरे घर में धुआं भर गया। घुटन महसूस होने पर नीरज की नींद खुली। वह नीचे आग बुझाने गया, लेकिन आग काफी तेज हो चुकी थी। इसके बाद वह ऊपर पहुंचा और परिवार को बाहर निकालने की कोशिश करने लगा, लेकिन बाहर का दरवाजा नहीं खुल सका।

**आखिरी फोन कॉल में बोली- 'भइया बचा लीजिए'** आग लगने के बाद रिंकी ने पास में कपड़े की दुकान चलाने वाले पिंटू सिंह को फोन किया और घबराते हुए कहा- 'भइया, घर में आग लग गई है, बचा लीजिए... नहीं तो हम मर जाएंगे।' सूचना मिलने के बाद पिंटू सिंह और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग और धुआं काफी फैल चुका था।

**पति ने छत से कूदकर बचाई जान** पड़ोसियों के मुताबिक, नीरज किसी तरह पहली मंजिल से कूदकर बाहर आ गया, जिससे उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। इसके बाद लोगों ने मेन गेट का ताला तोड़ा और आग बुझाने की कोशिश की। नीरज भी अंदर घुसा और पत्नी व बेटे को बाहर निकालकर दरवाजे तक ले आया। लोगों ने दोनों को अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक मां-बेटे की मौत हो चुकी थी।

**दो दिन पहले हुआ था बेटे का मुंडन** स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक बच्चे धीरज का दो दिन पहले ही मुंडन संस्कार हुआ था। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

**परिजनों ने लगाया गंभीर आरोप**



मृतका रिंकी के पिता पुरुषोत्तम चौरसिया ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि परिवार में मकान को लेकर विवाद चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुर ने बाहर से गेट में ताला लगाकर मकान में आग लगा दी, जिसके कारण उनकी बेटी और नाती की मौत हुई।

**पुलिस कर रही जांच** एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि सोमवार तड़के करीब 3:30 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना में दम घुटने से महिला और 4 साल के बच्चे की मौत हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## नमाज का वक्त मुकर्रर गिराई मे 8.30 व फूलबाग मे सुबह 8.00 बजे होगी ईद की नमाज

**गोपीगंज।** ईद का पर्व मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है, नगर के गिराई व फूलबाग स्थित ईदगाह के साथ ग्रामीण क्षेत्र मे स्थित ईदगाह व मस्जिदो मे नमाज अदा की जाएगी। गिराई स्थित ईदगाह मे सुबह 8.30 तथा फूलबाग मे 8.00 बजे होगीद्य जामा मस्जिद गोपीगंज के पेश इमाम मौलाना अनिशुल कादरी ने यह जानकारी दी। बताया कि जामा मस्जिद गोपीगंज मे चुड़िहारी मोहाल और जामा मस्जिद के मानिंद लोगो की बैठक हुई, जिसमे यह तय किया गया,की गिराई जीटी रोड वाले ईदगाह में ईदुल फित्र की नमाज़ 8:30 बजे सुबह होगी,और पूरे गुलाब वाले ईदगाह में ईद की नमाज़ 8.00 बजे सुबह होगी। बैठक मे हाफिज अनीसुल क़ादरी, पेश इमाम जामा मस्ज़िद, हाफिज गुलाम मुर्तुजा इमाम मदीना मस्जिद,नई बस्ती,मौलाना मोहम्मद अवैस इमाम शाही मस्जिद मौलाना शुजाअत अली भगवतपुर, हाफिज मोहम्मद इरफ़ान आदि रहे। ग्रामीण क्षेत्र लालानगर, चकसहाब, गांधी स्थित ईदगाह के साथ बरजी, अमवा, गहरपुर, खानापुर मे अलग अलग समय पर नमाज पढ़ी जाएगी।

## गैस किल्लत, कीमतों पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**● कलेक्ट्रेट पर सरकार विरोधी नारेबाजी, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर-** सोमवार को रसोई गैस की भारी किल्लत और आसमान छूती कीमतों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार विरोधी नारेबाजी की और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस नेता राजेश तिवारी ने केंद्र सरकार की विदेश नीति और प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पहले रूस और ईरान से सस्ते दामों पर और भारतीय मुद्रा (रुपये) में गैस खरीदता था, लेकिन मौजूदा सरकार ने इन देशों से संबंध खराब कर लिए हैं।

तिवारी ने कहा कि आज भारत अमेरिका से आठ गुना अधिक दाम पर गैस खरीद रहा है, जिसे भारत पहुंचने में 45 दिन लगते हैं। जबकि ईरान से गैस केवल सात दिन में आ जाती थी। राजेश तिवारी ने इसे प्रधानमंत्री



की विदेश नीति की बड़ी विफलता बताया। उन्होंने राहुल गांधी के बयान 'नरेंद्र सरेंडर' का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी दबाव में आकर अपने पुराने मित्र देशों का साथ छोड़ दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के पुराने बयानों का हवाला देते हुए उन पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। तिवारी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने अपना नाम बचाने के लिए देश की ऊर्जा सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। आज गरीब के घर में चूल्हा नहीं जल रहा क्योंकि सिलेंडर गायब हैं और जो हैं वो इतने महंगे हैं कि आम आदमी की पहुंच से बाहर हैं।' इस प्रदर्शन में राहुल तिवारी, रंजीत सिंह सलूजा, सलाउद्दीन हाश्मी, शरद श्रीवास्तव सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षित व्यक्ति उपभोक्ताओ को उनके अधिकारो के प्रति करें जागरूक- कलेक्टर

**● सही चीजें, सही दाम पर अंतिम छोर तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शहडोल।** विष्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम- कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में विष्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि समाज के हर शिक्षित व्यक्ति का दायित्व है कि वह स्वयं जागरूक रहकर दूसरो को भी उपभोक्ता से संबंधित जानकारियां देकर उनके अधिकारो एवं कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक करें। हम सब किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है हमें हर वस्तु जांच परख कर खरीदनी और उपयोग करनी चाहिए। सही गुणवत्ता की चींजे सही दाम पर समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने का दायित्व भी हम सबका है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओ को खाद्य सामग्री खरीदेते समय सामग्री की गुणवत्ता और उस सामग्री की अंतिम तिथि अवष्य देंखना चाहिए, मध्यप्रदेष शासन द्वारा उपभोक्ताओ के लिए नापतौल, खाद्य आपूर्ति जैसी अन्य सभी व्यवस्था सुनिष्चित की गई है।

कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं एवं सोषल मीडिया जैसे अन्य माध्यमो में प्रसारित की गई भ्रामक जानकारियो से दूर रहें एवं आमजन को तथ्यात्मक जानकारी ही साझा की जाएं। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल ने कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि जब भी आपको खरीददारी करने जाना हो पहले से योजना बना कर जाएँ। जिन वस्तुओं को खरीदना है. उसकी एक सूची बना लें। इससे आप जरूरी सामान नहीं भूलेंगे और बिना जरूरत के सामानों की खरीददारी करने से बच सकेंगे, जिन पैकेट बन्द उत्पादों को आप खरीद रहे हैं उसके उपभोग की अंतिम तिथि की जाँच अवश्य करें। कहीं ऐसा तो नहीं कि आप पुराने और खराब वस्तुओं की खरीद करने जा रहे हैं, इसके अलावा, पैकेट पर अंकित अन्य सूचनाओं जैसे, कौन सी कंपनी ने उत्पाद को बनाया है उसका पता पैकेट पर अंकित होना चाहिए साथ ही वस्तु की मात्रा तथा बनाए जाने या पैक किए जाने की तिथि एवं बैच नं. लाट नं. अधिकतम खुदरा मूल्य आदि की जाँच अवश्य कर लेनी चाहिए। ऐसा करके आप नकली उत्पादों की खरीददारी से अपने को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर खुला सामान खरीदते हैं तो उस सामान की गुणवत्ता के बारे में अच्छी तरह से पूछताछ करके ही खरीदें तथा उपयोग करने पर आपको उसमें किसी प्रकार की खराबी या मिलावट का अनुभव होता है तो तुरंत दुकानदार को वापस करें तथा उसे दुबारा ऐसा सामान न बेचने की हिदायत दें।

कार्यक्रम को समाजसेवी श्री बीपी तिवारी ने सम्बोंधित करते हुए कहा कि वस्तुओं की खरीददारी करने के बाद दुकानदार से रसीद कैशमेमों की माँग अवश्य करें। अगर दुकानदार रसीद देने में आनाकानी करता है तो उस दुकान से अगली बार सामान न खरीदें। उत्पादों के पैकेटों पर छपे गुणवत्ता युक्त चिह्नों जैसे, आईएसआई, एगमार्क, एफपीओ आदि का चिह्न देखकर खरीददारी करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार खाद्य सामाग्री में मिलावटी विक्रय करता है तो इसकी शिकायत खाद्य एवं औषधि प्रशासन को की जाए। कार्यक्रम में अन्य सदस्यो ने भी अपने-अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल, अर्थो सर्जन डॉ. अरविंद अम्बेडकर, वरिष्ठ सर्जन डॉ. बीपी पटेल, डॉ. ओमप्रकाष चौधरी,राकेष कुमार, महेष सोनी, राहुल मिश्रा, नेपाल सिंह, श्री अषोक दुबे को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जन परिषद चौप्टर के संभागीय अध्यक्ष श्री शुभदीप खरे, महिला अध्यक्ष श्रीमती सुरसरि मिश्रा, श्री विष्णु प्रताप सिंह, जिला चिकित्सालय के डॉक्टर्स, पत्रकार सहित उपभोक्ता सरंक्षण के सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## आजाद समाज पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस और मान्यवर कांशीराम की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जयसिंहनगर (शहडोल):** जनपद पंचायत जयसिंहनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुबरा में रविवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का छठा स्थापना दिवस और बहुजन समाज के जननायक मान्यवर कांशीराम साहब की 92वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम जयसिंहनगर ब्लॉक के मौहारटोला स्थित 'डॉ. भीमराव अंबेडकर ऑनलाइन सीएससी सेंटर' में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार ने की।

**महापुरुषों के विचारों पर चलने का संकल्प**

कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब ने बहुजन समाज को सत्ता की दहलीज तक पहुँचाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आज पार्टी के स्थापना दिवस पर हम सभी को उनके संघर्षों से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम




व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने का संकल्प लेना चाहिए।

**कार्यकर्ता रहे उपस्थित**

समारोह में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने कांशीराम साहब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

» इस अवसर पर मुख्य रूप से निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहेः

» गोलू बौद्ध (ब्लॉक संयोजक, जयसिंहनगर)




» बाबू भाई बौद्ध (ब्लॉक सचिव) पत्रकार दिनेश चौधरी

अन्य गणमान्यः पूरन अहिरवार, मिथलेश रैदास, रामटहल अहिरवार, रामसिया अहिरवार, रामसेवक रविदास, सुनील अहिरवार, मनोज अहिरवार, रविकांत अहिरवार, सपना रविदास एवं सागर रविदास। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मजबूती और सामाजिक परिवर्तन के लिए एकजुट होकर कार्य करने की शपथ ली।

## रोजा रखना मजहबे इस्लाम का तीसरा फर्ज है:-हाजी मौलाना नफीसुल हक मजाहिरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** रमजानुल मुबारक का महीना अपनी खुसीसियात फजायल व बराकात की वजह से इम्तियाजी शान रखता है। जबकि रमजानुल मुबारक का महीना रूहानी तरक्की के लिए ऐसा है जैसा कि सावन का महीना हरियाली के वास्ते। रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया है कि जब रमजानुल मुबारक का महीना आता है तो जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और दोजख के दरवाजे बंद कर दिये जाते हैं।शरकश शयातीन को कैद बंद में डाल दिया जाता है।इसी मुबारक महीने में कुरान पाक नाजिल किया गया जिसकी हिदायत के बदौलत इंसानी जिंदगी में ईमान और यकीन की रौशनी आई।यह बातें मदरसा इस्लामिया कन्जुल उलूम जहांगीराबाद के हेडमास्टर हाजी मौलाना नफीसुल हक मजाहिरी ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहीं। उन्होंने कहा रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने रोज़ा की फजीलत व अहमियत बयान करते हुए इरशाद फरमाया कि आदमी के हर अच्छे



अमल का सवाब रोजा के नतीजा में सात सौ गुने तक बढ़ा दिया जाता है।रोजदार के लिए दो तरह की खुशियां हैं एक इफ्तार के वक्त की खुशी दूसरी जब वह अपने मालिक व मौला के हुजूर में बारयावी का सर्फ हासिल करेगा।

रोजगार के मुंह की बू अल्लाह त आला के नजदीक मुश्क की खुशबू से प्यारी और बेहतर है।रोजा दुनिया में नफस और शैतान के सख्त हमलों से बचाव के लिए और आखिरत में जहन्नम की हौलनाकियों से हिफाजत के लिए एक मजबूत ढाल है। रमजानुल मुबारक के रोज़े रखना मजहबे इस्लाम का तीसरा फर्ज है।जो शख्स इसके फर्ज होने का इंकार करे वह मुसलमान नहीं रहता और जो इस फर्ज को अदा न करे वह शख्स गुनहगार है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वच्छता को लेकर निकाली गयी जन जागरूकता रैली

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अझारा स्थित भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की दोनों इकाईयों द्वारा सामाजिक गतिविधियों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। क्षेत्र के खजुरी एवं भेभौरा गांव में लगे शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा साफ सफाई, जन जागरूकता रैली, डिजिटल साक्षरता अभियान, सड़क दुर्घटना से बचाव को लेकर जागरूकता जैसे कार्यक्रमों की ग्रामीणों में सराहना भी हुई देखी गयी। महाविद्यालय के संस्थापक रमेशचन्द्र मिश्र, गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा व सीमा मिश्रा द्वारा छात्रों में सामाजिक चेतना व राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत बनाने के लिए शिविर के संचालन को उपयोगी करार दिया। प्राचार्य पूनम त्रिपाठी एवं जिला नोडल अधिकारी डा. फणीन्द्रनारायण मिश्र, प्रबन्धक सुनीता मिश्रा व संरक्षक प्रकाशचन्द्र मिश्र ने छात्र छात्राओं के द्वारा संचालित गतिविधियों को सामाजिक प्रेरणा करार दिया। इस मौके पर डा. अरविन्द शर्मा, रामकृष्ण शुक्ल, दयाशंकर मिश्र, तीर्थराज शुक्ल, शुभम् श्रीवास्तव, दीपक मिश्र, प्रदीप तिवारी आदि रहे।

## हमें अपने आपको बदलने का बेहतरीन महीना रमज़ान है


**● रोज़ा सिर्फ़ फ़ाक़ा करने का नहीं बल्कि दूसरों के दर्द को समझने का नाम रोज़ा है है:- फुरकान मियां सज्जादा नशीन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खैराबाद सीतापुर** रमज़ान उल मुबारक का महीना धीरे धीरे समापन की ओर है इसके आने की बेपनाह खुशी होती है लेकिन इसके जाने पर बहुत तकलीफ़ और अफ़सोस भी होता है लेकिन अल्लाह ताला के बनाए हुए नियमों के अनुसार ही संसार में सब कुछ होता है और जो भी वो करता है अच्छा ही करता है लेकिन मनुष्य को जिसमें फायदा दिखाई देता है उसे ही अच्छा समझता है लेकिन क़ुदरत की बात समझ नहीं पाता और उसका क्या मकसद है यह समझने की कोशिश भी नहीं करता है।

उक्त उदगार स्थानीय दरगाह हज़रत हाफ़िज़ असलम मियां साहब अलैहिररहमा के सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद फुरकान मियां हाशमी ने दरगाह में उपस्थित लोगों के सम्मुख व्यक्त करते हुए कहा कि रमज़ान शरीफ़ का बरकतों वाला महीना जैसे ही आता है घरों में खुशियां हो जाती हैं क्योंकि इस माह में इंसान को अपने बदलने का बेहतरीन मौक़ा मिलता है और रोज़ा रखने से उसको इसका एहसास भी होता है कि वो ग़रीब और परेशान लोग जो पैसा और रोज़गार न होने से भूखे रहते हैं तो इससे हमे उनकी भूख की तकलीफ़ का पता चल जाता है दूसरे इस महीने में एक नेक काम यानी पुण्य का काम करने से सत्तर नेकियों का लाभ अल्लाह ताला हमें देता है,इसी माह में क़ुरआन नाज़िल हुआ यानी रूए जमीन पर उतारा गया, इसी माह में अल्लाह ने तमाम खुशियों को हम सबके लिए भेजा जिनकी हमें ज़रूरत होती है। श्री हाशमी ने बताया कि इस महीने को तीन हिस्सों में बांट दिया गया है रहमत,बरकत और नजात यह आखिरी अशरा नजात का है

जहन्नुम यानी नरक से बचने का इस लिए खूब तौबा करके अच्छे काम करके अल्लाह से दुआ मांगें,अच्छे काम करने से गरीबों, अनाथों, असहायों के साथ मदद करने से उनके कारोबार व्यवसाय में बरकत होती है अल्लाह की मदद उनके साथ होती है।इन आख़िरी दस दिनों में लैलतुल क़दर यानी पांच रातें बताई गई हैं जिनमें रात भर जाग कर अल्लाह की इबादत करनी चाहिए अपने गुनाहों की तौबा भी करनी चाहिए और अल्लाह की मदद मांगनी चाहिए, रमज़ान का चांद निकलते ही अल्लाह ताला जहन्नुम के दरवाज़े बन्द कर देता है और जन्नत के दरवाज़े खोल देता है शैतान को क़ैद कर दिया जाता है लेकिन अफ़सोस कि आज हम सब दीन से इतना दूर होते जा रहे हैं कि इस मुबारक माह में भी न नमाज़ की पाबन्दी करते न रोज़ा रखते झूठ बोलना दूसरों की बुराई करना अपना फ़ैशन समझते हैं जो जकात अदा करने वाले हैं वो भी बड़ी तादाद में सही तरीक़े से अदा नहीं करते है यानी ज़क़ात का जो तरीक़ा है उसके अनुसार अदा नहीं करते, याद रखिए कि रोज़ा खाना पानी छोड़ने का नाम नहीं है यह आंख,कान, जुबान, हाथ, पैर सभी का होता है यानी आंख से ग़लत न देखें कान से न सुने जुबान से ग़लत न बोलें न गलत कहें हाथों से ग़लत काम न करें और पैरों से ग़लत जगह न जाएं




दूसरों यानी ग़रीब परेशान को पहले खिलाएं तब खुद खाएं इसका नाम रोज़ा है ग़लत तरीके से कमाई हुई धन दौलत से दूर रहें अपनी हलाल और मेहनत की कमाई हुई दौलत से खाएं इसका नाम रोज़ा है क़ुरआन की तिलावत, करें दुरूद शरीफ़ और तौबा खूब खूब पढ़ें अपने मां बाप का आदर सम्मान करें पड़ोसियों से प्यार मोहब्बत हमदर्दी करें अपने मुल्क के वफादार बन कर रहें मुल्क की सलामती और उसकी तरक़्क़ी के लिए दुआ करते रहें।

सदका ए फितर ईद की नमाज़ से पहले अदा कर दें सदका ए फितर घर के सभी लोगों की तरफ से देना अनिवार्य है भले ही ईद के दिन ही किसी बच्चे का जन्म हुआ हो उसका भी अदा किया जाएगा। अन्त में मुल्क और मिल्लत के लिए दुआ भी की इस अवसर पर क़स्बे के काफ़ी लोग मौजूद थे मुख्य रूप से सैय्यद सलमी मियां नवेद असलम हाशमी, सैय्यद फरजान मियां हाशमी, सैय्यद फरहान मियां हाशमी, सैय्यद फरमान मियां हाशमी,कारी इस्लाम अहमद आरफी, इमरान सिद्दीकी, सलीम खान, अवसाफ अहमद,हाफ़िज़ आकिब, हाफ़िज़ आरिफ़ आदि।

## हालियापुर टीम ने जीता राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता

**● मिल्कीपुर के कुचेरा बाजार में आयोजित की गई थी डे नाइट पंडित हरनाथ तिवारी स्मारक वाली बाल प्रतियोगिता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर ब्लॉक क्षेत्र स्थित कुचेरा बाजार में पूर्व विधायक पंडित हरिनाथ तिवारी की स्मृति में राज्य स्तरीय डे-नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अयोध्या महापौर महंत गिरीश त्रिपाठी ने किया। प्रतियोगिता में बाराबंकी, आजमगढ़, रायबरेली, अयोध्या, गोरखपुर और गणेश सिंह महाविद्यालय सहित कुल छह टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रममें मौजूद अयोध्या के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने पूर्व विधायक स्वर्गीय पंडित हरिनाथ तिवारी और डॉ. परमेश्वर नाथ तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करते हैं, साथ ही प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर सकारात्मक दिशा में बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला डोगरा रेजीमेंट और कुचेरा बाजार टीम



के बीच खेला गया, जिसमें डोगरा रेजीमेंट ने कुचेरा बाजार को 21-15 से हराकर शानदार शुरुआत की। देर रात तक चले मुकाबलों में पहला सेमीफाइनल आजमगढ़ और बाराबंकी के बीच हुआ। तीन सेटों तक चले इस रोमांचक मैच में आजमगढ़ ने पहला सेट 32-30 से जीता, लेकिन टिकरा बाराबंकी ने पलटवार करते हुए दूसरा सेट जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एसएसबी हलियापुर और गणेश सिंह महाविद्यालय के बीच खेला गया। एसएसबी हलियापुर ने पहले सेट में गणेश सिंह महाविद्यालय को 25-17 से और दूसरे सेट में 25-15 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। देर रात लगभग 1:30 बजे टिकरा बाराबंकी और एसएसबी हलियापुर के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबले के पहले सेट में एसएसबी हलियापुर ने टिकरा बाराबंकी को 28-26 से हराया, जबकि दूसरे सेट में एसएसबी हलियापुर ने



25-18 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता और उपविजेता टीमों के कप्तानों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंतर्राष्ट्रीय रेफरी उपेंद्र प्रताप सिंह, राष्ट्रीय रेफरी राम शिरोमणि सिंह, अंकित प्रताप सिंह, अनूप कुमार और पंकज द्विवेदी शामिल रहे।कॉमेंटेटर के रूप में मोहम्मद हुसैन, स्कोरर की भूमिका में अखंड, विवेक गुप्ता, लाइनमैन की भूमिका में सोनू, मंसाराम, सौरभ यादव, अनमोल यादव रहे। वॉलीबॉल टूर्नामेंट के आयोजक विनय कुमार तिवारी ने प्रतिभागी टीमों एवं मौजूद अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि यह टूर्नामेंट पिछले 45 सालों से अनवरत चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा। इस अवसर पर मोहम्मद वसीम खान, अनिल दुबे, उदयराज यादव, शिवकुमार पांडे, डॉ विजय तिवारी सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।